

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- घुसपैठियों को बचा रहीं ममता - 12



शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी सेंसेक्स 753 अंक उछला - 12



कांग्रेस ने बिरला को दिया प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस - 13





लखनऊ सुपर जॉयंट्स के टॉप आर्डर को जोफ्रा आर्चर से रहना होगा सावधान - 14

आज का मौसम

34.0° अधिकतम तापमान

22.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.37

सूर्यास्त 06.41


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष षष्ठी 10:49 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 22 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 56, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## जब मानवता की हदें पार कर दी जाती हैं तो जवाब निर्णायक होता है : सेना

- बरसी से एक दिन पहले भारतीय सेना की आतंकियों को चेतावनी

**पहलगाम अटैक की पहली बरसी आज**

नई दिल्ली, एजेंसी

पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी की पूर्व संध्या पर भारतीय सेना ने मंगलवार को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने का अपना संकल्प दोहराया और कहा, जब इंसानियत की हदें पार की जाती हैं, तो जवाब निर्णायक होता है। पिछले साल 22 अप्रैल को, आतंकवादियों ने दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों को मार डाला था, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। भारत ने इसके जवाब में 7 मई को एक सैन्य अभियान शुरू किया और पाकिस्तान तथा उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कई आतंकी ढांचों को तबाह कर दिया।





पहलगाम में टूरिस्ट स्थल पर मोटरबोट से गस्त करते सुरक्षाकर्मी।

सेना ने एक्स पर कहा, भारत एकजुट है। इस पोस्ट में एक पोस्टर भी साझा किया गया जिसमें भारत के मानचित्र की छायांकित तस्वीर के साथ कैप्शन है- 'सम बाउंड्रीज शुड नेवर बी क्रॉस्ड' (कुछ हदें कभी पार नहीं की जानी चाहिए)। इसमें अंग्रेजी शब्द 'क्रॉस्ड' का 'ओ' अक्षर सिंदूर की एक कटोरी की तरह चित्रित किया गया है और नीचे सुर्ख लाल रंग में लिखा है इंडिया डज नॉट फॉरगेट (भारत भूलता नहीं है)। भारत ने पहलगाम हमले के बाद गत वर्ष सात-आठ मई की दरमियानी रात को निर्णायक सैन्य कार्रवाई शुरू की थी। सेना ने देर रात 1.51 बजे 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था, पहलगाम आतंकी हमले में इंसाफ किया गया है। जय हिंद।

## क्या संविधान उस श्रद्धालु की रक्षा नहीं करेगा जिसे मूर्ति छूने की अनुमति नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष कोर्ट ने मंगलवार को सबरीमाला अयप्पा मंदिर के मुख्य पुजारी से पूछा कि क्या संविधान उस श्रद्धालु की रक्षा नहीं करेगा जिसे मूर्ति छूने की अनुमति नहीं है। कोर्ट की यह टिप्पणी मुख्य पुजारी के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि जब कोई श्रद्धालु पूजा के लिए मंदिर जाता है तो यह किसी देवता की विशेषताओं के विरोध में नहीं हो सकता।

नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव व विभिन्न आस्थाओं को मानने वाले लोगों द्वारा पालन की जाने वाली धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे और सीमा से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई कर रही है। पीठ ने 'तंत्री' की



ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता वी गिरि ने कहा कि किसी भी मंदिर में संपन्न होने वाले समारोहों और अनुष्ठानों की प्रकृति धर्म का अभिन्न अंग है और इसलिए यह एक धार्मिक प्रथा है।

उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रथा का जारी रहना, जो एक आवश्यक धार्मिक प्रथा है, पूजा के अधिकार का एक हिस्सा होगा जो धर्म या धार्मिक

**सबरीमाला मामला**

- सुप्रीम कोर्ट ने पूछा - क्या जन्म या वंश के आधार पर भगवान को छूने से रोकना संवैधानिक है
- नौ जजों की संविधान पीठ भेदभाव व धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से संबंधित याचिकाओं पर कर रही है सुनवाई

संप्रदाय में विश्वास रखने वाले प्रत्येक सदस्य के लिए है। गिरि ने कहा, जब कोई भक्त पूजा के लिए मंदिर जाता है, तो वह देवता के गुणों के विरुद्ध नहीं जा सकता, क्योंकि उसका उद्देश्य देवता की पूजा करना है। भक्त देवता में निहित दिव्य ओज के प्रति समर्पण करता है। उसे देवता के मूल गुणों को स्वीकार करना होता है।

### सृष्टिकर्ता और सृष्टि में कोई अंतर नहीं हो सकता : न्यायमूर्ति अमानुल्ला

न्यायमूर्ति अमानुल्ला ने प्रश्न किया, जब मैं किसी मंदिर में जाता हूं, तो मेरी मूल मान्यता यह होती है कि वह भगवान है, वह मेरा सृष्टिकर्ता है, उसने मुझे बनाया है, है ना? न्यायमूर्ति अमानुल्ला ने कहा, मैं वहां शत प्रतिशत आस्था के साथ जाता हूं। मैं पूरी तरह समर्पित हूं, मेरे हृदय में कोई अशुद्धता नहीं है और वहां मुझे बताया जाता है कि जन्म, वंश या किसी विशेष परिस्थिति के कारण, आपको देवता को छूने की अनुमति नहीं है। अब, क्या संविधान मेरी मदद नहीं करेगा? उन्होंने कहा कि सृष्टिकर्ता और सृष्टि में कोई अंतर नहीं हो सकता। इस पर गिरि ने उत्तर दिया कि यदि किसी के पुजारी बनने पर पूर्ण प्रतिबंध है, तो इसका ध्यान या तो अनुच्छेद 25(2)(बी) कानून द्वारा रखा जाए या इसका ध्यान स्वयं राज्य द्वारा रखा जाए। यदि पुजारी का अर्थ वह व्यक्ति है जिसे शास्त्रों में पूजा-अर्चना करने और देवता की आराधना करने का निर्देश दिया गया है, यदि किसी व्यक्ति के जन्म के आधार पर पुजारी बनने और फिर 'सेवा' करने पर पूर्ण प्रतिबंध है, तो इसका समाधान या तो अनुच्छेद 25(2)(ख) के तहत कानून बनाकर किया जाएगा या राज्य द्वारा स्वयं किया जाएगा।" मामले में सुनवाई जारी है।

**ब्रीफ न्यूज**

### शरद पवार मुंबई में अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) के अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य शरद पवार को स्वास्थ्य जांच के लिए मुंबई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि 85 वर्षीय पूर्व केंद्रीय मंत्री पवार को दो दिन पहले ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एक सूत्र ने बताया, उन्हें जांच के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोई गंभीर बात नहीं है। हाल ही में, पवार ने व्हीलचेयर पर बैठकर राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने दिल्ली में मीडिया को भी संबोधित किया था। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पवार को इस साल फरवरी में, सीने में संक्रमण और शरीर में पानी की कमी के कारण दो बार पुणे के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### ऊधमसिंह नगर में बदला स्कूलों का समय

**रुद्रपुर।** मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी और हीट वेव चलने की सम्भावना व्यक्त की गई है। इसके चलते डीएम ऊधमसिंह नगर नितिन भदौरिया ने बुधवार से आगामी एक सप्ताह तक जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों और प्री नर्सरी कक्षाओं/विद्यालयों का संचालन प्रात: 07:30 बजे से सुबह 11:00 बजे तक तथा समस्त सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों (कक्षा 01 से कक्षा 12 तक) का संचालन प्रात: 07:30 बजे से अपराह्न 12:00 बजे तक सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए हैं।

# प्रधानमंत्री के लिए आतंकवादी जैसे शब्द लोकतंत्र का अपमान : धामी

## राजस्थान के दौरे पर गए मुख्यमंत्री, कांग्रेस पर निशाना साधा

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को राजस्थान के एक दिवसीय भ्रमण पर रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, परिवारवाद, घमंड और तुष्टिकरण की सोच से ग्रसित कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए आतंकवादी जैसे शब्द का प्रयोग करना न केवल दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का अपमान है बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की भावनाओं को भी आहत करने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि, लोकतंत्र और संविधान की मर्यादाओं की अनदेखी करना मानो कांग्रेस की कार्यशैली का हिस्सा बन चुका है। इस प्रकार की आपत्तिजनक और अस्वीकार्य बयानबाजी के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे को देश की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

वहीं, मुख्यमंत्री ने राजस्थान के सीकर जनपद में स्थित आस्था के प्रमुख केंद्र बाबा खाटू श्याम मंदिर पहुंचकर विधिवत दर्शन एवं पूजन किया। इस दौरान उन्होंने बाबा खाटू श्याम के श्रीचरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इससे पूर्व उनका जयपुर एयरपोर्ट पर सांसद मधु शर्मा और मेयर सौम्या के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर वार्ता की। इस दौरान भाजपा नेता मुकेश पारीक, शिवराज बिश्नोई, जिलाध्यक्ष जयपुर अमित गोयल आदि मौजूद रहे।





मुख्यमंत्री धामी का जयपुर एयरपोर्ट पर स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता।

### आवश्यक निर्माण समय से पूरे करें

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने राजस्थान रवाना होने से पूर्व देहरादून-मसूरी मार्ग पर निर्माणाधीन पुल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आगामी चारधाम यात्रा एवं आदि कैलास यात्रा को ध्यान में रखते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि आवश्यक अवसंरचनात्मक कार्यों को समय पर पूरा किया जाए ताकि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को सुरक्षित एवं सुगम यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा कार्यों की प्रगति की निरंतर समीक्षा करने के निर्देश भी दिए।

(विस्तृत पेज-2)

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे पर पत्रकारवार्ता में मोदी को आतंकवादी कहने का आरोप

**चेन्नई।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल के साथ चेन्नई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अन्नाद्रमुक के भाजपा के साथ गठबंधन की आलोचना करते हुए प्रधानमंत्री को 'आतंकवादी' कहा। हालांकि, जब संवाददाताओं ने इस टिप्पणी का परिप्रेक्ष्य स्पष्ट करने के लिए दबाव डाला, तो कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उनका मतलब था कि प्रधानमंत्री देश के लोकतांत्रिक ताने-बाने को 'आतंकित' कर रहे हैं। खरगे ने कहा कि वह लोगों और राजनीतिक दलों को आतंकित कर रहे हैं। मैंने कभी नहीं कहा कि वह (शब्दश:) आतंकवादी हैं।

## वार्ता में शामिल होगा ईरान, ट्रंप बोले समझौता नहीं हुआ तो करेंगे बमबारी

इस्लामाबाद, एजेंसी

- सीजफायर पर आर या पार, आज संघर्षविराम की समय सीमा हो रही खत्म
- पाकिस्तान में नए दौर की युद्धविराम वार्ता से जुड़े क्षेत्रीय अधिकारियों ने दिए संकेत

अमेरिका और ईरान ने संकेत दिया है कि वे इस्लामाबाद में नए दौर की युद्धविराम वार्ता में शामिल होंगे। दो क्षेत्रीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों की ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं, जब न तो अमेरिका और न ही ईरान ने सार्वजनिक रूप से वार्ता के समय की पुष्टि की है। वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अगर तेहरान बुधवार को समाप्त हो रहे दो सप्ताह के युद्धविराम से पहले अमेरिका के साथ किसी समझौते पर सहमत नहीं होता है, तो वह ईरान पर बमबारी शुरू कर देंगे।

अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के नेतृत्व वाले मध्यस्थों को इस बात की पुष्टि की गई है कि शीर्ष वार्ताकार, अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर कलिबाफ, वार्ता में अपने-अपने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए बुधवार तड़के इस्लामाबाद पहुंचेंगे। अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह का युद्धविराम समाप्त होने वाला है। दोनों पक्ष अपने-अपने रुख पर अड़े हुए हैं।


ईरान के मुख्य वार्ताकार ने कहा है कि तेहरान के पास युद्ध के मैदान में ऐसे नए पत्ते हैं, जिनका खुलासा अभी तक नहीं किया गया है। अगर बातचीत फिर से शुरू होती है तो युद्धविराम की अवधि बढ़ने की संभावना है। 'व्हाइट हाउस' ने कहा है कि वेंस अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे, लेकिन ईरान ने यह नहीं बताया है कि वह किसे भेजेगा। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने मंगलवार को एक संदेश प्रसारित किया जिसमें कहा गया कि ईरान से कोई प्रतिनिधिमंडल अभी तक इस्लामाबाद नहीं गया है। होर्मुज पर नियंत्रण वार्ता की कुंजी है।



### अमेरिकी सेना का ईरान के पूर्व में प्रतिबंधित पोत पर कब्जा

**वाशिंगटन।** रक्षा विभाग ने मंगलवार को बताया कि अमेरिकी सेना के जवान एक तेल टैंकर पर धावा बोलकर उसपर सवार हो गए और उसे अपने कब्जे में ले लिया है। इस टैंकर पर पहले एशिया में ईरानी कच्चे तेल की तस्करी के आरोप में प्रतिबंध लगाया गया था। पेंटागन ने कहा कि अमेरिकी सेना ने यात्रा के अधिकार के तहत समुद्री अवरोध उत्पन्न किया और एम/टी टिफानी नामक टैंकर पर उसके जवान बिना किसी प्रतिरोध के सवार हो गए। जहाज ट्रैकिंग डेटा से पता चला कि टिफानी श्रीलंका और इंडोनेशिया के बीच हिंद महासागर में था। घोषणा के अनुसार यह घटना रात में घटित हुई।

## आज खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट





फूलों से सजाया गया मंदिर एवं केदार धाम पहुंची बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली।

मुख्य संवाददाता, रुद्रप्रयाग/देहरादून

- केदार धाम पहुंची पंचमुखी उत्सव डोली, 51 क्विंटल फूलों से सजा धाम
- मंदिर परिसर में फोटो और वीडियोग्राफी पर प्रतिबंध दो ड्रोन जब्त किए गए

**अमृत विचार:** आस्था और श्रद्धा के प्रतीक भगवान शिव के ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट आज प्रातः 08:00 बजे शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जाएंगे। केदारनाथ मंदिर एवं परिसर को 51 क्विंटल फूलों से सजाया गया है।

मंगलवार को भगवान बाबा केदार नाथ की पंचमुखी उत्सव डोली धाम पहुंच गई। 22 अप्रैल की सुबह कपाट खुलने के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी परंपरानुसार धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजा-अर्चना में सम्मिलित होंगे। देश-विदेश से इस अवसर पर 22756 श्रद्धालु दर्शन करेंगे। श्रद्धालुओं की सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्थाओं के साथ ही यात्रा मार्ग पर पहली बार गर्म पानी की सुविधा भी मिलेगी।

वहीं, सुरक्षा की दृष्टि से केदारधाम में फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी और धाम में बिना अनुमति ड्रोन संचालन पर प्रतिबंध रहेगा। मंगलवार को रुद्रप्रयाग पुलिस ने धाम में दो ड्रोन जब्त किए।

श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष हेमन्त द्विवेदी ने बताया कि मंदिर परिसर में मोबाइल फोन के प्रयोग पर पूरी तरह से रोक लगाने का फैसला मंदिर की पवित्रता और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

मंदिर परिसर के अंदर मोबाइल फोन ले जाना, फोटो या वीडियो बनाना और रील्स रिकॉर्ड करना सख्त मना है। इन नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने वाले किसी भी श्रद्धालु के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एप्पल के सीईओ पद से हटेंगे टिम कुक, जॉन को सौंपेंगे कमान

**सैन फ्रांसिस्को।** एप्पल के सीईओ टिम कुक ने अपने पद से इस्तीफे की घोषणा कर दी है और उनके बाद कंपनी के हार्डवेयर इंजीनियरिंग प्रमुख जॉन टर्नस यह जिम्मेदारी निभाएंगे। स्टीव जॉब्स के बाद यह जिम्मेदारी संभालने वाले टिम कुक का सीईओ के रूप में लगभग 15 साल का कार्यकाल सितंबर में समाप्त हो जाएगा। उनके कार्यकाल में आईफोन की बढ़ती मांग के कारण कंपनी का बाजार मूल्य 3,600 अरब डॉलर से भी अधिक पहुंच गया। कुक (65) एक सितंबर को सीईओ की जिम्मेदारियां जॉन टर्नस को सौंप देंगे लेकिन वह कैलिफोर्निया के क्यूपर्टिनो स्थित इस कंपनी में कार्यकारी चेयरमैन के तौर पर जुड़े रहेंगे।

## पत्नी को वीडियो कॉल कर लगा ली फांसी

संवाददाता, रुद्रपुर

- सिडकुल की नामी फैक्ट्री के असिस्टेंट प्रोडक्शन मैनेजर ने किया सुसाइड

**अमृत विचार:** पॉश मेट्रोपोलिस कॉलोनी में एक व्यक्ति ने पत्नी को वीडियो कॉल करने के बाद फांसी लगा ली। प्रारंभिक जांच में इस आत्मघाती कदम का कारण पत्नी का घरेलू विवाद के बाद मायके जाना माना जा रहा है।

पुलिस के अनुसार, सिडकुल क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद बनाने वाली एक प्रतिष्ठित फर्म के प्लांट में मूल रूप से हरिद्वार निवासी जावेद आरिफ (36) बतौर असिस्टेंट प्रोडक्शन मैनेजर के पद पर तैनात था। वह पंतनगर क्षेत्र की मेट्रोपोलिस कॉलोनी में पत्नी और बच्चों के साथ रहता था। बताया गया कि पत्नी कुछ दिन से मायके गई हुई थी। मंगलवार दोपहर घर में अकेले जावेद ने पत्नी को वीडियो कॉल कर सुसाइड करने की बात कही। घबराई पत्नी ने तुरंत पड़ोसियों को फोन किया, लेकिन तब तक जावेद कमरा अंदर से बंद कर चुका था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब दरवाजा तोड़ा तो जावेद का शव फंदे से लटका मिला। घटनास्थल पर शराब की खाली बोतलें भी बरामद हुई हैं। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। सीओ पंतनगर डीआर वर्मा ने बताया कि, अभी तक की जांच में मामला घरेलू विवाद से जुड़ा माना जा रहा है। परिजनों से विस्तृत पूछताछ के बाद ही सही तथ्य सामने आ पाएंगे।

(संबंधित पेज-7)

**चेतावनी** | आईएमडी के महानिदेशक ने कहा- कुछ इलाके मौसम की दृष्टि से संवेदनशील, यूपी समेत अन्य राज्यों में पड़ेगी भीषण गर्मी

## उत्तर भारत में सामान्य से अधिक दिनों तक चलेगी हीट वेव

नई दिल्ली, एजेंसी

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि इस साल सिंधु-गंगा के मैदानी इलाकों के उत्तरी हिस्से, पूर्वी तटीय राज्यों, पश्चिमी राज्यों गुजरात और महाराष्ट्र तथा उनसे लगे क्षेत्रों में सामान्य से अधिक दिनों तक हीट वेव चलने की आशंका है। उन्होंने कहा कि कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जहां मौसम की दृष्टि से हर साल अत्यधिक गर्मी पड़ने की आशंका बनी रहती है।

इन इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जाने की संभावना है, ऐसा उन क्षेत्रों में भी हो सकता है जहां शायद ऊष्ण लहर नहीं चलती है। उन्होंने कहा, कुछ इलाके मौसम की दृष्टि से संवेदनशील हैं। उदाहरण के लिए महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में साल के इस समय सामान्य तापमान 41 से 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है। इसी तरह उत्तर प्रदेश और हरियाणा में मई आने तक सामान्य तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। महापात्रा ने कहा, इसलिए हमें अधिक तापमान वाले ऐसे दिनों के लिए तैयार रहना चाहिए। जिन लोगों के मौसम की चरम परिस्थितियों से सर्वाधिक प्रभावित होने का खतरा है, उनकी मदद के लिए आईएमडी की ओर से उठाए जा रहे कदमों के बारे में पूछे जाने पर महापात्रा ने कहा कि विभाग ने रेहड़ी-पटरी वालों और खेतों में काम करने वाले मजदूरों समेत खुले में रहने वाले लोगों तक जानकारी पहुंचाने के लिए ''व्हाट्सएप'' समूह बनाए हैं। इसके अलावा सूचना पट भी लगाए गए हैं, जिन पर गर्मी की स्थिति और उससे बचाव के लिए किए जा सकने वाले उपायों की जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य हर व्यक्ति तक पहुंचना और मौसम संबंधी आईएमडी के पूर्वानुमान की जानकारी उपलब्ध कराना है। हम सरकार के माध्यमों से भी जानकारी देते हैं। इनमें राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) का साझा चेतावनी प्रोटोकॉल (कॉमन अलर्ट प्रोटोकॉल) भी शामिल है, जिससे मोबाइल फोन रखने वाला कोई भी व्यक्ति यह जानकारी प्राप्त कर सकता है।



- इन इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जाने की संभावना

### हर दिन जिला स्तर पर चेतावनी की जाती है जारी

महापात्रा के अनुसार, हर साल खासकर अप्रैल और मई तथा मानसून से पहले जून में तापमान अधिक रहने की संभावना रहती है लेकिन साल-दर-साल इसमें कुछ अंतर हो सकता है। तापमान में सालाना और रोजाना होने वाले उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए आईएमडी एक सीजन पहले ही ऊष्ण लहर का पूर्वानुमान जारी करता है। इसके बाद हर गुरुवार अगले चार सप्ताह के लिए विस्तारित अवधि का पूर्वानुमान भी जारी किया जाता है। उन्होंने कहा कि गर्मी के महीनों में हर दिन जिला स्तर पर सात दिन की चेतावनी भी जारी की जाती है। आईएमडी ने फरवरी के अंत तक मार्च, अप्रैल और मई के लिए ऊष्ण लहर और गर्मियों के तापमान का पहला पूर्वानुमान जारी किया था। बाद में मार्च के आखिरी दिन अप्रैल, मई और जून के लिए इसे अद्यतन किया गया। पूर्वानुमान के अनुसार अप्रैल से जून के बीच कई स्थानों पर ऊष्ण लहर की स्थिति बन सकती है।

**स्टेट ब्रीफ**

### सीएम ने दी 59.72 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 59.72 करोड़ का अनुमोदन प्रदान किया है। इन निर्णयों से आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने, आपदा प्रबंधन को प्रभावी बनाने तथा पेयजल एवं बाढ़ सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं को सशक्त करने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। इनमें चम्पावत, देहरादून, उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़, हरिद्वार, नैनीताल व हल्द्वानी में विभिन्न योजनाओं को वित्तीय स्वीकृति के साथ चमोली में राजकीय पीएमश्री आदर्श इंटर कॉलेज, भराडीसैंण, गैरसैंण में 5 नवीन कक्षों के निर्माण का अनुमोदन प्रदान किया है।

### बजट के साथ किया पदोन्नति का अनुमोदन

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग के अंतर्गत राजस्व लेखा में 299.18 करोड़ रुपए, अनुसूचित जाति कल्याण हेतु एक करोड़ रुपए तथा जनजाति क्षेत्र उपयोजना हेतु 50 लाख रुपए की धनराशि, महानिदेशक सूचना के निर्वतन पर रखे जाने के अनुमोदन के साथ ही सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग में कार्यरत सहायक निदेशक अर्चना एवं बद्री चन्द को उप निदेशक पद पर पदोन्नत किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया है।

# श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा सुविधा उपलब्ध कराएं: धामी

## मुख्यमंत्री धामी ने निर्माणाधीन पुल एवं संपर्क मार्गों के निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा एवं आदि कैलास यात्रा को ध्यान में रखते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि आवश्यक अवसंरचनात्मक कार्यों को समय पर पूरा किया जाए ताकि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को सुरक्षित एवं सुगम यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मसूरी रोड स्थित शिव मंदिर के निर्माणाधीन पुल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बारिश से क्षतिग्रस्त हुए पुल की कार्य प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुल निर्माण का कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि आमजन को आवागमन में सुविधा मिल सके। कहा कि यह पुल देहरादून और मसूरी को जोड़ने वाला एक अत्यंत महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों एवं पर्यटकों का आवागमन होता है। इस संबंध में जानकारी दी गई कि, यातायात को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से दोनों ओर से आवागमन के लिए वैली ब्रिज का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है, जो दूसरी ओर से भी शीघ्र ही पूर्ण होकर संचालित हो जाएगा।



देहरादून-मसूरी मार्ग पर निर्माणाधीन पुल की जानकारी लेते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### नियमित निगरानी व समीक्षा करें

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस स्थान पर स्थायी पुल का निर्माण कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है, जिसे आगामी 2 से 3 माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राज्य सरकार प्रदेश में सड़कों एवं पुलों के सुदृढ़ीकरण हेतु निरंतर प्रयासरत है। विभिन्न क्षेत्रों में सड़क एवं पुल निर्माण से संबंधित अनेक परियोजनाएं तेजी से क्रियान्वित की जा रही हैं, जिससे प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के साथ ही प्रगति की निरंतर समीक्षा करने के निर्देश भी दिए।



विचार गोष्ठी को संबोधित करते पीआरएसआई देहरादून चैप्टर के अध्यक्ष रवि बिजारनिया।

# जनसंपर्क दिवसः लोकतंत्र में संवाद ही विश्वास की नींवः बिजारनिया

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) देहरादून चैप्टर द्वारा राजपुर रोड स्थित हुडको सभागार में ''लोकतंत्र में जनसंपर्क का महत्व'' विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई।

कार्यक्रम में चैप्टर के अध्यक्ष एवं उपनिदेशक रवि बिजारनिया ने कहा कि लोकतंत्र में जनसंपर्क सरकार और जनता के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य करता है। प्रभावी जनसंपर्क के माध्यम से संवाद स्थापित होता है और इसी संवाद से विश्वास का निर्माण होता है, जो समाज में आशाओं को साकार करता है। हुडको के क्षेत्रीय प्रमुख संजय भार्गव ने कहा कि जनसंपर्क केवल शासन-प्रशासन तक सीमित नहीं है, बल्कि परिवार और समाज के स्तर पर भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने वर्तमान समय में संचार के बढ़ते माध्यमों के बीच जिम्मेदार संवाद की आवश्यकता पर जोर दिया। चैप्टर के सचिव अनिल सती ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए पीआरएसआई की गतिविधियों और उद्देश्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सदस्य मनीता हरि ने फेक न्यूज़ और डीप फेक जैसी चुनौतियों के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता बताई। वक्ताओं ने जनसंपर्क के सकारात्मक, प्रामाणिक और प्रभावी स्वरूप पर बल देते हुए इसे संस्थागत के साथ-साथ व्यक्तिगत स्तर पर भी राष्ट्र और समाज सेवा का सशक्त माध्यम बताया। गोष्ठी का संचालन वरिष्ठ पत्रकार संजीव कंडवाल ने किया। इस अवसर पर राकेश डोभाल, प्रियांक वशिष्ठ, सुशील कुमार, मनोज सती, रितिक, वैभव गोयल, विमल डबराल, दिनेश कुमार, दीपक शर्मा, संजय पांडेय, पुष्कर नेगी सहित अन्य सदस्यों ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# समग्र विकास के लिए शहरों को मिलेगा अर्बन चैलेंज फंड का लाभ

- मुख्यमंत्री ने दिए निकायों को अधिकतम लाभ उठाने के निर्देश

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास, आधुनिक आधारभूत ढांचे के निर्माण और नगर निकायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अर्बन चैलेंज फंड राज्य के लिए बड़ी सौगात साबित होगी।

सचिवालय में आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शहरी विकास निदेशालय, द्वारा योजना को लेकर जारी दिशा-निर्देश में राज्य के नगर निकाय प्रतिस्पर्धात्मक आधार पर परियोजनाएं केंद्र सरकार को भेजेंगे। वर्ष 2030-31 तक लागू रहने वाली इस योजना में देशभर में 1 लाख करोड़ की केंद्रीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर तीन वर्ष तक बढ़ाई भी जा सकती है। योजना का उद्देश्य शहरों में बड़े निवेश को आकर्षित कर उन्हें विकास के नए केंद्रों के रूप में स्थापित करना है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उत्तराखंड के नगर निकाय इस योजना का अधिकतम लाभ उठाएं और समयबद्ध तरीके से उच्च गुणवत्ता वाले प्रस्ताव तैयार करें, ताकि राज्य के शहरों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा सके।

### तीन क्षेत्रों में भेजे जाएंगे विकास प्रस्ताव

योजना में नगर निकायों से तीन प्रमुख क्षेत्रों में परियोजनाएं मांगी गई हैं। इनमें जल एवं स्वच्छता में पेयजल आपूर्ति, सीवरेज नेटवर्क, सीवेज ट्रीटमेंट, वर्षा जल निकासी और कूड़ा निस्तारण शामिल हैं। रचनात्मक पुनर्विकास में पुराने शहरी क्षेत्रों, बाजारों, विरासत स्थलों और सार्वजनिक स्थानों का कायाकल्प होगा। सिटीज़ ऐज़ ग्रोथ हब्स में शहरों को पर्यटन, शिक्षा, उद्योग और व्यापार के केंद्र के रूप में विकसित करने वाली योजनाओं को प्राथमिकता मिलेगी। सरकार द्वारा संभावित परियोजनाओं के उदाहरण भी तय किए गए हैं। ऋषिकेश, देहरादून, हरिद्वार, हल्द्वानी, काशीपुर, रुड़की, श्रीनगर, रामनगर और रुद्रपुर जैसे शहरों में औद्योगिक, तीर्थाटन पर्यटन और शैक्षिक इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रस्ताव तैयार किए जा सकते हैं।

### आईआईएससी बेंगलुरु में प्रशिक्षण लेंगे 80 शिक्षक

**देहरादून :** उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत राज्य के राजकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के 80 चयनित शिक्षकों को देश के प्रतिष्ठित संस्थान इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ साइंस बेंगलुरु (आईआईएससी) में प्रशिक्षण दिया जाएगा। विज्ञान संवर्ग के इन सभी शिक्षकों को नवीनतम वैज्ञानिक अनुसंधान, प्रयोगात्मक दृष्टिकोण सहित व्यावहारिक शिक्षण विधियों से अवगत कराया जाएगा, ताकि वह छात्रों में विज्ञान के प्रति रूचि पैदा कर सकें। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 24 अप्रैल से नौ मई तक आयोजित होगा। उच्च शिक्षा मंत्री धनसिंह रावत ने कहा कि उच्च शिक्षा के अंतर्गत शिक्षकों को प्रतिष्ठित संस्थानों में विशेष प्रशिक्षण देकर शिक्षा को और अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाया जा रहा है। निश्चित तौर पर प्रशिक्षण के उपरांत शिक्षक अपने अनुभव व ज्ञान का लाभ अधिकाधिक छात्रों तक पहुंचाएंगे तथा प्रदेश में विज्ञान आधारित शिक्षा को नई दिशा देंगे। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन एवं ज्ञानवर्धन प्रशिक्षण योजना के तहत उच्च शिक्षा विभाग एवं आईआईएससी के साथ समझौता ज्ञापन हुआ है।

# हम महिला आरक्षण के पक्ष में, पर देश नहीं बंटने देंगे

- कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने प्रदेश मुख्यालय में की प्रेस वार्ता

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की अध्यक्ष एवं प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि, हम महिला आरक्षण के पूरी तरह से पक्ष में हैं, लेकिन महिलाओं के नाम पर देश को बांटने की साज़िश को कभी स्वीकार नहीं करेंगे।

मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। आरोप लगाया कि, केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण के नाम पर देश के लोकतंत्र, संघीय ढांचे और संविधान के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की, जिसे संसद में करारी हार मिली है। यह भी आरोप लगाया कि, वर्ष 2023 में पारित महिला आरक्षण कानून को जानबूझकर परिसीमन और पुरानी जनगणना से जोड़ दिया गया, जबकि उसमें ओबीसी वर्ग की महिलाओं के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया। यह स्पष्ट था कि ऐसा कानून लागू करना असंभव बनाया जा रहा है।

कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की अध्यक्ष एवं प्रवक्ता श्रीनेत ने आरोप लगाया कि यह महिला आरक्षण नहीं, बल्कि देश के राजनीतिक नक्शे को बदलने और संविधान पर हमला करने की कोशिश थी। जब देश की महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान का सवाल आता है, तब सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। सरकार का असली एजेंडा महिला आरक्षण नहीं, बल्कि परिसीमन के जरिए राजनीतिक लाभ लेना है। उन्होंने कहा कि, वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन करना न केवल अव्यावहारिक है, बल्कि इससे लोकतांत्रिक संतुलन बिगड़ेगा और संघीय ढांचे पर सीधा प्रहार होगा। बिना जातिगत जनगणना के न्यायसंगत आरक्षण संभव नहीं है और ओबीसी महिलाओं के लिए अलग आरक्षण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। प्रेस वार्ता में मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी, नेशनल कोऑर्डिनेटर सोशल मीडिया सरदार अमरजीत सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अभिनव थापर एवं शीशपाल सिंह बिष्ट मौजूद रहे।




प्रेस वार्ता करतीं प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत, साथ में गणेश गोदियाल एवं गरिमा मेहरा दसौनी।

### विस के विशेष सत्र में प्रस्ताव का सहयोग करेंगे

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर महिला आरक्षण का प्रस्ताव लाते हैं, तो कांग्रेस पार्टी पूरी तरह सहयोग करेगी। यह भी कहा कि, अगर परिसीमन के बाद मेरी विधानसभा सीट महिला के लिए आरक्षित होती है, तो मैं खुशी-खुशी अपनी सीट महिला प्रत्याशी के लिए छोड़ने को तैयार हूं। महिलाओं को आगे लाना हमारी प्रतिबद्धता है।



सचिवालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन।

# उत्तराखंड के फलोत्पादन में जापान का तकनीकी सहयोग

- मुख्य सचिव ने उच्चाधिकार समिति की बैठक में की समीक्षा

वरिष्ठ संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने मंगलवार को सचिवालय में उत्तराखंड वन संसाधन प्रबंधन समिति की उच्चाधिकार समिति की बैठक में योजनाओं की समीक्षा की।

बैठक के दौरान उत्तराखंड वन संसाधन प्रबंधन समिति के विभिन्न कार्यकलापों की जानकारी समिति के समक्ष रखी गयी एवं विभिन्न प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान की गयी। मुख्य सचिव ने अखरोट विकास कार्यक्रम के तहत् लगाए गयी अखरोट की पौध की अद्यतन स्थिति की जानकारी मांगी। उन्होंने सम्बन्धित प्रभाग के डीएफओ से इसका मूल्यांकन कर अवगत कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना के अंतर्गत किसानों द्वारा इससे होने वाले फलोत्पादन की भी अद्यतन स्थिति की जानकारी मांगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के मूल्यांकन से आगे की कार्ययोजना बनायी जा सकेगी।

मुख्य सचिव ने योजना के अंतर्गत जापान के तकनीकी सहयोग एवं मार्गदर्शन से मृदा अपरदन नियंत्रण और अवसाद आपदा शमन के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों को आपदा प्रबन्धन विभाग के साथ जापानी तकनीक के महत्त्वपूर्ण पहलुओं को साझा किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इससे उत्तराखंड में लैंड स्लाईड मिटिगेशन में सहायता मिल सकती है।

मुख्य सचिव ने योजना के अंतर्गत आजीविका से जुड़े विभिन्न स्वयं सहायता समूहों, क्लस्टर्स और राज्य स्तरीय फेडरेशन की क्षमता विकास, बाजार की उपलब्धता के साथ ही हैंड होल्डिंग किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिरूल की तर्ज पर लैंटाना पर भी कार्य किए जाने की जरूरत है। बैठक में पीसीसीएफ कपिल लाल, सचिव डॉ. बी.वी.आर.सी पुरूषोत्तम एवं धीराज गर्ब्याल, सी. रविशंकर, एपीसीसीएफ नरेश कुमार, अपर सचिव हिमांशु खुराना सहित वन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स कॉलेजों में कक्षा 6 में प्रवेश शुरू

- प्रारंभिक चयन शारीरिक दक्षता परीक्षा, खेल कौशल एवं खेल प्रवीणता के आधार पर होगा

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** प्रदेश के स्पोर्ट्स कॉलेजों में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इससे राज्य के प्रतिभाशाली बालक एवं बालिकाओं को खेल क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य बनाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं।

राज्य के प्रमुख आवासीय खेल विद्यालयों में विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से ही पेशेवर खेल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, देहरादून में एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबॉल, जूडो, हॉकी, वॉलीबॉल, शूटिंग, जिम्नास्टिक्स, तैराकी एवं आइस स्पोर्ट्स जैसी विविध खेल विधाओं में प्रशिक्षण की व्यवस्था है। इसी प्रकार श्री हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज, पिथौरागढ़ में एथलेटिक्स, फुटबॉल एवं बॉक्सिंग तथा बालिका स्पोर्ट्स कॉलेज, चंपावत में बालिकाओं के लिए एथलेटिक्स, बैडमिंटन एवं बॉक्सिंग की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश ममगाई ने बताया कि इन राज्य वित्तपोषित आवासीय खेल विद्यालयों में चयनित विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं, आधुनिक उपकरण तथा अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन का अवसर मिल सके। इसके लिए निर्धारित पात्रता मानदंडों में आवेदक की आयु 11 से 13 वर्ष के बीच होनी चाहिए (जन्म तिथि 01 जुलाई 2013 से 01 जुलाई 2015 के मध्य) तथा वह उत्तराखंड का मूल/स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया के तहत प्रारंभिक चयन शारीरिक दक्षता परीक्षा, खेल कौशल एवं खेल प्रवीणता के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी पंजीकरण हेतु निर्धारित क्यूआर कोड स्कैन कर सकते हैं अथवा वेबसाइट www.mpscollege.in से ऑफलाइन आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। दक्षता परीक्षा पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 मई है।

# फांसी की सजा की सुनवाई अब दूसरी पीठ को रेफर

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रविंद्र मैठाणी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ ने देहरादून के गुच्चुपानी में वर्ष 2022 में ई-रिक्शा चालक की हत्या के तीन दोषियों को फांसी की सजा देने के मामले पर सुनवाई करते हुए इसे सुनवाई के लिए दूसरी पीठ को रेफर कर दिया है। इस मामले में हत्या के पांच आरोपियों को सेशन जज प्रथम महेश चंद्र कुशवाहा की अदालत ने दोषी करार दिया था जबकि सुपारी लेकर हत्या करने के तीन दोषियों को फांसी की सजा दी गई थी। हत्या की साजिश रचने के दो आरोपियों को उम्रकैद की सजा दी गई थी। मामले के अनुसार, प्रेमी ने अपनी प्रेमिका के शौहर की बागपत (यूपी) के बदमाशों को सुपारी देकर हत्या कराई थी।

**आयोग सचिव हाईकोर्ट में तलबः** हाईकोर्ट ने किच्छा के सिरोली कला में राज्य चुनाव आयोग और सरकार द्वारा नगर पालिका का चुनाव अभी तक नहीं कराने के मामले की लम्बी चली सुनवाई के बाद सचिव चुनाव आयोग को आगामी 4 मई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश होने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, किच्छा नगर पालिका का चुनाव से सम्बंधित मूल रिकार्ड भी प्रस्तुत करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 4 मई को होगी।

### आपदा का कारण न बनें विकास कार्य: डॉ. दिनेश

**देहरादून :** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य डॉ. दिनेश कुमार असवाल ने कहा कि आपदाओं में जीरो डेथ का लक्ष्य तभी हासिल किया जा सकता है, जब जोखिम के प्रभाव को न्यूनतम किया जाए। स्पष्ट किया कि विकास आवश्यक है, लेकिन यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि विकास कार्य किसी नई आपदा का कारण न बनें। मंगलवार को यूएसडीएमए में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में डॉ. असवाल ने आपदा प्रबंधन विभाग एवं राज्य के सभी 13 जनपदों की तैयारियों का व्यापक आकलन किया। उन्होंने जनपदों की क्षमताओं का परीक्षण करते हुए तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि आपदा प्रबंधन के तहत आपदा जोखिम न्यूनीकरण को केंद्र में रखते हुए कार्य किया जाए तथा आपदा पूर्व तैयारी, जोखिम पहचान और न्यूनीकरण उपायों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने एसडीएमपी और डीडीएमपी की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखंड में आपदा जोखिम न्यूनीकरण में यह मील का पत्थर साबित होंगे।

**चौकसी** | सुरक्षा-सुगम संचालन को बना अत्याधुनिक हाईटेक चारधाम यात्रा कंट्रोल रूम

# चारों धामों-यात्रा मार्गों पर तीसरी आंख का पहरा

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** चारधाम यात्रा का आगाज हो चुका है। इस बार उत्तराखंड पुलिस प्रशासन ने यात्रा के सफल और सुरक्षित संचालन के लिए अत्याधुनिक हाईटेक चारधाम यात्रा कंट्रोल रूम (एचसीडीवाईसीसी) स्थापित किया है। चारों धामों की हर संदिग्ध गतिविधि जहां तीसरी आंख में कैद होती रहेगी तो सीसीटीवी पर विशेष साफ्टवेयर की नजर रहेगी।

गढ़वाल जोन के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) राजीव स्वरूप ने मंगलवार को कंट्रोल रूम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से यात्रा मार्गों, प्रमुख धामों और संवेदनशील पड़ावों पर तकनीक की मदद से कड़ी नजर रखी जा सकेगी। उन्होंने बताया कि, यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। तकनीक के इस समावेश से न केवल यातायात व्यवस्था को सुधारा जाएगा, बल्कि आपदा प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को भी नए आयाम मिलेंगे।

आईजी के अनुसार, यात्रा के मुख्य केंद्रों जैसे केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री व अन्य पड़ावों की लाइव फीड सीधे कंट्रोल रूम की बड़ी स्क्रीन पर उपलब्ध होती है, जिससे भीड़ प्रबंधन में मदद मिलेगी। सीसीटीवी की निगरानी के लिए आधुनिक सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जा रहा है, जिससे संदिग्ध गतिविधियों और ट्रैफिक जाम की तुरंत पहचान हो सकेगी।



### 24 घंटे व सातों दिन काम करेगा कंट्रोल रूम

आईजी स्वरूप के अनुसार, यात्रियों की सहायता के लिए समर्पित हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। कंट्रोल रूम में तैनात पुलिसकर्मी चारधाम यात्रा काल में 24 घंटे व सातों दिन (24 गुणा 7) यात्रियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए तैयार हैं। कंट्रोल रूम विभिन्न जिलों की पुलिस और प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित कर काम करेगा ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके।

### यात्रीगण कृपया ध्यान दें

फेज न्यूज, फर्जी वीडियो शेयर न करें, केवल आधिकारिक सूचना पर भरोसा करें, साइबर ठगों से सतर्क रहें, हेल्पलाइन नंबर 1930 का प्रयोग करें, मोबाइल फोन में सचेत एप डाउनलोड करें, चारधाम हेल्पलाइन के लिए 01352714484 नंबर प्रयोग करें



जिला सूचना कार्यालय देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी-कर्मचारी।

### बद्री चंद को विदाई, प्रियंका जोशी ने संभाला चार्ज

- जिला सूचना कार्यालय में हुआ विदाई व स्वागत कार्यक्रम

**देहरादून :** सहायक निदेशक/जिला सूचना अधिकारी बद्री चंद नेगी के सूचना निदेशालय में स्थानांतरण के उपलक्ष्य में मंगलवार को देहरादून जिला सूचना परिवार द्वारा उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके लगभग चार वर्षों के कार्यकाल की सराहना की। इस दौरान उन्हें पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, सफल कार्यकाल एवं नई जिम्मेदारियों में निरंतर प्रगति की कामना की। वहीं, जनपद देहरादून में जिला सूचना अधिकारी के पद पर प्रियंका जोशी ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला सूचना परिवार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत कर पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं व्यक्त कीं। सभी ने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में विभागीय कार्यों को नई दिशा और गति मिलेगी। उन्होंने टीम वर्क को प्राथमिकता देते हुए जनसंपर्क गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया।

## सिटी इंवेंट्स

- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का बुद्ध पार्क में धरना 10 बजे
- जनगणना को लेकर अधिकारियों की बैठक होगी 11 बजे
- कुसुमखेड़ा में आरटीओ कार्यालय के समीप भागवत 2 बजे

## सिटी ब्रीफ

### किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**हल्द्वानी :** घर से बिना बताए निकली किशोरी लापता हो गई। बनभूलपुरा पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज की है। आंवला चौकी गेट गौला गेट निवासी जाबर खान ने पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री रुकसाना खान 16 वर्ष की है और अशिक्षित है। बीती 19 अप्रैल की सुबह करीब 4 बजे वह घर से बिना बताए निकली और फिर वापस नहीं लौटी। कोतवाल डीएस फर्त्याल ने बताया कि जल्द ही किशोरी की सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

### थार और सरकारी बोलेरो में टक्कर

**हल्द्वानी :** मुखानी में रात एक सरकारी प्लेट लगी बोलेरो और थार के बीच टक्कर हो गई। कठघरिया चौराहे के पास रात करीब 11 बजे थार और बोलेरो की टक्कर हुई। बोलेरो ब्लॉक की ओर जा रही थी, जबकि थार कठघरिया। इसी दौरान दोनों में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हुए। हालांकि गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि किसी ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# दिन में सूरज का सितम, रात बिजली कटौती ने निकाला दम

## पिछले पांच वर्षों में सबसे गर्म जा रहा इस बार का अप्रैल माह, हल्द्वानी में तापमान में जबरदस्त उछाल और हीट वेब से लोगों का हुआ बुरा हाल


संवाददाता, नैनीताल/हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मैदानी क्षेत्रों के साथ अब पहाड़ में भी गर्मी का असर दिखने लगा है। सरोवर नगरी नैनीताल में मंगलवार को तेज धूप के चलते इस सीजन का अब तक का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 29 और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो पिछले पांच वर्षों में अप्रैल माह के दौरान सबसे अधिक है।

पिछले कुछ दिनों से शहर के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। अप्रैल की शुरुआत में जहां अधिकतम तापमान करीब 18 डिग्री और न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस था, वहीं अब तेजी से इजाफा हुआ है। दिन में तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को मई-जून जैसी गर्मी का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले पांच वर्षों में अप्रैल माह में तापमान सामान्यतः 23 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा है। वर्ष 2022 में अधिकतम तापमान 26 डिग्री, 2023 में 27 डिग्री, 2024 में 25 डिग्री और 2025 में 27.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस बार 29 डिग्री सेल्सियस के आंकड़े ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन और मौसम चक्र में बदलाव से पहाड़ी क्षेत्रों में भी तापमान में असामान्य बढ़ोतरी हो रही है। यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ सकता है, जिससे जनजीवन के साथ-साथ पर्यावरण पर भी प्रभाव पड़ने की आशंका है। उधर, हल्द्वानी में मंगलवार को अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री तक दर्ज किया गया जो सोमवार की अपेक्षा दो डिग्री तक कम रहा है। न्यूनतम तापमान 15 डिग्री तक पहुंच गया है। दोपहर के समय हल्द्वानी में गर्म हवा के थपेड़े भी चले और शाम होने के साथ ही पारे में गिरावट आ गई। इन दिनों रात और दिन के तापमान में करीब 22 डिग्री का अंतर है।



नैनीताल में मंगलवार को खिली धूप के बीच नौकायन करते पर्यटक।



### गौला का जल स्तर निचले स्तर पर 100 क्यूसेक पर

**हल्द्वानी :** गर्मी बढ़ने से शहर में पानी की समस्याएं भी बढ़ने लगी है। पानी की आपूर्ति के लिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में सबसे ज्यादा पानी की किल्लत दमुवाढुंगा, लालडांठ रोड, विकास नगर, कठघरिया और बजूनिया हल्दू में होती है। जिसके लिए जल संस्थान ने पानी की आपूर्ति को 20 टैंकर लगाए हैं, जो इन जगह पानी की आपूर्ति कर रहे हैं। ईई आरएस लोशाली ने बताया कि जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या बनी हुई है वहां जल संस्थान का टैंकरों से पानी की आपूर्ति कराई जा रही है। सिंचाई के सहायक सीएस आर्या ने बताया कि इधर गौला का जस स्तर भी लगातार घटता जा रहा है जो अब 100 क्यूसेक पर पहुंच गया है। रोजना 30 क्यूसेक पानी पेयजल के लिए जल संस्थान को दिया जाता है।

**गौला का जल स्तर**

| दिन | जल स्तर |
|---|---|
| गुरुवार | 106 |
| शुक्रवार | 106 |
| शनिवार | 104 |
| रविवार | 104 |
| सोमवार | 104 |
| मंगलवार | 100 |

### चिलचिलाती गर्मी में आठ घंटे की बिजली गुल होने से जनजीवन प्रभावित

**हल्द्वानी :** जमरानी नहर पुनर्निर्माण कार्य और पेड़ों की छंटाई के चलते ऊर्जा निगम की ओर से जारी रोस्टर के अनुसार बुधवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। 33 केवी और 11 केवी लाइनों से जुड़े फीडरों पर निर्धारित शटडाउन के कारण कई इलाकों में दिनभर बिजली गुल रही। सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक चले इस शटडाउन से संबंधित क्षेत्रों में आम जनजीवन प्रभावित हुआ। भीषण गर्मी के बीच बिजली न होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ऊर्जा निगम के अनुसार यह कार्य सुरक्षा और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है। पेड़ों की टहनियां बिजली लाइनों के संपर्क में आने से संभावित खतरे को देखते हुए उनकी छंटाई की जा रही है। इधर, ग्रामीण क्षेत्र के कमलुवागांजा फीडर से जुड़े कुसुमखेड़ा क्षेत्र में भी सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली कटौती की गई, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं कालीचौड़ और रामपुर रोड क्षेत्र में भी निर्धारित शटडाउन के तहत बिजली आपूर्ति बाधित रही। ऊर्जा निगम के ग्रामीण क्षेत्र के ईई एसके गुप्ता ने बताया कि यह कार्य जन सुरक्षा और बेहतर बिजली व्यवस्था के लिए आवश्यक है।

## छात्रों की पढ़ाई पर भी पड़ रहा है कटौती का असर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** सूरज के तीखे तेवरों ने अभी से लोगों के पसीने छुड़ा दिए हैं, लेकिन इस तपती गर्मी में बिजली की अघोषित कटौती से शहर के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अप्रैल के महीने में ही पारे ने जिस तरह छलांग लगाई है, उसने बिजली की मांग भी बढ़ी है। पिटकुल की ओर से की जा रही अघोषित कटौती के कारण आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।

बिजली गुल होने का सबसे बुरा असर उन छात्रों पर पड़ रहा है जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। उमस भरी गर्मी में बिना पंखे और लाइट के घंटों पढ़ाई करना दूभर हो गया है। वहीं, दिनभर दफ्तरों में हाड़-तोड़ मेहनत के बाद घर लौटने वाले कामकाजी लोगों को सुकून की नींद भी नसीब नहीं हो रही है। यदि तापमान में और वृद्धि होती है, तो बिजली संकट गहरा सकता है। अब देखना यह होगा कि विभाग आने वाले दिनों में बढ़ती मांग से निपटने के लिए क्या वैकल्पिक इंतजाम करता है। बिजली की इस किल्लत और रोस्टरिंग को लेकर विभाग ने बढ़ती मांग को मुख्य कारण बताया है।



गांव से शहर कोचिंग के लिए आया हूं ताकि बेहतर माहौल मिले, लेकिन यहां बिजली कटौती ने सब बिगाड़ दिया। गर्मी में एकाग्रता नहीं बन पाती और रात भर सो न पाने से दिन में पढ़ाई नहीं होती। **-अनिल सिंह**, स्थानीय निवासी



गर्मी के कारण फ्रिज और कूलर पर निर्भरता बढ़ गई है, लेकिन बिजली कब चली जाए कुछ पता नहीं रहता। ऐसे में परेशानी का सामना पड़ता है। **-प्रदीप खनी**, स्थानीय निवासी



व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बिजली न होने से ग्राहक नहीं आते। गर्मी इतनी है कि दुकान में बैठना मुश्किल है। काम-धंधा चौपट हो रहा है। **-कुंदन कोरंगा**, स्थानीय निवासी

स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी), देहरादून से कंट्रोल रोस्टरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिजली की बढ़ती मांग के कारण सिस्टम पर दबाव बढ़ रहा है, जिसके चलते रोस्टरिंग करनी पड़ रही है। स्थिति सामान्य होते ही आपूर्ति बहाल कर दी जाती है। **-पंकज आर्या**, अधिशासी अभियंता, पिटकुल

# पिथौरागढ़ के व्यापारी की कार की टक्कर से मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रूटीन चेकअप के लिए पिथौरागढ़ से हल्द्वानी पहुंचे बेकरी कारोबारी की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना तब हुई जब वह रात खाना खाने के बाद होटल के बाहर टहल रहे थे। हल्द्वानी पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी तहरीर में गणाई गंगोली बेरीनाग पिथौरागढ़ निवासी अक्षय बोरा ने बताया कि उनके पिता महेंद्र सिंह बोरा (71 वर्ष) की बेकरी शॉप है। वह बीमार रहते हैं और अकसर रूटीन चेकअप के लिए हल्द्वानी आते हैं। बीती 15 अप्रैल को भी वह चेकअप के लिए हल्द्वानी पहुंचे थे और श्री राम होटल में ठहरे थे। रात करीब 10 बजे वह होटल के बाहर टहल रहे थे कि तभी एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। गंभीर अवस्था में उन्हें उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पता लगा कि कार की टक्कर से उनकी पसलियां टूट गई और सिर, घुटने व पैर में गंभीर चोट आई। यहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मृतक के पुत्र की ओर से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## 28 को सुप्रीम सुनवाई जल्द होगा वेरिफिकेशन

**हल्द्वानी :** नगर निगम, राजस्व समेत विभिन्न विभागों का रेलवे भूमि अतिक्रमण प्रकरण में पीएम आवास योजना के फार्म का सत्यापन जारी है।

अधिकारियों के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार रेलवे भूमि अतिक्रमण में 6882 लोगों ने पीएम आवास योजना में फार्म भरे हैं जिनका डोर टू डोर जाकर दस्तावेजों व शपथ पत्र का वेरिफिकेशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में 28 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी इसलिए इससे पूर्व सत्यापन पूर्व करना होगा। फिर उनका सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण भी होगा। ऐसे में जल्द से जल्द सर्वे पूरा करना होगा। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने बताया कि आवेदन फार्मों का वेरिफिकेशन अंतिम चरण में है, जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

# बेस में हड्डी रोग विशेषज्ञ की कमी, मरीज परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

- सोबन सिंह जीना अस्पताल में मरीजों को हो रही दिक्कत

**अमृत विचारः** बेस अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ के एक पद खाली होने के बाद स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो गई हैं। मंगलवार को ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में व्यस्तता के कारण ओपीडी सेवाएं बाधित रहीं, जिससे दूर-दराज से आए मरीजों को बिना इलाज लौटना पड़ा।

अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ के दो पद स्वीकृत हैं, लेकिन एक संविदा चिकित्सक के इस्तीफे के बाद अब पूरी जिम्मेदारी एकमात्र विशेषज्ञ डॉ. पीएस खोलिया पर आ गई है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार और गुरुवार को डॉक्टर की ओटी निर्धारित रहती है, जबकि शेष दिनों में ओपीडी संचालित होती है। ऐसे में ओटी के दिनों में मरीजों को परामर्श नहीं मिल पा रहा है।

प्रतिदिन 200 से अधिक मरीज अस्पताल पहुंचते हैं, जिनमें अधिकांश आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से होते हैं। लंबा इंतजार करने के बावजूद उपचार न मिलना उनके लिए परेशानी का कारण बन रहा है। समाजसेवी प्रेम बेलवाल ने एक और हड्डी रोग विशेषज्ञ की तैनाती की मांग की है। पीएमएस डॉ. केएस दत्ताल ने बताया कि एक और हड्डी रोग विशेषज्ञ की तैनाती के लिए मुख्यालय को लिखा गया है।

# गर्मी में नक्सीर फूटने का खतरा पर्याप्त पानी लें, शरीर ठंडा रखें

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचारः** बढ़ते तापमान और गर्मी के प्रभाव को देखते हुए राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के ईएनटी (कान, नाक और गला) विभाग ने आमजन के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सलाह जारी की है। ईएनटी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. शहजाद अहमद ने बताया कि गर्मी में शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) तेजी से बढ़ती है, जिससे गला सूखना, खराश और संक्रमण जैसी समस्याएं हो सकती हैं। उन्होंने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और शरीर को हाइड्रेट रखने की सलाह दी। उन्होंने चेतावनी दी कि अत्यधिक आइसक्रीम, ठंडे पेय पदार्थ और बहुत ठंडा पानी पीने से गले में संक्रमण, टॉन्सिलाइटिस और खांसी की शिकायत बढ़ सकती है। साथ ही, एसी की सीधी ठंडी हवा के संपर्क में आने से सर्दी-जुकाम, नाक बंद होना और गले में दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं, इसलिए तापमान संतुलित रखना जरूरी है।

गर्मी में धूल अधिक होने से एलर्जी, छींक और साइनस की दिक्कतें भी बढ़ जाती हैं। कान की देखभाल को लेकर उन्होंने कहा कि नहाने या तैराकी के बाद कान में पानी न रहने दें, क्योंकि इससे संक्रमण का खतरा रहता है। तेज गर्मी में नाक की नसें सूखने से नकसीर (नाक से खून आना) की समस्या भी हो सकती है, जिससे बचाव के लिए शरीर को ठंडा रखना और पानी का सेवन बढ़ाना आवश्यक है।

### डॉक्टर की ही सलाह लें

**हल्द्वानी :** यदि किसी व्यक्ति को कान में दर्द, सुनाई कम होना, गले में तेज दर्द, नाक से लगातार पानी या खून आना जैसी समस्याएं हों, तो तुरंत ईएनटी विशेषज्ञ से परामर्श लेने की सलाह दी गई है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जीएस तितियाल ने बताया कि मरीज अपने मन से कोई दवा न लें केवल डॉक्टर को ही दिखाएं।

# कितनी शुद्धता से बनता है पिज्जा अफसरों ने मौके पर परखी व्यवस्था

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** बढ़ती गर्मी के मद्देनजर संभावित संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने मंगलवार को अभियान चलाया। इस दौरान शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों, विशेष रूप से पिज्जा दुकानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की गई। इसके तहत टीम ने कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। शहर के प्रमुख पिज्जा स्टोरों में छापेमारी की। इस दौरान रसाई में पिज्जा बनाते हुए भी जांच की गई और साथ ही कर्मचारियों से सफाई को लेकर सवाल भी पूछे गए। खाद्य सुरक्षा विभाग ने अरहर की दाल, पिज्जा एवं लस्सी के नमूने एकत्र किए। इन नमूनों को विधिवत जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला, रुद्रपुर भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम में खाद्य जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।



पिज्जा दुकान में जांच करते खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह।

# नैनीताल में मेडिकल स्टोरों में हुई चेकिंग, कई को थमाया नोटिस

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** ड्रग्स विभाग ने रामनगर क्षेत्र में मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी अभियान चलाया। ड्रग्स इंस्पेक्टर डॉ. अर्चना ने मोहल्ला बंबाघेर में अचानक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चार मेडिकल स्टोरों में पाई गई अनियमितताओं के संबंध में संचालकों को नोटिस जारी किए गए और निर्धारित समयावधि में अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही चार दवाओं के नमूने लेकर परीक्षण के लिए राजकीय औषधि विभाग भेजे गए हैं।



मेडिकल स्टोर का निरीक्षण करती ड्रग्स इंस्पेक्टर डॉ. अर्चना।

जांच के दौरान प्रमुख अनियमितताओं में पंजीकृत फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में दवाओं का क्रय-विक्रय, अभिलेखों का मौके पर सत्यापन न होना, दवाओं का निर्धारित तापमान पर भंडारण न किया जाना और मेडिकल स्टोरों में स्वच्छता का अभाव शामिल रहा।

ड्रग्स विभाग ने स्पष्ट किया है कि दवाओं के भंडारण, वितरण और विक्रय में निर्धारित मानकों का पालन अनिवार्य है। किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी, ताकि जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। छापेमारी के दौरान मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मचा रहा।

# बगीचा काटने पर 1.80 लाख का जुर्माना ठोका

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** बेड़ाझाल में आम और लीची के बगीचे को काटने के मामले में वन विभाग ने आरोपियों पर एक लाख अस्सी हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

बीते दिनों फलपट्टी क्षेत्र के बेड़ाझाल गांव में कई एकड़ में फैले आम और लीची के फलदार पेड़ों को भूमाफियाओं ने काट दिया था। यह घटना मीडिया की सुर्खियों में रही। बीते बुधवार को पांच लोग आरी और कटर मशीन लेकर बगीचे में पहुंचे और बेधड़क एक-एक कर 48 आम और 11 लीची के पेड़ काट दिए। ग्रामीणों का आरोप है कि इससे पहले भी आरोपियों ने बगीचे को काटने का प्रयास किया था। उद्यान प्रभारी अर्जुन सिंह परवाल ने बताया कि मामले की सूचना पर विभागीय टीम को मौके पर भेजा गया। बगीचा वन विभाग के अधीन आता है, इसलिए वन विभाग को भी सूचना दे दी गई थी। उधर, वन विभाग के एसडीओ संदीप गिरी ने बताया कि आरोपियों ने एक-एक कर 48 आम और 11 लीची के पेड़ काटकर नष्ट कर दिए। बगीचा स्वामी तखब्बर पुत्र कल्लन और पेड़ काटने वाले तेलीपुरा निवासी इकबाल पुत्र अब्दुल के खिलाफ वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। उनपर 1.80 लाख रुपये का जुर्माना ठोका है।

**निगरानी**

**उत्तर प्रदेश मजदूर आंदोलन की आग की आंच उत्तराखंड तक, असंतोष को आक्रोश में बदलने वालों की ली जा रही टोह**

# आखिर कौन बरगला रहा है देवभूमि के मेहनतकशों को, खुफिया तंत्र एक्टिव

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी।

**अमृत विचार :** नोएडा की तर्ज पर क्या मजदूर आंदोलन की आड़ में उत्तराखंड के भी औद्योगिक शहरों को झुलसाने की साजिश रची जा रही है? दरअसल, मोटाहल्दू में इसकी बानगी देखने को मिली, जहां मजदूरों के आंदोलन को हाईजैक करने की कोशिश की गई, लेकिन पुलिस ने इस कोशिश को नाकाम कर दिया। खुफिया विभाग की पूरे मामले पर नजर है और यह देखा जा रहा है कि कहीं नोएडा में हुए मजदूर आंदोलन की तर्ज पर यहां भी तो साजिश नहीं रची जा रही।

उत्तराखंड के प्रमुख औद्योगिक शहर हरिद्वार, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर), पंतनगर, देहरादून, काशीपुर, सितारगंज और हल्द्वानी हैं। सिडकुल के जरिए से इन शहरों में ऑटोमोबाइल, फार्मास्युटिकल (दवा), एग्रो-आधारित और आईटी जैसे उद्योगों को विकसित किया जा रहा है।

हरिद्वार सिडकुल राज्य का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है। रुद्रपुर में ऑटोमोबाइल, कृषि और फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स का बड़ा केंद्र है। इसी तरह पंतनगर में विनिर्माण और कृषि-आधारित उद्योग, काशीपुर में पेपर मिल और कृषि-आधारित उद्योग, देहरादून में फार्मा सिटी और आईटी पार्क हैं। ऐसे में इस बात को समझना आसान है कि इन उद्योगों से बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार मिलता है, इन्हें बरगलाना भी आसान है, ठीक वैसे ही जैसे नोएडा में हुआ। नोएडा में आंदोलन विशुद्ध रूप से मजदूरों का था, लेकिन इसे हाईजैक किया और आंदोलन को उग्र बना दिया। ताजा घटनाक्रम देखे तो हल्दूचौड़ स्थित मदरसन कंपनी में मजदूर आंदोलन शुरू हो गया। मजदूरों की मदद के नाम पर यहां राजनीति से जुड़े लोग पहुंचे। इनकी वजह से मजदूरों का विरोध आक्रोश बन सकता था। पुलिस ने पहले ही उन्हें काबू कर लिया। खुफिया विभाग अब इसकी तस्दीक में जुटे हैं कि कहीं इस आंदोलन के तार भी नोएडा के षड्यंत्रकारियों से तो नहीं जुड़े हैं। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि मजदूरों की मांगों को मान लिया गया। इस बात की जांच जरूर कराई जाएगी कि यह सिर्फ मजदूरों का आंदोलन था।



मदरसन फैक्ट्री में धरने पर बैठे श्रमिकों से वार्ता करते पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी।

### मदरसन कंपनी मामले में 30 लोगों के खिलाफ संगीन मुकदमे दर्ज

**हल्दूचौड़/लालकुआं :** मोटाहल्दू क्षेत्र में स्थित मदरसन कंपनी में अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे श्रमिकों और प्रबंधन के बीच चल रहा गतिरोध आज समाप्त हो गया। जिला प्रशासन, श्रम विभाग और नैनीताल पुलिस के समन्वित प्रयासों तथा सकारात्मक मध्यस्थता के बाद श्रमिकों ने अनशन समाप्त कर काम पर वापस लौटने का निर्णय लिया। एसडीएम, पुलिस प्रशासन, श्रम विभाग के अधिकारियों, प्रबंधन और श्रमिकों के बीच कई दौर की वार्ता हुई। श्रमिकों द्वारा रखी गई 14 प्रमुख मांगों में से 12 मांगों को प्रबंधन ने तत्काल स्वीकार कर लिया है। शेष 2 मांगों पर शासन स्तर से कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए सकारात्मक आश्वासन दिया गया है। एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी ने स्पष्ट किया है कि औद्योगिक क्षेत्रों में शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर ऐसे तत्वों पर गुंडा एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जाएगी।

### नोएडा में ऐसे हिंसक हुआ आंदोलन

**हल्द्वानी :** नोएडा हिंसा को पुलिस ने एक षड्यंत्र करार दिया और मुख्य संदिग्ध षड्यंत्रकारी आदित्य आनंद को तमिलनाडु से गिरफ्तार किया। दावा कि उसने नोएडा में एक फ्लैट किराए पर लिया और यहीं षड्यंत्र रचा। उसका मकसद मजदूरों के आंदोलन की आड़ में हिंसा भड़काना और प्रशासनिक कामकाज को ठप करना था। जांच एजेंसियों के मुताबिक, कई संगठनों और फ्रंट के बीच गहरा कनेक्शन सामने आया है, जिन्होंने मिलकर नोएडा हिंसा की प्लानिंग रची थी।

## दानिश से खरीदी स्मैक पकड़ा गया नमन

**हल्द्वानी :** पेड़ की छांव में सिगरेट के कश लगा रहे एक शातिर को पुलिस ने दबोच लिया। कोतवाल विजय कुमार मेहता ने बताया कि बीती 20 अप्रैल को एसआई मनोज कुमार टीम के साथ गश्त पर थे। टीम डीके पार्क में चेकिंग करते मंदिर से रामलीला मैदान पहुंचे एक युवक को पेड़ के नीचे सिगरेट पीता पाया। पुलिस ने उसके पास मौजूद सिगरेट की डिब्बी खोली तो अंदर से 12.51 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नमन शाह पुत्र किशोरी लाल शाह निवासी माल रोड मल्लीताल नैनीताल बताया। साथ ही बताया कि बरामद स्मैक वह बनभूलपुरा में रहने वाले दानिश से खरीदकर लाया था। कोतवाल ने बताया कि गिरफ्त में आए नमन ने जो भी बताया है, उसकी तस्दीक की जा रही है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# मंत्री ने की योजनाओं की समीक्षा व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश

## भीमताल की स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण संबधी सीएम की घोषणाओं पर अमल करने को कहा

संवाददाता, भीमताल


भीमताल स्थित विकास भवन में समीक्षा बैठक लेते मंत्री। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में शहरी विकास, जलागम प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण संरक्षण मंत्री राम सिंह कैड़ा की अध्यक्षता और जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल की उपस्थिति में जिला स्तरीय अधिकारियों की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में मंत्री ने पर्यटन नगरी और श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्मी के मौसम में पेयजल की किल्लत न हो, इसकी प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने, मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने के लिए ठोस उपाय करने तथा वनाग्नि को रोकने हेतु पिरूल एकत्र करने और इस कार्य में महिला समूहों की सहायता लेने को कहा।

उन्होंने वन एवं कृषि विभाग को आपसी समन्वय से बंदरों को पकड़ने की कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। साथ ही बच्चों के भविष्य से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ न हो, गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुनिश्चित करने और शिक्षा व्यवस्था में सुधार कर जनपद को राज्य में प्रथम स्थान पर लाने की दिशा में कार्य करने को कहा। दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती तथा जर्जर विद्यालयों की मरम्मत के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान सभी चिकित्सालयों में बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा भीमताल में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए।

पर्यटन विभाग की समीक्षा में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने, सभी पर्यटन स्थलों के सौंदर्यीकरण तथा गर्मियों में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। जल संस्थान एवं पेयजल विभाग को जल जीवन मिशन के अंतर्गत अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने को कहा गया। सेवायोजन एवं उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार से जोड़ने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण, रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी तथा प्राथमिकता के आधार पर ॠण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। पूर्ति विभाग की समीक्षा में ग्रामीण क्षेत्रों में समान रूप से गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने, केवाईसी कैंप आयोजित करने तथा मानसून से पूर्व तीन माह का खाद्यान्न वितरण पूरा करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने शत-प्रतिशत घर-घर गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा गैस वितरण की नियमित निगरानी और छापेमारी के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों का समय-समय पर औचक निरीक्षण करने और उसकी एक्शन टेकन रिपोर्ट उपलब्ध कराने को भी कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडे, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग मनोहर सिंह धर्मशक्तू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## भुवन समेत तीन को फिर मिली कांग्रेस में जिम्मेदारी





**रामनगर:** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने एक बार फिर रामनगर नगर कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए भुवन चंद शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के लिए देशबंधु रावत और मालधन चौड़ अध्यक्ष पद पर ओम प्रकाश आर्या को मनोनीत किया है। पार्टी ने भरोसा जताया कि इनके नेतृत्व में संगठन मजबूती के साथ नए लोगों को जोड़ेगा। तीनों के पुनः मनोनयन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए मिष्ठान वितरण किया और हाईकमान का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत, जिला उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल (खुलासा), जिला महासचिव मो. युसूफ, नगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस ललिता उपाध्याय, सतेश्वरी रावत, ममता आर्या, लीलाधर जोशी, एडवोकेट वीरेंद्र सिंह सहित अन्य नेताओं ने उन्हें बधाई दी है।


भीमताल स्थित एचजी डिग्री कॉलेज में फिल्म शूटिंग के दौरान का दृश्य।

## एचजी डिग्री कॉलेज में हुई हिन्दी फिल्म की शूटिंग

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल स्थित एचजी डिग्री कॉलेज हाल ही में एक बॉलीवुड फिल्म की शूटिंग के कारण सुर्खियों में रहा। यह शूटिंग 14 से 18 अप्रैल 2026 तक पांच दिनों तक चली। इस दौरान परिसर में जिमी शेरगिल, परमब्रत चटर्जी, निम्रत कौर अहलूवालिया, कमलेश सावंत, हसलीन कौर, नमन रौतेला सहित कई कलाकार मौजूद रहे। निर्देशक अभिषेक आर. शर्मा और निर्माता अमित कुमार सिंह की उपस्थिति ने शूटिंग को और खास बना दिया।

फिल्म की शूटिंग कॉलेज के कक्षाओं, पुस्तकालय, खेल मैदान और प्राकृतिक स्थलों पर की गई, जिससे भीमताल की प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण को फिल्म में प्रमुखता मिली। कलाकारों ने परिसर की स्वच्छता, हरियाली और अनुशासन की सराहना की। उन्होंने इसे शूटिंग के लिए अत्यंत उपयुक्त स्थान बताया। फिल्म यूनिट ने छात्रों से संवाद कर उन्हें फिल्म निर्माण की जानकारी भी दी, जिससे छात्रों में उत्साह बढ़ा। कॉलेज प्रशासन ने इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण अवसर बताया और कहा कि इससे कॉलेज की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत हुई तथा छात्रों को प्रेरणा मिली। इस दौरान छात्रों में खासा उत्साह देखने को मिला और उन्हें फिल्मी दुनिया को करीब से समझने का अवसर मिला। कॉलेज प्रशासन ने फिल्म यूनिट का गर्मजोशी से स्वागत किया।

# अधिवक्ताओं ने बहिष्कार किया समाप्त

संवाददाता, नैनीताल



जिला जज की मौजूदगी में अधिवक्ताओं को संबोधित करते बार अध्यक्ष अरुण सिंह बिष्ट।

**अमृत विचार :** जिला न्यायालय में चल रहा अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार मंगलवार को जिला जज प्रशांत जोशी की मध्यस्थता के बाद समाप्त हो गया। अधिवक्ताओं ने प्रथम अपर जिला जज (विशेष न्यायाधीश/एनडीपीएस) की अदालत के बहिष्कार को खत्म करने की घोषणा करते हुए बुधवार से नियमित कार्य शुरू करने का निर्णय लिया है।

मंगलवार को जिला जज प्रशांत जोशी स्वयं बार सभागार पहुंचे और अधिवक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण सिंह बिष्ट ने न्यायालयों में अधिवक्ताओं के साथ हो रही दिक्कतों और सम्मान से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। वहीं सचिव संजय सुयाल ने न्यायिक अधिकारी द्वारा समाचार पत्रों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को नोटिस जारी किए जाने को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ बताया। जिला जज ने अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं का समाधान आपसी संवाद और सामंजस्य के जरिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता न्यायिक व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा हैं और बार व बेंच एक परिवार की तरह हैं, जिनके बीच किसी भी विवाद का हल बातचीत से ही संभव है। साथ ही उन्होंने नोटिस प्रकरण के समाधान का भी भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि अधिवक्ताओं ने प्रथम अपर जिला जज पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाते हुए उनकी अदालत का बहिष्कार शुरू किया था।

# पालिका टीम और कब्जाधारियों में तीखी झड़प

संवाददाता, रामनगर


रामनगर में अवैध अतिक्रमण हटाती पालिका की जेसीबी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मंगलवार को अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान उस समय माहौल तनावपूर्ण हो गया, जब नगर पालिका टीम और अतिक्रमणकारियों के बीच तीखी झड़प हो गई। हालांकि पुलिस की मौजूदगी के बाद हालात काबू में आ गए और अभियान दोबारा शुरू किया गया।

रामनगर में प्रशासन, नगर पालिका और पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। इस दौरान शहर के कई इलाकों में सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया तथा बड़ी मात्रा में सामान जब्त किया गया। अभियान के दौरान गैस गोदाम रोड और घास मंडी क्षेत्र में टीम जैसे ही कार्रवाई के लिए पहुंची, कुछ अतिक्रमणकारियों ने विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते बहस बढ़ गई और स्थिति झड़प तक पहुंच गई। मौके पर मौजूद पालिका अधिकारियों को स्थिति नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल बुलाना पड़ा।

पुलिस के पहुंचने के बाद हालात पर काबू पाया गया, जिसके बाद पालिका टीम ने पुनः कार्रवाई शुरू की। संयुक्त अभियान में एसडीएम गोपाल सिंह चौहान, सीओ सुमित पांडे, एआरटीओ प्रवर्तन ॠषि तिवारी और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल मौके पर मौजूद रहे और पूरे अभियान की निगरानी करते रहे। कार्रवाई के दौरान तीन ट्रक से अधिक अतिक्रमण सामग्री जब्त की गई। साथ ही कुछ लोगों के चालान काटकर जुर्माना भी वसूला गया। प्रशासन की इस कार्रवाई का असर मुख्य बाजार में भी देखने को मिला, जहां कई लोगों ने स्वयं ही अपना सामान हटाना शुरू कर दिया। अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने बताया कि घास मंडी क्षेत्र में कुछ लोगों ने अतिक्रमण हटाने के लिए शाम तक का समय मांगा है। ऐसे में कल इस क्षेत्र में पक्के अतिक्रमण के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# नैनीताल में कर निर्धारण के 57 मामलों का निस्तारण

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नगर पालिका नैनीताल की कर निर्धारण समिति की बैठक मंगलवार को समिति अध्यक्ष लता दफौटी की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें कर निर्धारण से जुड़े कुल 57 मामलों का निस्तारण किया गया।

बैठक के दौरान 27 मामलों में संबंधित पक्षकारों की सुनवाई करते हुए विस्तृत विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिए गए, जबकि 30 मामलों में पक्षकारों की अनुपस्थिति के चलते एकतरफा निस्तारण किया गया। इसके अलावा दाखिल-खारिज के दो मामलों का भी निपटारा किया गया, जबकि एक प्रकरण को अगली सुनवाई तक स्थगित रखा गया। समिति सदस्य डॉ. सरस्वती खेतवाल ने 50 हजार रुपये से अधिक कर निर्धारण से जुड़े तीन मामलों की सुनवाई कर उनका निस्तारण किया। वहीं 50 हजार रुपये से कम राशि वाले 24 मामलों में भी समिति ने सुनवाई कर निर्णय सुनाए। बैठक में कर निर्धारण प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। समिति अध्यक्ष लता दफौटी ने निर्देश दिए कि कर संबंधी मामलों का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाया जाए। बैठक में समिति सदस्य सपना बिष्ट, गजाला कमाल, गीता उप्रेती, कर अधीक्षक दीपेंद्र बमोला, कर निरीक्षक वेदप्रकाश सैनी, टैक्स कलेक्टर मोहन सिंह चिलवाल और कार्यालय अधीक्षक शिवराज नेगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## डॉ. सिराज अहमद की पुस्तक 'नगरीय भूगोल' का विमोचन

**रामनगर:** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सिराज अहमद की पुस्तक नगरीय भूगोल का विमोचन प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने किया। इस उपलब्धि पर प्राचार्य सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों और शिक्षणेत्तर कार्मिकों ने डॉ. सिराज अहमद को बधाई और शुभकामनाएं दीं। भूगोल विभाग के प्रभारी डॉ. सिराज अहमद ने बताया कि यह पुस्तक डीएसबी परिसर, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के भूगोल विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मोहन लाल के संयोजन में तैयार की गई है। इसमें नगरीय विकास के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की गई है। लेखकद्वय ने पुस्तक में नगरीय विकास से जुड़ी समस्याओं और चुनौतियों को भी शामिल किया है तथा उनके समाधान के सुझाव प्रस्तुत किए हैं।

# सड़क पर आया जंगली हाथी, सेल्फी लेने के लिए एकदम करीब पहुंचे लोग

संवाददाता, रामनगर


जंगली हाथी का वीडियो बनाते लोग।

**अमृत विचार:** जंगल वन्यजीवों का घर है। उनके बीच या रास्ते में जाना खुद अपनी जान को खतरे में डालने जैसा है, लेकिन लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आते। मंगलवार दोपहर रामनगर-भंडारपानी मार्ग पर सड़क पर आए जंगली हाथी को देखकर लोग यह भी भूल गए कि यह एक आक्रामक हाथी हो सकता है, जो बेहद खतरनाक होता है।

रामनगर वन प्रभाग के अंतर्गत आने वाले रामनगर-भंडारपानी मार्ग पर टेढ़ा गांव के पास मंगलवार दोपहर एक जंगली हाथी सड़क पर आ गया। अचानक हाथी के सड़क पर आ जाने से वहां से गुजर रहे वाहन चालक और पर्यटक रुक गए। कुछ देर तक हाथी सड़क पर टहलता रहा, जिससे क्षेत्र में दहशत और हलचल का माहौल बन गया। हैरान करने वाली बात लोगों का व्यवहार रहा। हाथी को देखकर जहां लोगों को सुरक्षित दूरी बनाकर रहना चाहिए था, वहीं कई लोग अपने वाहनों से उतरकर उसके बिल्कुल करीब पहुंच गए। कुछ लोग तो पैदल ही हाथी के पास जाकर मोबाइल से वीडियो और फोटो बनाने लगे। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा बनाए गए वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह लोग खतरे को नजरअंदाज कर रहे थे। कोई सेल्फी लेने में व्यस्त था तो कोई वीडियो शूट करने में। यह लापरवाही कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती थी। वन्यजीव प्रेमी नमित अग्रवाल के अनुसार, जंगली हाथी बेहद संवेदनशील और अप्रत्याशित व्यवहार वाला जानवर होता है। यदि उसे जरा सा भी खतरा महसूस होता है तो वह अचानक आक्रामक हो सकता है और हमला कर सकता है। ऐसे में इतनी नजदीकी बनाना सीधे तौर पर जान जोखिम में डालने जैसा है। हालांकि राहत की बात यह रही कि हाथी शांत रहा और बिना किसी को नुकसान पहुंचाए जंगल की ओर लौट गया। वन क्षेत्राधिकारी शेखर तिवारी ने बताया कि गनीमत रही कि हाथी शांत रहा, अन्यथा कोई बड़ी घटना घट सकती थी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वन्यजीवों के पास नहीं जाएं, जानवर भड़क सकता है।

## कॉलेज की ग्रीन आर्मी ने चलाया सफाई अभियान




**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ग्रीन आर्मी द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्राचार्य प्रो. एम.सी. पांडे ने समस्त प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कार्मिकों, एनसीसी, एनएसएस, रोवर्स-रेंजर्स, नमामि गंगे के स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व पर संबोधित किया। ग्रीन आर्मी का उद्देश्य पर्यावरण, जल और ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक प्रो. जे.एस. नेगी, डॉ. सिराज अहमद, डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. डी.एन. जोशी सहित अन्य प्राध्यापक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

पृथ्वी दिवस

सूर्य का तापमान बढ़ने से समाप्त हो जाएगा पृथ्वी का वातावरण

# पृथ्वी से 1.08 अरब साल बाद खत्म हो जाएगी ऑक्सीजन

संवाददाता, नैनीताल


पृथ्वी के वातावरण का काल्पनिक चित्र।

**अमृत विचार:** पृथ्वी पर ऑक्सीजन हमेशा के लिए नहीं रहने वाली है बल्कि एक अरब वर्ष बाद खत्म हो जाएगी। सूर्य का ताप बढ़ने से कार्बन डाईऑक्साइड खत्म होने और प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया थम जाने के कारण ऑक्सीजन पृथ्वी से समाप्त हो जाएगी। वैज्ञानिकों की रिसर्च कर यह खुलासा किया है। वैज्ञानिकों के इस रिसर्च की समीक्षा नैनीताल स्थित आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के पर्यावरण वैज्ञानिक भी कर रहे हैं।

दरअसल, पृथ्वी ही एकमात्र ऐसा ग्रह है, जहां प्रयाप्त मात्रा में आक्सीजन है। इसकी तुलना में मंगल ही एकमात्र ग्रह है, जहां बहुत कम मात्रा में उपलब्ध है। पृथ्वी पर ऑक्सीजन के भविष्य को लेकर प्रश्न बना रहता था कि इसकी भी कोई आयु निर्धारित होगी। इस पर रिसर्च वर्ष 2000 से शुरू हुए, जो अभी तक जारी है। हालांकि पहला रिसर्च पेपर 2021 में आया था। इसके बाद के सालों में भी निरन्तर शोध प्रकाशित होते रहे है।

एरीज के विशेषज्ञों की नजर ओकायमा यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों के आए एक नवीनतम शोध पर भी है। जिसमें बताया गया है कि पृथ्वी से 1.08 अरब साल बाद ऑक्सीजन पूरी तरह खत्म हो जाएगी। इसके साथ ही धरती से जीव जंतुओं का अस्तित्व भी समाप्त हो जाएगा। इसका बड़ा कारण सूर्य की रोशनी होगी, जिसका प्रकाश बढ़ जाएगा।

यानी तापमान बढ़ने के साथ पृथ्वी का वातावरण बदल जाएगा। इससे पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया बंद हो जाएगी। प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया होने से ऑक्सीजन बनाने वाले पौधे और शैवाल मर जाएंगे। नतीजतन, वायुमंडल में ऑक्सीजन बहुत तेजी से कम होने लगेगी। फिर एक दिन ऐसा भी आएगा पूरी तरह खत्म हो जाएगी। इसके बाद जीव जंतु पूरी तरह समाप्त हो जाएंगे और पृथ्वी फिर से प्राचीन काल जैसी अवस्था में आ जाएगी। ऐसे वातावरण में कुछ ही सूक्ष्म जीव रह बचे रह सकेंगे। वैज्ञानिकों का कहना है कि सूर्य धीरे-धीरे चमकदार और गर्म होता जा रहा है। इसकी चमक एक अरब साल में बढ़ती है। इससे पृथ्वी पर तापमान बढ़ेगा। बढ़े हुए तापमान से कार्बन डाइऑक्साइड वातावरण से तेजी से निकल जाएगी। कार्बन डाईऑक्साइड कई रासायनिक प्रक्रियाओं को जन्म देती है। इसके खत्म होने के साथ पृथ्वी का मौसम भी नहीं रहेगा।

### घबराने जैसी कोई बात नहीं: डॉ. नरेंद्र सिंह

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह कहते हैं कि सूरज धीरे धीरे गर्म होता जा रहा है। भविष्य में इसका तापमान इतना बढ़ जाएगा कि वातावरण को सजीव बनाने वाले कारक सूर्य की गर्मी में रह नहीं पाएंगे। जिनमें ऑक्सीजन भी शामिल होगी। मगर यह स्थिति आने में लंबा समय लगेगा। इसलिए घबराने जैसी कोई बात नहीं है। मगर जीवन के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण ऑक्सीजन के भविष्य को लेकर जानकारी बेहद जरूरी है। जिसके चलते यह शोध बेहद महत्वपूर्ण है।


अवंतिका शक्तिपीठ से पहुंचे महामंडलेश्वरों का स्वागत करते श्रद्धालु।

### बच्चों को संस्कृति के प्रति जागरूक करे हिंदू: महामंडलेश्वर

**लालकुआं :** पंचदशनाम जूना अखाड़ा से संबद्ध महामंडलेश्वर श्रद्धा गिरी एवं महामंडलेश्वर चेतना गिरी ने अवंतिका कुंज देवी मंदिर पहुंचकर मां अवंतिका शक्तिपीठ के दर्शन और पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड को धर्म और अध्यात्म की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध बताते हुए कहा कि यह देवभूमि अपनी धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। दोनों महामंडलेश्वरों ने कहा कि बच्चों को हिंदू तिलक, टोपी के साथ अपनी संस्कृति और सनातन परंपराओं के प्रति जागरूक करना आवश्यक है, ताकि वे अपनी जड़ों से जुड़े रहें। मंदिर में संत समाज और श्रद्धालुओं ने उनका भव्य स्वागत किया। आचार्य चंद्रशेखर जोशी ने मुख्य शक्तिपीठ पर विधिवत पूजन-अर्चन कराया, जबकि वरिष्ठ पत्रकार रमाकांत पंत ने मां अवंतिका शक्तिपीठ की महिमा का वर्णन किया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी अध्यक्ष लक्ष्मण खाती, विभिन्न संत, सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में धर्म, अध्यात्म और संस्कृति के संरक्षण पर विशेष बल दिया गया।

सिटी ब्रीफ

## कटऑफ डेट बढ़ाने की मांग, मंत्री को ज्ञापन

**भीमताल** : कुमाऊं विश्वविद्यालय के भीमताल स्थित परिसर में कार्यरत संविदा और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने नियमितीकरण के लिए राज्य सरकार से कटऑफ डेट को कम से कम वर्ष 2024 तक बढ़ाने की मांग की है। इस संबंध में कर्मचारियों ने राज्य के कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा को ज्ञापन सौंपा। कैबिनेट मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए इस मुद्दे को सरकार तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एल.एस. रौतेला, परिसर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बी.सी. ध्यानी, सचिव हीरा सिंह किरौला, संविदा कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मुकेश डालाकोटी, आनंद सिंह रैखोला, रमेश तिवारी, कृष्णा पालीवाल, गगन कुमार मौजूद रहे।

## राजकीय पेंशन परिषद का पांचवां स्थापना दिवस मनाया

**हल्द्वानी** : राजकीय पेंशन परिषद उत्तराखंड का पांचवां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य अभियंता लोनिवि दयानंद और राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के निदेशक उपस्थित रहे। परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष गणपत बिष्ट ने अतिथियों का स्वागत किया व विभिन्न जनपदों से आए मंडलीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में पेंशनर्स की समस्याओं को उठाया। उन्होंने गोल्डन हेल्थ कार्ड योजना के अंतर्गत प्रतिपूर्ति दावों के निस्तारण में हो रही देरी और भुगतान संबंधी समस्याओं पर चिंता व्यक्त की।

# तीन दिन में दूसरी बार लगी आग, करीब दो हेक्टेयर भूमि की हरियाली जलकर खाक

### नैनीताल वन डिवीजन में 48 घंटों तक धधकी आग सोमवार रात बुझायी, मंगलवार को फिर से लग गई

संवाददाता, नैनीताल/हल्द्वानी


जंगल में लगी आग को बुझाने में जुटा वनकर्मी। ● अमृत विचार


नैनीताल के जंगलों में लगी आग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गर्मी के बढ़ते सितम के बीच जंगलों में आग बेकाबू हो रही है। नैनीताल जिले के गेठिया में लगी आग 48 घंटे बाद मंगलवार तड़के बुझा ली गई। दोपहर बाद फिर से जंगल धधकने लगे। ग्रामीणों की सूचना पर वन टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। फिलहाल आग में दो हेक्टेयर भूमि में लगी हरियाली खाक बन गई।

नैनीताल वन डिवीजन के अंतर्गत बीते रविवार की सुबह गेठिया और आलूखेत के जंगलों में आग लगी थी। गेठिया में पायलट बाबा के आश्रम के समीप और एक किमी दूर आग लगी थी। हाल ही में लगातार बढ़ रहे तापमान और हीट वेब की वजह से जंगलों में नमी कम हो गई और सूखे पत्तों का ढेर लगा है जो कि हीट वेब के बाद आग के लिए ईंधन बन गया है।

इस वजह से जंगल में लगी आग कुछ ही समय में विकराल हो गई। आग ने आबादी की ओर बढ़ी तो वन विभाग व ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया लेकिन दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र और सूखी वनस्पति के कारण जंगल के भीतर आग तेजी से फैलती चली गई।

आग को बुझाने में 40 से अधिक वन कर्मी, एसडीआरएफ व अग्निशमन के कर्मी डटे रहे। लगभग 48 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। इधर, मंगलवार को धधके हुए जंगलों ने फिर से धधकना शुरू कर दिया। जिस वजह से आसमान धुए से भर गया है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची टीम ने फिर से आग पर काबू पाया। इसके अलावा खुर्पाताल के जुगड़ा गांव और एरीज के समीप जंगलों में आग लगी थी जिस पर काबू पा लिया गया।

गेठिया निवासी गौरव पंत ने बताया कि मंगलवार को आग लगने का तीसरा दिन था। हालांकि, वन अधिकारी और गांव वाले आग को रिहायशी इलाकों तक पहुंचने से रोकने में कामयाब रहे हैं, फिर भी आग की लपटें घरों के करीब आती जा रही हैं, जिससे इसे तुरंत काबू करना जरूरी हो गया है।

> रिहायशी इलाकों को फिलहाल आग से सुरक्षित कर लिया गया है, लेकिन जंगल के अंदर लगी आग को काबू करने में समय लग रहा है। रविवार (19 अप्रैल) को जो आग लगी थी, उसे सोमवार (20 अप्रैल) की शाम तक दिन-रात की कोशिशों के बाद काबू कर लिया गया था, लेकिन मंगलवार को आग लगने की नई घटनाएं सामने आईं। नुकसान का आकलन अभी चल रहा है। शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, आग से दो हेक्टेयर जंगल जला है। **-ममता चंद**, एसडीओ नैनीताल

### आग की सूचना पर तुरंत करें रिस्पांड, निगरानी हो सख्त

**हल्द्वानी** : पश्चिमी वन वृत्त का कार्यभार संभालने के बाद सीएफ नीतिश मणि त्रिपाठी एक्टिव हो गए हैं। मंगलवार को उन्होंने पांच वन डिवीजनों के डीएफओ के साथ बैठक की और वनाग्नि, वन एवं वन्य अपराध, विभागीय कार्यशैली को लेकर समीक्षा की। बैठक में सीएफ त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान में गर्मी बढ़ने के साथ वनाग्नि की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं इसलिए सभी डीएफओ जंगलों में निगरानी बनाए रखें। फायर सीजन के लिए नियुक्त वॉचरों को फील्ड में सक्रिय रखें, गार्ड, फॉरेस्टर और रेंज ऑफिसर भी जंगलों में निरीक्षण करें। आग की सूचना पर तत्काल रिस्पांड करते हुए आग बुझाई जाए और इसकी सूचना भी ऑनलाइन अपडेट की जाए। इस दौरान डीएफओ हिमांशु बागरी, कुंदन कुमार, प्रकाश चंद्र आर्य, उमेश चंद्र तिवारी, ध्रुव सिंह मर्तोलिया आदि मौजूद रहे।


डायवर्जन का काम शुरू होने पर मिष्ठान वितरण करते कालोनी के लोग। ● अमृत विचार

# 16 कॉलोनियों के जलभराव का डायवर्जन, मिलेगी राहत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वन चौकी क्षेत्र में बरसाती नाले के डायवर्जन का दूसरा चरण मंगलवार से शुरू हो गया। 1 करोड़ 88 लाख 30 हजार रुपये की लागत से डायवर्जन किया जाएगा। क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए एक-दूसरे को बधाई दी और मिष्ठान वितरण किया।

गैर वैशाली क्षेत्र की 16 कॉलोनियों में बरसात के दौरान होने वाले जलभराव की गंभीर समस्या का प्रमुख कारण रहा है। इस समस्या से लगभग 20 हजार लोग लंबे समय से प्रभावित थे। जलभराव से न केवल घरों और खेतों को नुकसान पहुंचा, बल्कि कई मकानों में दरारें भी आ गई थीं और बच्चों की स्कूल आवाजाही भी बाधित हो रही थी। डायवर्जन का शुभारंभ वार्ड संख्या 46 के पार्षद नवीन जोशी और देवकी बिहार विकास समिति के अध्यक्ष रमेश चन्द्र पांडे ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद जेसीबी मशीन से खुदाई शुरू की गई। इस दौरान विधायक बंशीधर भगत, डीएम ललित मोहन रयाल ने क्षेत्रवासियों का आभार जताया। 339 मीटर लंबाई की इस योजना के तहत पहले चरण में 143 मीटर हिस्से में आरसीसी बॉक्स कल्वर्ट का निर्माण किया गया था। शेष कार्य बजट के अभाव में पिछले वर्ष जुलाई से रुका हुआ था। बाद में जिला खनिज न्यास निधि से 1.88 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिलने के बाद दूसरे चरण का कार्य शुरू किया गया। दूसरे चरण में 196 मीटर लंबाई में नाला निर्माण के साथ डिसिल्टिंग टैंक का निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की वर्षों पुरानी जलभराव समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। सिंचाई विभाग के अवर अभियंता संजय जोशी, ठेकेदार प्रकाश भट्ट आदि रहे।

# इंस्पिरेशन सीनियर सेकेंड्री स्कूल के छात्रों ने जेईई मेन्स की परीक्षा में लहराया परचम

संवाददाता, हल्द्वानी


काठगोदाम के इंस्पिरेशन स्कूल के छात्रों ने जेईई मेंस-2 में लहराया परचम।

**अमृत विचार :** काठगोदाम स्थित इंस्पिरेशन सीनियर सेकेंड्री स्कूल के मेधावी छात्र सर्वज्ञ श्रीवास्तव ने जेईई मेन्स-2 परीक्षा में 99.2414 पर्सेंटाइल अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इसी क्रम में विद्यालय के छात्र सार्थक रावत ने भी 96.2460 पर्सेंटाइल एवं मृदुल नाथ गोस्वामी ने 93.6604364 प्राप्त कर आईआईटी जेईई एंडवास्ड के लिए सफलतापूर्वक अर्हता प्राप्त की है।

इंस्पिरेशन के छात्र सर्वज्ञ श्रीवास्तव न केवल अकादमिक क्षेत्र में, बल्कि विद्यालय की वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में भी सदैव अग्रणी रहे हैं। उनकी बहुमुखी प्रतिभा समस्त विद्यालय परिवार के लिए प्रेरणास्रोत है।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंध निदेशक डॉ. दीपक बलूटिया, चेयरपर्सन डॉ. गीतिका बलूटिया, आयुषी बलूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उप प्रधानाचार्या ममता तनेजा, कोऑर्डिनेटर प्रियंका शर्मा, अकादमिक कोऑर्डिनेटर मनमोहन जोशी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दोनों विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है। इसी के साथ ही सर्वज्ञ, सार्थक रावत एवं मृदुल नाथ गोस्वामी के अभिभावकों को हार्दिक बधाई भी दी है।

## टमाटर की संरक्षित खेती करने का दिया प्रशिक्षण

**हल्द्वानीः** ज्योलीकोट स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में मंगलवार को टमाटर की संरक्षित खेती विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों को संरक्षित खेती से जुड़ी आधुनिक व वैज्ञानिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे वे कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में केंद्र प्रभारी डॉ. संजय चौधरी और वरिष्ठ सब्जी वैज्ञानिक डॉ. दीपाली तिवारी पांडे ने किसानों को टमाटर की खेती में अपनाई जाने वाली महत्वपूर्ण तकनीकों जैसे पिंचिंग, पौधों की कटाई-छंटाई (प्रूनिंग) और स्टेकिंग के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया। विशेषज्ञों ने इन प्रक्रियाओं के सही तरीके और समय पर किए जाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

# पिछली ड्यूटी का भुगतान हुआ नहीं, नई का आदेश

संवाददाता, हल्द्वानी

- चारधाम ड्यूटी में भेजे जाते हैं स्वास्थ्य विभाग के फार्मासिस्ट
- पिछले साल के भुगतान के लिए कर रहे हैं आंदोलन

**अमृत विचारः** चारधाम यात्रा शुरू हो गई है और धीरे-धीरे मंदिरों के कपाट खुलने लगे हैं। यात्रियों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए कुमाऊं से भी डॉक्टर, फार्मासिस्ट व अन्य स्टाफ भेजा जाता है। इसी क्रम में फार्मासिस्टों की ड्यूटी का रोस्टर आ गया है लेकिन दिक्कत यह है कि फार्मासिस्टों को अभी पुराना भुगतान ही नहीं मिला है।

बेस अस्पताल में इस समय 12 फार्मासिस्ट हैं। इसमें पांच फार्मासिस्ट की उम्र 50 साल से ऊपर है। इस वजह से उनको चारधाम ड्यूटी में नहीं भेजा जाता है। बाकी फार्मासिस्टों की ड्यूटी वहां लगाई गई है। इसके लिए रोस्टर भी जारी हो गया है। अस्पताल से एक बार में दो फार्मासिस्ट चारधाम ड्यूटी में जाएंगे। फार्मासिस्टों का कहना है कि पिछले साल भी ड्यूटी लगाई गई थी लेकिन अभी तक हमको भुगतान नहीं दिया गया है और लगातार इसके लिए आंदोलन भी किया गया है। मंगलवार को भी डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन कुमाऊं मंडल के पदाधिकारियों और डायरेक्टर कुमाऊं डॉ. केके पांडे और सीएमओ नैनीताल हरीश चंद्र पंत के मध्य बात हुई। कुमाऊं के अध्यक्ष गजेन्द्र पाठक, सचिव प्रेम शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष दिगम्बर सिंह रावत ने पूर्व भुगतान किए जाने की मांग उठाई। इस पर आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही भुगतान कर दिया जाएगा। फार्मासिस्ट संगठन का कहना है कि अगर पूरे कुमाऊं मंडल की बात करें तो सरकार को 20 लाख रुपये चारधाम ड्यूटी का फार्मासिस्टों को देना है। कहना है कि हम ड्यूटी से पीछे नहीं हट रहे हैं लेकिन तय समय पर भुगतान किया जाए।

> बेस अस्पताल से फार्मासिस्टों के रोस्टर ड्यूटी का आदेश आया है। आदेशानुसार इन्हें चारधाम यात्रा ड्यूटी में भेजा जाएगा। **-डॉ. केएस दत्ताल**, पीएमएस, बेस अस्पताल, हल्द्वानी

### अस्पताल में हो जाती है दिक्कत

**हल्द्वानी** : बेस अस्पताल समेत अन्य अस्पतालों से फार्मासिस्टों को ड्यूटी में भेजा जाता है। चारधाम यात्रा की ड्यूटी भी जरूरी है लेकिन कम कर्मचारियों की समस्या की वजह से अस्पतालों में दिक्कत शुरू हो जाती है। फार्मासिस्ट संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष पवन पांडे ने बताया कि एक बार में अगर दो फार्मासिस्टों की ड्यूटी लगा दी जाए तो अस्पताल में ही दिक्कत आ जाती है। अगर फार्मासिस्टों की संख्या पर्याप्त हो तो दिक्कत नहीं आएगी।

### उचित आवास की मांग

**हल्द्वानी** : फार्मासिस्टों का कहना है कि चारधाम यात्रा ड्यूटी के दौरान फार्मासिस्टों को रहने के लिए उचित आवास नहीं मिलने की वजह से बीमार होने की समस्या भी रहती है। सरकार से हमारी मांग है कि खासतौर से केदारनाथ रूट में कर्मचारियों रहने के लिए आवास सही किए जाएं।


एसकेएम में आयोजित कार्यशाला में प्रतिभागी शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

## एसकेएम स्कूल में वैल्यू एजुकेशन पर कार्यशाला

**हल्द्वानीः** एसकेएम स्कूल में शिक्षकों के लिए सीबीएससी की गाइडलाइंस के तहत वैल्यू एजुकेशन पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन कमलेश जोशी और श्रीमती वत्सला पांडे द्वारा शिक्षकों को नैतिक मूल्यों, शिक्षण में संस्कारों की भूमिका तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्या मोनिका शर्मा की ओर से रिसोर्स पर्सन का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। सभी प्रतिभागी शिक्षकों ने वर्कशॉप को अत्यंत उपयोगी, प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक बताया। कार्यक्रम में एसकेएम स्कूल के साथ जिले के विभिन्न स्कूलों से अनेक शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

# विद्यार्थियों को दी कानूनों की जानकारी

संवाददाता, धानाचूली


शिविर में जानकारी देतीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पारुल थपलियाल।

**अमृत विचार :** नैनीताल जनपद के धारी क्षेत्र स्थित डूंगर सिंह बिष्ट आगर राजकीय इंटर कॉलेज, टांडी पोखराड में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के अध्यक्ष व जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी के मार्गदर्शन में हुआ।

कार्यक्रम में सिविल जज (सीडि.)/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल पारुल थपलियाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। शिविर के दौरान सचिव थपलियाल ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं और कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को एनडीपीएस एक्ट के बारे में बताते हुए कहा कि यह कानून मादक एवं मनोदैहिक पदार्थों के उत्पादन, व्यापार, परिवहन और उपयोग पर कठोर नियंत्रण रखता है।

उन्होंने बताया कि इसमें सजा का प्रावधान पदार्थ की मात्रा के आधार पर तय होता है—छोटी मात्रा पर 1 वर्ष तक की सजा या जुर्माना, मध्यम मात्रा पर 10 वर्ष तक की सजा, जबकि व्यावसायिक मात्रा पर 10 से 20 वर्ष तक का कठोर कारावास और भारी जुर्माना हो सकता है। इसके अलावा उन्होंने पॉक्सो एक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष से कम आयु का प्रत्येक व्यक्ति इस कानून के तहत 'बच्चा' माना जाता है और इस आयु में सहमति का कोई महत्व नहीं होता। बच्चों से जुड़े यौन अपराधों की सुनवाई विशेष अदालतों में इन-कैमरा की जाती है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य एस.के. दीक्षित, पीएलवी भवान पुरी एवं यशवंत कुमार सहित विद्यालय स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मानदेय वृद्धि को लेकर का धरना-प्रदर्शन जारी

**हल्द्वानी** : मानदेय वृद्धि की मांग को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का धरना मंगलवार को भी बुध पार्क में जारी रहा। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला तो बुधवार से भूख हड़ताल शुरू की जाएगी।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे पिछले 15 दिनों से लगातार धरने पर बैठी हैं, लेकिन अब तक उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है। उनका आरोप है कि लंबे समय से उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है, जिससे उनमें रोष बढ़ता जा रहा है। धरना स्थल पर विभिन्न संगठनों और जनप्रतिनिधियों का समर्थन भी मिल रहा है। धारी ब्लॉक के ग्राम प्रधान गोपाल सिंह बिष्ट और किसान महासभा से जुड़े बहादुर सिंह जंगी भी धरने में शामिल होकर कार्यकर्ताओं के आंदोलन का समर्थन किया।

# शहर में बिना पंजीकरण चल रहे अर्बन हेल्थ सेंटर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** जिला नैनीताल में संचालित अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों की कार्यप्रणाली पर गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। इन केंद्रों का संचालन निदेशक अर्बन डेवलपमेंट डायरेक्टरेट और ब्रेथवेट एंड कंपनी लिमिटेड के बीच हुए अनुबंध के तहत किया जा रहा है। सीएमओ डॉ. हरीश चंद्र पंत ने नगर आयुक्त पारितोष वर्मा को भेजे पत्र में बताया कि सेवा प्रदाता कंपनी द्वारा संचालित अस्पताल क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट के तहत पंजीकृत नहीं हैं, जबकि नियमों के अनुसार पंजीकरण के बाद ही चिकित्सा सेवाएं दी जा सकती हैं।

सीएमओ के अनुसार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन से जुड़ी कोई जानकारी विभाग को उपलब्ध नहीं कराई गई है। टीकाकरण कार्यक्रमों में वैक्सीन उपलब्धता, प्रशिक्षण, कोल्ड चेन प्रबंधन और पोर्टल पर पंजीकरण जैसे आवश्यक कार्यों का भी विवरण नहीं दिया गया। साथ ही, मरीजों को वितरित की जा रही दवाओं का रिकॉर्ड भी विभाग के पास नहीं है।

चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ के उत्तराखंड मेडिकल काउंसिल में पंजीकरण की स्थिति भी स्पष्ट नहीं की गई है। सीएमओ ने सभी चिकित्सालयों का शीघ्र पंजीकरण कराने, स्टाफ का विवरण उपलब्ध कराया जाए और टीकाकरण व दवा वितरण की प्रक्रिया निर्धारित मानकों के अनुसार सुनिश्चित करने तथा दो सप्ताह के भीतर सभी कमियां दूर करने के निर्देश दिए हैं, अन्यथा संबंधित संस्था के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

खेल-खिलाड़ी

### आगामी नेशनल गेम्स में पदकों की संख्या बढ़ाने पर फोकस : रेखा आर्या

# 39वें नेशनल गेम्स के लिए उत्तराखंड की रणनीति तैयार

संवाददाता, हल्द्वानी



39वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों को लेकर समीक्षा करतीं कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या।

**अमृत विचारः** आगामी 39वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के पदकों की संख्या को 38वें नेशनल गेम्स की तुलना में अधिक बढ़ाने पर विशेष फोकस किया जाएगा। मंगलवार को सचिवालय के एफआरडीसी सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में खेल मंत्री रेखा आर्या ने इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि उन्होंने 24 घंटे के भीतर 39वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारी की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को गहन प्रशिक्षण दिया जाए, खेल संघों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए और राष्ट्रीय खेलों से पहले अधिक से अधिक नेशनल चैंपियनशिप उत्तराखंड में आयोजित कराई जाएं। खेल मंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि यदि मेघालय व अन्य नॉर्थ ईस्ट राज्यों के पास साइक्लिंग और शूटिंग जैसे खेलों के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है, तो उन्हें यह सुविधा उत्तराखंड में उपलब्ध कराने पर विचार किया जाए। बैठक में हल्द्वानी स्थित गौलापार में प्रस्तावित स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की प्रगति की भी समीक्षा की गई। रेखा आर्या ने बताया कि जुलाई से शैक्षणिक सत्र शुरू करने के लिए करिकुलम कमेटी और परिनियमावली कमेटी का गठन कर दिया गया है तथा पद सृजन की प्रक्रिया को भी तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी देने के लिए खेल विभाग में अधिकतम पद सृजित करने पर भी कार्य किया जा रहा है, ताकि प्रक्रिया को गति मिल सके। इसके अलावा मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना, मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना और संविदा प्रशिक्षक नीति में आवश्यक संशोधन के निर्देश भी दिए गए हैं, जिससे योजनाओं का लाभ खिलाड़ियों तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके। रेखा आर्या ने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुरूप उत्तराखंड में ''''एक जनपद एक खेल'''' नीति का प्रारूप तैयार कर लिया गया है, जिसे जल्द ही लागू किया जाएगा। बैठक में विशेष प्रमुख खेल सचिव अमित सिन्हा, अपर निदेशक अजय अग्रवाल, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के प्राचार्य राजेश मंमगाई, उपनिदेशक शक्ति सिंह सहित अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# महिला क्रिकेट में डीएमटी फोर्स शशबनी की टीम 23 रन से जीती

संवाददाता, हल्द्वानी


लेटीबुंगा में महिला क्रिकेट टीम के साथ आयोजक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** धरती मां ट्रस्ट के तत्वावधान में पर्यावरण स्वच्छ, देश स्वस्थ थीम पर क्रिकेट टूर्नामेंट एवं हस्तकला प्रतियोगिता हिमगिरि स्टेडियम, शशबनी (लेटीबूंगा) में की जा रही है। इसी क्रम में महिलाओं का रोमांचक क्रिकेट मुकाबला डीएमटी फोर्स शशबनी और एनसीसी लेटीबूंगा के बीच खेला गया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए शशबनी टीम ने निर्धारित ओवरों में 116 रन बनाए। टीम की ओर से पलक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 38 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लेटीबूंगा की टीम 93 रन ही बना सकी और मुकाबला 23 रनों से गंवा बैठी। लेटीबूंगा की ओर से सपना ने सर्वाधिक 52 रन बनाकर संघर्ष किया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सकीं। गेंदबाजी में शशबनी की ओर से पूजा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट झटके, जबकि तनु और निर्मला ने 2-2 विकेट लेकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। आयोजक बीएस बिष्ट, मुख्य अतिथि के रूप में चंदन सिंह लोधियाल यूकेडी महामंत्री, कुंदन सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### नाम बदलकर रह रहे युवक ने काटा हंगामा

रुद्रपुर : ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में पहचान छुपाकर रह रहे एक युवक द्वारा हंगामा करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया है। थाना प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय के अनुसार, 20 अप्रैल को डायल 112 पर एक महिला ने शिकायत की थी कि सोहेल नामक युवक हिंदू नाम रखकर इलाके में रह रहा था। आरोप है कि युवक ने जबरन महिला के घर में घुसने की कोशिश की और विरोध करने पर पड़ोसियों से भिड़ गया। पुलिस के समझाने पर भी जब युवक शांत नहीं हुआ और हमलावर बना रहा, तो उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध बीएनएसएस की धारा 170 के तहत कार्रवाई की है।

### रूस में पंत विवि के छात्रों ने सीखी आईवीएफ तकनीक

पंतनगर : पंत कृषि विवि के आठ छात्र और दो प्राध्यापक रूस के सेंट पीटर्सबर्ग व मॉस्को के शैक्षणिक भ्रमण से वापस लौट आए हैं। यह यात्रा सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी मेडिसिन के साथ हुए एमओयू के तहत आयोजित की गई थी। भ्रमण के दौरान छात्रों ने मॉस्को की प्रयोगशालाओं में आधुनिक अनुसंधान सुविधाओं का अवलोकन किया और इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) तकनीक की व्यावहारिक जानकारी ली। कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। प्रतिनिधिमंडल में डॉ. शिव प्रसाद और डॉ. अरूप दास सहित आठ छात्र शामिल रहे।

# आउटसोर्स कर्मचारियों का बढ़ाया जाएगा वेतन

## मंडी परिषद की बोर्ड 41वीं बैठक में 155 करोड़ का बजट पास

- नये पदों के सृजन का प्रस्ताव भी पास कर शासन को भेजा जाएगा

संवाददाता, रुद्रपुर


बैठक में मौजूद उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ.अनिल कपूर डब्बू।

**अमृत विचार:** उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड की 41वीं बोर्ड बैठक आयोजित हुई। इसमें 155 करोड़ रुपये का बजट पास किया गया। इसके अलावा विकास के लिए जो सड़कें व अन्य कार्य किये गये उसका अनुमोदन किया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि आउटसोर्सिंग से कार्य करने वाले सभी कर्मचारियों का वेतन बढ़ाया जाएगा।

मंगलवार को उत्तराखंड मंडी परिषद सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक की अध्यक्षता करते बोर्ड के अध्यक्ष डॉ.अनिल कपूर डब्बू ने कहा कि आउटसोर्सिंग से कार्य करने वाले सभी कर्मचारियों का वेतन के लिए वित्त नियंत्रक की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई है। जिसके आधार पर निर्णय लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त मंडी बोर्ड अपने विपणन क्षेत्र एवं अन्य कार्यों के विस्तार की दृष्टि नये पदों के सृजन का प्रस्ताव भी पास कर शासन को भेजा जाएगा।

उन्होंने बताया कि बोर्ड बैठक में निर्णय लिया गया कि आउटसोर्सिंग कार्मिकों के संदर्भ में जो शासनादेश सैनिक कल्याण विभाग ने उपनल के कार्मिकों के लिए लागू किया गया है उसे अंगीकृत किया जाएगा। डॉ. डब्बू ने बताया कि 20 दिनों के अंदर सभी मंडियों में जिन पर मंडी शुल्क लिया जाता है, उनकी उपभोक्ताओं के लिए दरें निर्धारित कर प्रतिदिन मंडी समितियों में डिजिटल बोर्ड के माध्यम से दरें दिखाई जाएगी। जिससे उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर खाद्य सामग्री फल सब्जी इत्यादि उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा की वर्तमान में प्रत्येक मंडी के अधिकारी मंडी से संबंधित सामग्री बेचने वालों का लाइसेंस बना रहे हैं। प्रदेश की प्रमुख मंडियों में रिटेल काउंटर भी खोले जाएंगे, जिसमें सस्ती दरों पर उपभोक्ताओं को सामग्री उपलब्ध करायी जायेगी।

इससे प्रदेश में एक क्रांतिकारी बदलाव होगा और उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर सामग्री उपलब्ध होगी। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक हेमंत कुमार वर्मा, महाप्रबंधक(प्रशासन) निर्मला बिष्ट, महाप्रबंधक(वित्त) जुबक मोहन सक्सेना, महाप्रबंधक (तकनीकी) विजय कुमार, शासन के प्रमुख सचिव वन, सचिव कृषि, सचिव वित्त, सचिव खाद्य, सचिव उद्यान, कृषि विपणन सलाहकार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## प्री नर्सरी कक्षाओं का संचालन 7:30 से 11 बजे तक होगा

रुद्रपुरः मौसम विज्ञान विभाग की ओर से जारी मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार राज्य के मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी एवं उष्ण लहर चलने की संभावना व्यक्त की गई है। वर्तमान मौसम संबंधी विश्लेषण एवं विभाग ने जारी पूर्वानुमानों के अनुसार तापमान में निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है, जिससे उच्च तापमान के संपर्क में आने पर निर्जलीकरण समेत अन्य स्वास्थ्य संबंधी जोखिम उत्पन्न होने की संभावना है।

मंगलवार को जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने मौसम की परिस्थितियों के दृष्टिगत जनपद में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों, सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों (प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक) में अध्ययनरत बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से 22 अप्रैल से आगामी एक सप्ताह तक जनपद में संचालित सभी आंगनबाड़ी केंद्रों एवं प्री नर्सरी कक्षाओं व विद्यालयों का संचालन सुबह 7:30 बजे से 11 बजे, जबकि सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों में कक्षा 1 से कक्षा 12 तक का संचालन सुबह 7:30 बजे से अपराह्न 12 बजे तक तय किया है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों, विद्यालय प्रबंधन समितियों एवं संस्थानों को आदेश का कड़ाई से अनुपालन कराने के निर्देश दिए हैं।

# मानसून की अभी से तैयारी कर लें

संवाददाता, रुद्रपुर


अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम नितिन सिंह भदौरिया। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि मानसून काल में जल भराव, बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां अभी से कर ली जाए। सभी संबंधित अधिकारी आवश्यक तैयारियों का जमीनी स्तर पर निरीक्षण कर लें। साथ ही ऐसे क्षेत्र जहां पर पिछले वर्षों में जलभराव एवं बाढ़ का अधिक प्रभाव रहा है वहां पर सुरक्षात्मक कार्यों पर अधिक ध्यान देने के निर्देश दिए।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने यह निर्देश कैंप कार्यालय में आयोजित बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि सभी उप जिलाधिकारी अपने क्षेत्रों में सिंचाई, लोनिवि, निकाय अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्ययोजना बनाते हुए नदी-नाले, नहर व शहरी क्षेत्र में नालों-नालियों की सफाई करें। उन्होंने सभी नगर निकाय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रथम चरण में सभी नाली व नालों को 30 अप्रैल तक सफाई कराएं। जीओ टैग के साथ फोटोग्राफ भी प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में वर्षा काल से पूर्व सभी नहर, नाली व नालों की दुबारा सफाई कराएं। सड़क महकमों को निर्देश दिए कि स्कवर, पुलिया के नीचे का मलवे की सफाई करें। इसी तरह सिंचाई विभाग को नदी, जलाशयों में जहां अधिक सिल्ट जमा हो गयी है।, शीघ्र सर्वे कर ड्रेजिंग के लिए प्रस्ताव बनाकर 25 अप्रैल तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने ने सभी निकाय अधिकारियों को अपने-अपने निकायों के नदी, नालों व नालियों का जीआईएस मैप बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को पूरे जनपद के नदी, नालों, जलाशयों का जीआईएस बेस मैप तैयार करते हुए संभावित जल भराव व बाढ़ क्षेत्रों के समाधान के लिए लघु व दीर्घकालीन कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। वर्षाकाल में शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव हो जाता है। इसलिए सभी कार्यदायी संस्थाए रिवर चैनेलाइजेशन व नालों, नालियों की सफाई कार्यों को 15 जून से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बाजपुर के लेवड़ा नदी पर निर्माणाधीन पुलों को जून तक करने के निर्देश लोनिवि को दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, उप जिलाधिकारी व ओसी आपदा प्रबंधन गौरव पांडेय, अधिशासी अभियंता सिंचाई बीएस डांगी, आनंद सिंह नेगी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी मौजूद थे।

### डीएम ने निर्धारित पोर्टल पर की ऑनलाइन स्वगणना

रुद्रपुर : जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने जनगणना 2027 के तहत स्वगणना के तहत निर्धारित पोर्टल पर मकान सूचीकरण का ऑनलाइन स्वयं अपनी स्वगणना की प्रक्रिया पूरी की।मंगलवार को स्वगणना के बाद जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना 2027 के तहत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य गतिमान है। इसमें ऑनलाइन स्वगणना की जा सकती है। उन्होंने बताया कि स्वगणना 10 अप्रैल से प्रारंभ हो गयी है जो 24 अप्रैल तक की जाएगी। जन मानस से अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित पोर्टल https://se.census.gov.in पर स्वगणना कर सकते हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि स्वगणना के माध्यम से न केवल राष्ट्र को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें, बल्कि जनगणना 2027 में भी भागीदार बनें।

# बाहरी लोगों के सत्यापन को बनी टीम

संवाददाता, रुद्रपुर


उद्यमियों के साथ बैठक करते एसएसपी अजय गणपति कुंभार। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** नौकरी की आड़ में आपराधिक प्रवृत्ति के बाहरी व्यक्तियों को चिह्नित करने और उद्योगों में सुरक्षा उपकरणों की तस्दीक के लिए अब एक जांच टीम का गठन कर दिया है। जांच टीम बनाने से पहले एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने सभी उद्योगों के प्लांट हेड और एचआर हेड के साथ एक समन्वय बैठक की।

पुलिस कार्यालय में हुई बैठक में एसएसपी ने बताया कि ऊधमसिंह नगर सीमावर्ती यूपी की सीमाओं से घिरा हुआ है और छोटे-बड़े आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति नाम बदलकर उद्योगों में नौकरी कर रहे हैं और मौका पाकर आपराधिक वारदातों को अंजाम भी दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि घनी आबादी वाले इलाकों में पुलिस ने सत्यापन अभियान संचालित किया है। यदि सिडकुल में काम करने वाले बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन होता है तो काफी हद तक अपराध पर नियंत्रण हो सकता है। बैठक के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि अब सिडकुल में काम करने वाले बाहरी व्यक्तियों के अलावा कंपनियों में सीसीटीवी कैमरे, व्यक्ति का बायोडाटा सत्यापन, फायर हाईड्रेंड, अहम कंपनियों में सुरक्षा गार्ड की तस्दीक अब एलआईयू, थाना पंतनगर और सिडकुल चौकी पुलिस की एक संयुक्त जांच टीम गठित होगी जो प्रस्ताव में पारित बिंदुओं पर कार्रवाई करेगी। किसी भी कंपनी में बाहरी व्यक्ति पाया जाता है और उसका आपराधिक इतिहास या फिर संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्तता पाई जाती है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। इसके अलावा जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ भी पुलिस नियमानुसार कार्रवाई करेगी।

## बारात में विवाद के बाद जमकर हाथापाई

रुद्रपुर : कोतवाली क्षेत्र की रेशमबाड़ी बस्ती में देर शाम शादी समारोह की खुशियां उस वक्त अफरातफरी में बदल गईं, जब दिल्ली से आई बारात और स्थानीय युवकों के बीच हिंसक झड़प हो गई। मामला इतना बढ़ा कि करीब 10-12 युवकों के गिरोह ने दूल्हे के रिश्तेदारों पर हमला बोल दिया और महिलाओं से आभूषण लूटने का आरोप भी लगा। रेशमबाड़ी निवासी सलमान के रिश्तेदार की बेटी का विवाह था। देर शाम जैसे ही दिल्ली से बाराती बस्ती में पहुंचे, वैवाहिक स्थल के पास रहने वाले कुछ स्थानीय युवकों से उनका विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और हमलावरों ने संगठित होकर बारातियों के साथ हाथापाई शुरू कर दी। दुल्हन पक्ष के लोगों ने बीच-बचाव की कोशिश की।

# 1.74 करोड़ से शुरू होगा तीनपानी डैम का निर्माण

- बरसात से पहले काम पूरा करने का प्रयास
- महापौर शर्मा ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

संवाददाता, रुद्रपुर


अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते महापौर विकास शर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** महापौर विकास शर्मा ने तीनपानी डैम के पुनर्निर्माण के लिए सिंचाई विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण और विस्तृत सर्वे किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। महापौर शर्मा ने बताया कि 1 करोड़ 74 लाख 81 हजार रुपये की धनराशि से जल्द ही डैम के पुनर्निर्माण का कार्य शुरू होगा।

मंगलवार को निरीक्षण के दौरान महापौर ने कहा कि तीन पानी डैम बीते कई वर्षों से अत्यंत जर्जर अवस्था में था। इसकी जल निकासी क्षमता पूरी समाप्त हो चुकी थी, जिसका खामियाजा क्षेत्र की आबादी को भुगतना पड़ता था। मानसून के दौरान ड्रेनेज सिस्टम ठप होने से फुलसुंगा, फुलसुंगी और आसपास की कई कॉलोनियां जलमग्न हो जाती थीं। सड़कें तालाब का रूप ले लेती थीं और लोगों का घरों से निकलना दूभर हो जाता था। इसको लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पैरवी की। मुख्यमंत्री के विशेष हस्तक्षेप के बाद शासन ने डैम के कायाकल्प के लिए 1 करोड़ 74 लाख 81 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की जो अब सिंचाई विभाग को हस्तांतरित की जा चुकी है। सर्वे के दौरान महापौर ने सिंचाई विभाग के इंजीनियरों के साथ डैम के तकनीकी पहलुओं, मजबूती और भविष्य की जरूरतों पर गहन मंथन किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। साथ ही इसे जनभावनाओं के अनुरूप बनाया जाए। ताकि आगामी कई दशकों तक क्षेत्रवासियों को ड्रेनेज की समस्या न देखनी पड़े। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि टेंडरिंग और शुरुआती प्रक्रियाओं को तत्काल पूरा कर इसी सप्ताह से पुल का निर्माण कार्य धरातल पर शुरू कर दिया जाए। इस अवसर पर सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता बीएस डांगी, जेई हरपाल, पंचदेवी, पार्षद पवन राणा, शुभम ठाकुर, दलीप अधिकारी, अनुज पाठक, ब्रजेश गुप्ता, अनुराग बोस आदि उपस्थित रहे।


किच्छा में नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुलशन सिंधी का स्वागत

किच्छा : कांग्रेस के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष गुलशन सिंधी के प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। नगर के आवास विकास स्थित विधायक कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने जमकर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर विधायक तिलक राज बेहड़ ने सिंधी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे एक कर्मठ और जमीनी कार्यकर्ता हैं। उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ता एकजुट होकर जनसमस्याओं के लिए संघर्ष करेंगे। नवनियुक्त अध्यक्ष गुलशन सिंधी ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाएंगे। स्वागत कार्यक्रम में निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, राजेश प्रताप सिंह, सुनीता कश्यप, ओमप्रकाश दुआ, जीवन जोशी, दिलीप सिंह बिष्ट, निर्मल सिंह हंसपाल, हरभजन सिंह, बंटी पपनेजा, छोटेलाल कोली, फ़िरासत खान, एन यू खान आदि मौजूद रहे।

# रुद्रपुर में गेहूं खरीद का खाता तक नहीं खुला

संवाददाता, रुद्रपुर

> एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हो गयी है। अब तराई में 22373.50 कुंतल गेहूं की खरीद हुई है। अभी कई क्रय केंद्रों में खरीद शुरू नहीं हुई है। यहां भी जल्द खरीद होने की उम्मीद है।
> –अशोक कुमार, डिप्टी आरएमओ, कुमाऊं

**अमृत विचार :** ऊधमसिंह नगर जनपद में 1 अप्रैल से शुरू हुई गेहूं खरीद प्रक्रिया के नौ दिन बीतने के बाद अब तक कुल 22,373.50 कुंतल गेहूं की खरीद हो चुकी है। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में किसान सरकारी केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन जिला मुख्यालय रुद्रपुर के क्रय केंद्रों पर अब तक खरीद का खाता भी नहीं खुल सका है।

जनपद में गेहूं खरीद के लिए कुल 108 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। अब तक हुई कुल खरीद में 281 किसानों ने हिस्सा लिया है। खाद्य विभाग के 18 केंद्रों पर 159 किसानों से 12,980.50 कुंतल खरीद हुई। सहकारिता विभाग में 122 किसानों से 9,393 कुंतल की खरीद की गई है। क्षेत्रीय स्तर पर खटीमा, सितारगंज, काशीपुर, नानकमत्ता, बाजपुर, जसपुर और किच्छा में खरीद सुचारू रूप से चल रही है। प्रशासन ने खाद्य विभाग, सहकारिता, एनसीसीएफ और पीसीयू के माध्यम से तोल कांटे संचालित किए हैं।


किच्छा में कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि लवी सहगल एवं अन्य।

### युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्यशाला शुरू

किच्छा : सिरौली कला स्थित ''अल्फाइन स्किल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस'' में हस्तशिल्प एवं कालीन क्षेत्र कौशल परिषद के तत्वाधान में एक विशेष कौशल विकास कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व भाजपा नेता लवी सहगल ने फीता काटकर किया। इस दौरान सहगल ने युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक और नवाचार अपनाकर हस्तशिल्प उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान दिलाई जा सकती है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को विशेष रूप से हस्त निर्मित मोमबत्ती बनाने का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। अल्फाइन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष यामीन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य वंचित समुदायों को स्थाई आजीविका के अवसर प्रदान करना है। मौके पर हेमा, मोहम्मद आकिब, सुमित गंगवार, साहिल अंसारी, मोहम्मद नबी, अजेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

संवाददाता, खटीमा


प्रदीप सिंह (फाइल)।

**अमृत विचारः** सितारगंज मार्ग पर भूड़ में कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई।

मंगलवार को सैजना निवासी प्रदीप सिंह राणा (30) पुत्र नवल किशोर राणा बाइक से भूड़ आया था। वह पॉलिटेक्निक कालेज रोड से मुख्य मार्ग पर पहुंचा ही था कि कार चालक ने पीछे से टक्कर दी। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी बीच मौके पर पहुंचे विधायक भुवन कापड़ी के प्रतिनिधि रोहित शर्मा ने घायल युवक को टुकटुक से उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। अस्पताल स्टाफ ने युवक के जेब से मिले पर्स और कागजातों से उसकी पहचान कर परिजनों को सूचित किया। युवक के सिर पर गंभीर चोट को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। हायर सेंटर ले जाते समय युवक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक प्रदीप तीन भाइयो में सबसे छोटा था। दो बड़े भाइयों की पूर्व में ही मौत हो चुकी है। मृतक बूढ़ी मां, पत्नी संगीता देवी व चार वर्षीय पुत्र एलक्स को रोता बिलखता छोड़ गया है।

**आक्रोश** सीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा, बोले नेता–नहीं हुआ समाधान तो होगा आंदोलन

# किसानों के सात मुद्दों को लेकर गरजी कांग्रेस

संवाददाता, रुद्रपुर


डीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करते किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बर्बाद फसलों का मुआवजा देने सहित सात सूत्रीय मुद्दों को लेकर किसान कांग्रेस ने डीएम कार्यालय पर जोरदार धरना प्रदर्शन किया और सीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। उनका कहना था कि अन्नदाताओं की हितैषी होने का दिखावा करने वाली धामी सरकार किसानों के दुख-दर्द को समझने को तैयार नहीं है। उन्होंने ऐलान किया कि यदि जल्द ही शासन-प्रशासन ने मांगों पर गौर नहीं किया तो उग्र आंदोलन का सामना करना पड़ेगा।

मंगलवार को किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र सिंह लाडी और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सहित बड़ी संख्या में किसान डीएम कार्यालय पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि विगत माह तेज अंधड़ और बारिश के कारण किसानों की गेहूं की फसल बर्बाद हो चुकी है। जिस कारण किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने धामी सरकार से गेहूं का उचित मुआवजा देने, वर्ष 2026 का किसानों का शेष गन्ना भुगतान करने, पहाड़ी इलाकों में ओलावृष्टि के कारण बर्बाद फसल का उचित मुआवजा मुहैया कराने कराने की मांग की। इसके अलावा गेहूं धान खरीद 2026 के समर्थन मूल्य खरीद सीड प्लांट राइस मिल पर सरकारी दर से 100 रुपये अधिक देने, किसानों के ट्यूबवेल के विद्युत बिल को माफ करने, सभी गेहूं खरीद केंद्रों पर आवंटन क्षमता को बढ़ाते हुए किसानों का गेहूं पूर्ण रूप से तौलने और बाजपुर के 20 गांव भूमि प्रकरण का समाधान करने की मांग की। आरोप था कि पिछले लंबे समय से कांग्रेस सात सूत्रीय मुद्दों को उठा रही है और लिखित और मौखिक शिकायत भी शासन-प्रशासन को कर चुकी है। इस मौके पर अशोक राय, त्रिनाथ विश्वास, संदीप चीमा, सुनील चुघ, राजवीर सिंह विर्क, लखवीर सिंह, पाला सिंह अर्जुन विश्वास, जगदीप सिंह, अशोक यादव, शिव कुमार शिब्बू, मनोज देवराड़ी, गुरबाज सिंह विर्क मौजूद रहे।

## महिला आरक्षण पर झूठ का दांव खेल रही भाजपा

रुद्रपुर : महिला आरक्षण मुद्दे पर भाजपा पर पलटवार करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और महानगर अध्यक्ष कांग्रेस ममता रानी ने कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा झूठ का दाव खेल रही है, जबकि हकीकत यह है कि वर्ष 2023 में सर्वसम्मति से महिला आरक्षण बिल संसद में पारित हो चुका था। खुद भाजपा सरकार ने आरक्षण बिल लागू नहीं किया और जब कांग्रेस ने महिला सम्मान की बात कही तो भाजपा सोची समझी साजिश के तहत झूठ और फरेब की राजनीति पर उतारु हो जाती है। मंगलवार को पत्रकार वार्ता के दौरान महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने आरोप लगाया कि संवैधानिक 131वां संशोधन बिल दरअसल महिला आरक्षण की आड़ में संसद और विधानसभा की सीटों को बढ़ाने की साजिश थी।

# जनता के साथ भाजपा कर रही धोखा

- दिनेशपुर में कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

संवाददाता, दिनेशपुर


दिनेशपुर में पत्रकारों से वार्ता करतीं कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार।

**अमृत विचारः** कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार ने कहा कि भाजपा जनता के साथ धोखा कर रही है। जनता को मुख्य मुद्दों से भटकाना चाहती है। उन्होंने कहा कि देश की जनता भाजपाराज मुक्त शासन चाहती है।

मंगलवार को कांग्रेस नगर कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता के दौरान प्रदेश महामंत्री ममता हालदार ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने महिला उत्थान व सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से बोलते हुए कहा वक्त के साथ महिला विशेषज्ञ एवं समाज की सोच बदली होगी। नीतियां भी उसी के अनुसार होनी चाहिए। महिला आरक्षण को राजनीति मुद्दा बनाकर महिलाओं को उकसाने का कार्य कर रही है। लेकिन देश की महिलाएं समझ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी अपना नाम चमकाने के लिए जनता को धोखा दे रही है। उन्होंने कहा कांग्रेस देश में 'भाजपाराज मुक्ति' के संकल्प के साथ जनता के बीच जा रही है। कांग्रेस संगठन जनता और कार्यकर्ताओं के बीच जाकर बूथ स्तर पर नई कमेटियां गठन कर संगठन को मजबूत करने का कार्य कर रही है। इस मौके पर नगराध्यक्ष नारायण हालदार, कांग्रेस नेत्री कंचन मंडल, जिला उपाध्यक्ष नित्यानंद मंडल, अजय राय मौजूद रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### घर से लापता हुआ किशोर, गुमशुदगी दर्ज

**सितारगंज** : 15 वर्षीय किशोर घर से लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। वहीं, मामले में पुलिस ने किशोर की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरू कर दी है। चिन्तीमझरा वार्ड निवासी फैजुल हसन ने बताया कि इस्लामनगर खटीमा निवासी उसका 15 वर्षीय भांजा मो. रजा जो पिछले एक साल से उसके साथ रह रहा था। उसकी मां शाजिया ने उसे उसके सुपुर्द किया था। बताया कि 17 अप्रैल को दोपहर को वह एक रेंजर साइकिल लेकर घर से कहीं चला गया। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। आसपास नातें-रिश्तेदारों में काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। वहीं, मामले में पुलिस ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरू कर दी है।

### अभद्र टिप्पणी करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**सितारगंज** : महिला के खिलाफ सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर भाजपा सांस्कृतिक विभाग के जिला संयोजक दयानंद तिवारी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोतवाली में तहरीर सौंपी है। मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट के कमेंट सेक्शन में एक व्यक्ति ने अत्यंत अशोभनीय, अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। टिप्पणी में मातृशक्ति के सम्मान को ठेस पहुंचाई गई है। इससे सम्मानित जनप्रतिनिधि की गरिमा को भी आघात पहुंचाया गया है। जो अत्यंत निंदनीय है। कहा कि यह कृत्य सामाजिक मर्यादाओं के विरुद्ध होने के साथ-साथ कानूनन भी दंडनीय अपराध है। भाजपाइयों ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### सागौन के लट्ठों से भरा ट्रक किया बरामद

**सितारगंज** : किच्छा हाईवे पर देर रात पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सागौन के लट्ठों से भरा एक संदिग्ध ट्रक पकड़ा है। यह कार्रवाई आरके ढाबा के पास की गई। जहां पुलिस ने पहले से सूचना के आधार पर घेराबंदी कर वाहन को कब्जे में लिया। बताया जा रहा है कि ट्रक में बड़ी मात्रा में सागौन की लकड़ी भरी हुई थी। जिसके दस्तावेजों को लेकर संदेह बना हुआ है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को रोककर जांच की और बाद में उसे वन विभाग के सुपुर्द कर दिया। वहीं, मामले में वन विभाग अब सक्रिय हो गया है और लकड़ी के स्रोतों की जांच शुरू कर दी गई है। इधर, बाराकोली रेंज के रेंजर कैलाश चंद्र गुणवंत ने बताया कि सोमवार रात को पुलिस ने सागौन लकड़ी से भरें ट्रक को पकड़कर विभाग के सुपुर्द किया है।

### कांग्रेसी पार्षदों ने कोतवाली में किया प्रदर्शन, कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई

# गोदियाल के कथित बयान पर राजनीतिक रार

संवाददाता, रुद्रपुर


रुद्रपुर में सीओ कार्यालय पर प्रदर्शन करते कांग्रेसी पार्षद। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के एक कथित बयान को लेकर रुद्रपुर में राजनीतिक पारा चढ़ गया है। मंगलवार को कांग्रेस नेता संजय जुनेजा और नेता प्रतिपक्ष पार्षद दल गौरव खुराना के नेतृत्व में कांग्रेसी पार्षदों ने कोतवाली में जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सीओ सदर प्रशांत कुमार से मुलाकात कर सोशल मीडिया संचालक के खिलाफ कार्रवाई न होने पर गहरी नाराजगी जताई।

कांग्रेसियों का आरोप है कि प्रदेश अध्यक्ष के फेसबुक पेज पर बंगाली समुदाय के खिलाफ जो अशोभनीय बयान जारी किया गया, वह पूरी तरह एआई निर्मित और फर्जी है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस मुद्दे को भुनाकर समुदाय को भ्रमित कर रही है। विधायक तिलकराज बेहड़ और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल द्वारा तहरीर देने के बावजूद अब तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।

पार्षदों ने चेतावनी दी कि यदि सत्ता के दबाव में पुलिस ने जल्द एफआईआर दर्ज नहीं की, तो कांग्रेस उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। इस दौरान पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।ण्इस मौके पर मोहन खेड़ा, परिमल राय, बाबू खान, इंद्रजीत सिंह, राजू कोली, विकास विश्वास, खगपति विश्वास, परवेज कुरेशी, जितेश शर्मा, सौरव राज बेहड़, रिजवान अहमद, अशफाक, मोनिका ढाली, विकास मलिक, शुभम दास, अर्जुन विश्वास, रणजीत तिवारी, दिनेश पंत, विकास विश्वास आदि मौजूद रहे।

# सुसाइड : पारिवारिक कलह की आशंका

- असिस्टेंट प्रोडक्शन मैनेजर की पत्नी बिना बताए गई थी मायके

संवाददाता, रुद्रपुर


घटनास्थल का मौका मुआयना करती पुलिस व फॉरेंसिक टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पॉश कॉलोनी मेट्रोपोलिस में सिडकुल के असिस्टेंट प्रोडक्शन मैनेजर जावेद आरिफ द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में पुलिस की तफ्तीश अब गहराती जा रही है। प्रारंभिक जांच में इस आत्मघाती कदम के पीछे पारिवारिक कलह और मानसिक अवसाद मुख्य कारण बनकर उभर रहे हैं।

पंतनगर सीओ डीआर वर्मा ने बताया कि शुरुआती जांच में दंपति के बीच विवाद की बात सामने आई है। जानकारी के अनुसार, जावेद की पत्नी बिना अनुमति के बच्चों के साथ मायके चली गई थी, जिससे वह काफी तनाव में थे। पड़ोसियों का भी कहना है कि जावेद पिछले कुछ दिनों से बेहद खामोश और परेशान दिख रहे थे। हालांकि, कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।फॉरेंसिक टीम खंगाल रही सुराग घटनास्थल पर बेड से शराब की कई खाली बोतलें मिली हैं, जिससे मामले में संदेह पैदा हो गया है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या जावेद ने इतनी मात्रा में शराब अकेले पी थी या उनके साथ कोई और भी मौजूद था। फॉरेंसिक टीम ने बोतलों और गिलास से फिंगरप्रिंट के नमूने लिए हैं। पुलिस अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट और कॉल रिकॉर्ड्स का इंतजार कर रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि यह केवल अवसाद का मामला है या इसके पीछे कुछ और परिस्थितियां थीं। फिलहाल, इस घटना से पूरी कॉलोनी में सन्नाटा पसरा हुआ है।

# मांगों को लेकर श्रमिकों का कार्य बहिष्कार

### विक्रमपुर इंडस्ट्रियल एरिया में श्रमिकों ने किया प्रदर्शन, सुरक्षा मानकों की अनदेखी का भी गंभीर आरोप


बाजपुर के विक्रमपुर इंडस्ट्रियल एरिया में फैक्ट्री के बाहर प्रदर्शन करते श्रमिक। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** विक्रमपुर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक फैक्ट्री में मंगलवार सुबह उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब वेतन वृद्धि और बेहतर सुविधाओं की मांग को लेकर सैकड़ों श्रमिक एकजुट होकर सड़कों पर उतर आए। आक्रोशित मजदूरों ने फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए काम पूरी तरह बंद कर दिया।

प्रदर्शनकारी श्रमिकों का आरोप है कि लंबे समय से वेतन बढ़ाने की उनकी वाजिब मांग को प्रबंधन लगातार अनसुना कर रहा है। मजदूरों ने सुरक्षा मानकों की अनदेखी का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे जान जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें न तो आवश्यक सुरक्षा उपकरण दिए जा रहे हैं और न ही कंपनी की ओर से ड्रेस उपलब्ध कराई गई है। प्रदर्शन के दौरान गुरप्रीत सिंह गोपी, संजय, राजेश, शिवा, प्रमोद, करन, मुकेश, सुनील, अरुण, श्याम, जनरल सिंह, विनोद, सुरजीत, पूरन, जितेंद्र, महेश, रवि, शैलेंद्र शर्मा, जोगिंदर सिंह दरबारिया, विजय सिंह यादव, योगेंद्र सिंह, रतन लाल, गोकुल, शुभम, राकेश, रजत, कमल, ललित, जगदीश, रोहित, पवन कुमार, सतनाम सिंह, रविंदर, अशोक, कुंदन, धर्मेंद्र, तीरथ सहित बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद रहे।

### चोट लगने पर निकाल दिया जाता है बाहर

श्रमिकों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कंपनी में शोषण चरम पर है। यदि काम के दौरान किसी मजदूर को मामूली चोट भी लग जाती है, तो उसे इलाज या मुआवजा देने के बजाय नौकरी से निकाल दिया जाता है। साथ ही, बिना किसी ठोस कारण के पुराने अनुभवी कर्मचारियों की छंटनी की जा रही है, जिससे उनके परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है।

### श्रमिकों ने आंदोलन की दी चेतावनी

श्रमिकों का कहना है कि उन्हें भारी दबाव में रखकर काम कराया जा रहा है। उन्होंने दो टूक चेतावनी दी है कि जब तक वेतन में सम्मानजनक वृद्धि नहीं होती और कार्यस्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए जाते, तब तक उनका आंदोलन और कार्य बहिष्कार अनवरत जारी रहेगा।


एसबीएस महाविद्यालय परिसर में पुलिस प्रशासन का पुतला फूंकते छात्रनेता।

### छात्रसंघ महासंघ के अध्यक्ष के साथ अभद्रता से आक्रोश

**रुद्रपुर** : विगत दिवस हल्द्वानी मोटाहल्दू स्थित मदरसन कंपनी गेट पर श्रमिकों के प्रदर्शन में जाने पर हल्द्वानी पुलिस द्वारा छात्रसंघ महासंघ के अध्यक्ष आशीष कबड़वाल के साथ अभद्रता किए से एसबीएस महाविद्यालय के छात्र नेताओं में आक्रोश व्याप्त है। विरोध में छात्र नेताओं ने पुलिस प्रशासन का पुतला फूंका। मंगलवार को एसबीएस महाविद्यालय में प्रदर्शन के दौरान छात्र नेताओं ने कहा कि सोमवार को मदरसन कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर फैक्ट्री गेट पर प्रदर्शन किया जा रहा था। सुबह से सैकड़ों कर्मचारी हड़ताल पर बैठ गये और नारेबाजी कर प्रदर्शन कर रहे थे। इससे तनाव को माहौल पैदा हो गया और पुलिस बल तैनात किया गया था। इस बीच सूचना पर छात्रसंघ महासंघ के अध्यक्ष भी वहां पहुंचे। लेकिन पुलिस ने उनके साथ अभद्रता की। इस घटना को लेकर छात्र नेताओं में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि छात्र नेताओं के साथ की गयी अभ्रदता किसी भी कीमत में बर्दाशत नहीं की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष असलम, गुरबाज सिंह, नागेंद्र गंगवार, बिट्टू, रोमेश, मनोज कोली, अभिषेक राजपूत समेत कई छात्र मौजूद रहे।

# संगठन की मजबूती पर जोर दे रही आप : यादव

संवाददाता, खटीमा

- प्रदेश की सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी आम आदमी पार्टी

**अमृत विचार:** आम आदमी पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपनी सांगठनिक रणनीति को धार देना शुरू कर दिया है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने स्पष्ट किया है कि आने वाले दिनों में संगठन की मजबूती का मुख्य आधार जनता की बुनियादी सुविधाओं की मांग को बनाया जाएगा।

मंगलवार को एक निजी प्रतिष्ठान में आयोजित बैठक और प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी के प्रदेश प्रभारी महेंद्र यादव के यहां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। बैठक में यादव ने कहा कि बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे जमीनी मुद्दों पर जनता को एकजुट करना ही संगठन के विस्तार का सबसे प्रभावी तरीका है। प्रभारी महेंद्र यादव ने कार्यकर्ताओं को कड़े निर्देश दिए कि वह केवल राजनीतिक नारेबाजी तक सीमित न रहें बल्कि जनता के बीच जाकर उनकी वास्तविक समस्याओं को उठाएं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अब घर-घर जाकर गली-मोहल्लों की समस्याओं की सूची तैयार करेंगे और स्थानीय स्तर पर छोटी सभाएं आयोजित कर लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करेंगे।

प्रेस वार्ता में यह भी साफ किया गया कि आम आदमी पार्टी आगामी चुनावों में प्रदेश की सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने की पूरी तैयारी कर रही है। इस अवसर पर जिला प्रभारी जसपाल सिंह, दया किशन कलोनी, हेमराज पांडे, राजू सूनेजा आदि उपस्थित रहे।


खटीमा में आम आदमी पार्टी की बैठक में मंचासीन आप कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# फर्जी आईडी की जांच की मांग उठी

संवाददाता सितारगंज


नमन सितारगंज नामक फर्जी आईडी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते कांग्रेसी।

**अमृत विचार :** कांग्रेसियों ने ''नमन सितारगंज'' नामक फर्जी यूट्यूब चैनल और फेसबुक आईडी पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल की छवि खराब करने का आरोप लगाया है। वहीं, मामले में कांग्रेसियों ने कोतवाली सितारगंज पुलिस को एक लिखित शिकायती पत्र सौंपा है।

मंगलवार को कांग्रेसियों ने बताया कि सितारगंज विधानसभा में ''नमन सितारगंज'' नामक यूट्यूब चैनल और फेसबुक आईडी के माध्यम एआई जेनरेटेड फोटो और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर रहा है। जिससे उनके प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल की छवि खराब हो रही है। उक्त अकाउंट के माध्यम से बंगाली समाज पर अभद्र टिप्पणी का कथित पोस्ट भी वायरल किया जा रहा है। ताकि, प्रदेश अध्यक्ष की सामाजिक छवि को धूमिल किया जा सकें। यह भी बताया गया कि प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने स्पष्ट किया कि वह पोस्ट पूरी तरह से फर्जी है। एआई के उपयोग से पोस्ट को किया जा रहा है। इधर, कांग्रेसियों ने मामले की जांच कर फर्जी अकाउंट संचालित करने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस मौके पर नवतेज पाल सिंह, हरीश दुबे, करन जंग, हरपाल सिंह, जिलानी अंसारी, उत्तम आचार्य, सरताज अहमद, रामनगीना प्रसाद, विपिन खोलिया, एडवोकेट दयानंद सिंह, सिराजुद्दीन, विभूति प्रसाद, श्रीकांत, सुमिंदर यादव आदि मौजूद रहे।

### 8 साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

**खटीमा:** पुलिस ने धोखाधड़ी के एक पुराने मामले में पिछले आठ वर्षों से फरार चल रहे शातिर आरोपी को उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ कुर्की की कार्यवाही होने के बावजूद वह लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था। कोतवाली पुलिस द्वारा वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्यवाही की गई। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान नीरज शर्मा निवासी मुजफ्फरनगर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, नीरज के खिलाफ खटीमा में 10 साल पूर्व धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ था। पिछले आठ साल से वह अपनी पहचान छिपाकर ठिकाने बदल रहा था।

# रसोई गैस की किल्लत पर लोगों का फूटा गुस्सा

- एजेंसी पर जमकर हंगामा, 45 दिन बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर

संवाददाता, शांतिपुरी



रसोई गैस के लिए जवाहरनगर एजेंसी पर हंगामा काटते उपभोक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जवाहरनगर, गोलगेट और शांतिपुरी क्षेत्र में रसोई गैस की समय पर आपूर्ति न होने से उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे गया। मंगलवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने गैस एजेंसी कार्यालय पर धावा बोलकर जमकर हंगामा किया और व्यवस्था सुधारने की मांग की।

राज्य आंदोलनकारी एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहन पांडे ने बताया कि क्षेत्र में गैस वितरण के लिए 45 दिन का अंतराल तय है, लेकिन उपभोक्ताओं को इससे भी अधिक समय तक इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि किच्छा क्षेत्र में 25 दिन में गैस मिल रही है, जबकि शांतिपुरी के साथ भेदभाव हो रहा है। ग्रामीणों की शिकायत है कि निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद भी टोल-फ्री नंबर पर वेटिंग रहती है और डीएससी नंबर न मिलने से गैस प्राप्त करना दूभर हो गया है।

मोहन पांडे ने जिला पूर्ति अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि समस्या की शिकायत करने पर जनप्रतिनिधियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया और प्रार्थना पत्र फाड़ दिए गए। इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी से भी की गई है।

**एजेंसी और विभाग ने दी सफाई**

गैस एजेंसी संचालक नरेंद्र मनराल का कहना है कि पीछे से ही आपूर्ति बाधित होने के कारण वितरण प्रभावित हुआ है, एजेंसी स्तर पर कोई लापरवाही नहीं है। वहीं, जिला पूर्ति अधिकारी विनोद तिवारी ने स्पष्ट किया कि गैस आपूर्ति का शेड्यूल उच्च स्तर से निर्धारित होता है और किसी भी प्रकार की अनियमितता या अभद्र व्यवहार पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आयोजन

### पीजी महाविद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव में मेधावियों को किया सम्मानित, मंत्री ने कंप्यूटर लैब का किया शुभारंभ

# स्किल डेवलपमेंट कर लक्ष्यों को निर्धारित करें विद्यार्थी : बहुगुणा

संवाददाता सितारगंज


सितारगंज पीजी महाविद्यालय में कार्यक्रम का शुभारंभ करते मंत्री सौरभ बहुगुणा।

**अमृत विचार :** राजकीय पीजी महाविद्यालय, सितारगंज में वार्षिकोत्सव एवं छात्रसंघ समारोह 'उत्कर्ष' का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान अतिथि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने स्किल डेवलपमेंट पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया।

मंगलवार को महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह और प्राचार्य डॉ. रेनू रानी बंसल ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान मंत्री बहुगुणा ने कहा कि सितारगंज विधानसभा में पहले विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अन्य शहरों का रुख करना पड़ता था। उनके पिता विजय बहुगुणा ने सीएम रहते हुए इस महाविद्यालय की नींव रखी थी। जिसे वह सशक्त करने का कार्य कर रहें है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में महाविद्यालय में परास्नातक कक्षाएं संचालित हो रही हैं। अधिकांश विषयों की पढ़ाई भी कराई जा रही है।

महाविद्यालय के अभाव में पहले कई छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाती थी। लेकिन, अब परिस्थितियों बदल गई है। उन्होंने कहा कि वह अपने माता-पिता और गुरुजनों के मार्गदर्शन में अपने करियर का लक्ष्य तय करें और प्रतियोगिताओं व स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करें।

इस अवसर पर मंत्री बहुगुणा ने महाविद्यालय में विधायक निधि से बनाए गए कंप्यूटर लैब का विधिवत शुभारंभ किया। वहीं, कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कुमाऊंनी लोकगीतों पर प्रस्तुत कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। छात्रसंघ पदाधिकारियों व महाविद्यालय स्टॉफ ने मंत्री बहुगुणा व अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य डॉ. रेनू रानी बंसल ने महाविद्यालय की वार्षिक आख्या प्रस्तुत करते हुए संस्थान की उपलब्धियों एवं योजनाओं पर प्रकाश डाला। कैबिनेट मंत्री बहुगुणा ने महाविद्यालय में तैनात असिस्टेंट प्राध्यापक डॉ. राजविंदर कौर की लिखित पुस्तक हिंदी पत्रकारिता का बहुआयामी अध्ययन का विमोचन किया। इस मौके पर सितारगंज-सिडकुल इंडस्ट्रीज वैलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण सत्यवली, राज्य आंदोलनकारी फकीर सिंह कन्याल, विनय डबराल, अवनीश त्रिवेदी, मनीश्वर मण्डल, राजविंदर कौर, कुसुम आर्या मौजूद रहे।

# बंगाली समुदाय में सनातन धर्म के प्रति गहरी आस्था

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 1 में नवनिर्मित शीतला माता मंदिर का, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने विधिवत लोकार्पण किया।

कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाली समुदाय में सनातन धर्म के प्रति गहरी आस्था और समर्पण देखने को मिलता है, जो समाज की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करता है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने अपने विधायक निधि से मंदिर के सौंदर्यीकरण हेतु, हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल ने मंदिर निर्माण में विशेष योगदान देने के लिए, सभासद सुनीता सरकार का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके प्रयासों से यह धार्मिक स्थल साकार हो पाया।

### मंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना

**शक्तिफार्म** : कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कांग्रेस पर बंगाली समुदाय की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा बंगाली समाज का सम्मान किया है और उनकी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कार्य किए हैं।

### बहन की शादी के नाम पर लाखों की ठगी

**सितारगंज** : बहन की शादी का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। आरोपी ने न केवल एक किसान से, बल्कि क्षेत्र के कई अन्य लोगों से भी करीब आठ लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। गांव रसोईयापुर निवासी किसान सुखदेव सिंह के अनुसार, साल 2022 में खटीमा के नौगवां नाथ निवासी अमरजीत सिंह राणा ने बहन की शादी के लिए उनसे 2.50 लाख रुपये उधार लिए थे। आरोपी ने इकरारनामा भी किया था कि वह मेहनत-मजदूरी कर पैसे चुका देगा, लेकिन रुपये लेने के बाद वह गायब हो गया। खोजबीन में पता चला कि आरोपी ने इसी तरह हरजीत सिंह से 2 लाख, जस्सा सिंह से 45 हजार और दीपक रैना से 3 लाख रुपये की ठगी की है।

## सिटी ब्रीफ

### कल अनाज मंडी में बनेगी 'फॉर्मर आईडी'

**काशीपुर :** किसानों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ दिलाने के लिए आगामी 23 अप्रैल को अनाज मंडी गेस्ट हाउस में एक विशेष पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। किसान विकास क्लब के आग्रह पर आयोजित इस शिविर में कृषि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सुबह 11 बजे से किसानों की 'फॉर्मर आईडी' बनाएंगे। किसान विकास क्लब के अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि भविष्य में कृषि सब्सिडी, अनुदान और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने के लिए यह आईडी अनिवार्य हो सकती है। किसानों को पंजीकरण हेतु अपना आधार कार्ड और उससे लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य होगा। अध्यक्ष ने क्षेत्र के किसानों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर समय पर अपनी आईडी बनवा लें, ताकि उन्हें सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। शिविर में आईडी बनाने के साथ-साथ किसानों को विभागीय योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी भी दी जाएगी।

### कच्ची शराब के साथ महिला सहित तीन धरे

**काशीपुर :** पुलिस ने कच्ची शराब के साथ एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 70 पाउच कच्ची शराब के बरामद किए हैं। आईटीआई कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान बाजपुर रोड स्थित सूत मिल रोड से ग्राम मुकंदपुर निवासी फुम्मन सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 59 पाउच कच्ची शराब के बरामद किए हैं। वहीं पुलिस ने वैशाली कालोनी में अपने घर के बाहर कच्ची शराब बेचते आशा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 11 पाउच कच्ची शराब के बरामद किये हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से गोवंश गंभीर घायल

**बाजपुर :** नगरीय क्षेत्र में सोमवार देर रात एक ढाबे के पास अज्ञात वाहन ने सड़क पर घूम रहे नंदी (गोवंश) को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि नंदी गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि आरोपी वाहन चालक मौके से फरार होने में कामयाब रहा। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने निजी वाहन की व्यवस्था कर घायल नंदी को पशु चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।

### नशे और दहेज के खिलाफ अभियान का फैसला

**काशीपुर :** जमियत उलेमा-ए-हिंद की बैठक सोमवार को मझरा लक्ष्मीपुर पट्टी स्थित कार्यालय में जिला सदर मौलवी जियाउर्रहमान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समाज में बढ़ते नशे और दहेज जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। संगठन का विस्तार करते हुए कारी गुलाम नबी को नायब सेक्रेटरी, हाजी तय्यब को कोषाध्यक्ष और मोहम्मद वासिफ को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। मौलवी जियाउर्रहमान ने कहा कि संगठन सामाजिक बुराइयों को जड़ से मिटाने के लिए निरंतर प्रयास करेगा। मौके पर एडवोकेट अली अनवर, मोहम्मद उस्मान, आलमगीर, दिलशाद हुसैन एडवोकेट, कारी मुजाहिद, आले नबी, गुलाम नबी, मौलवी अकरम आदि मौजूद रहे।

### महिला की बाइक चोरी

**सितारगंज :** शक्तिफार्म स्थित जय बाबा तारकनाथ धाम मंदिर परिसर में लगे मेले से चोरों ने एक बाइक चोरी कर ली। शक्तिगढ़ के आजाद वार्ड निवासी राखी 14 अप्रैल को अपने पति सोहन के साथ मेला देखने आई थीं। उन्होंने अपनी बाइक मेले के समीप स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास एक घर के बगल में खड़ी की थी। करीब डेढ़ घंटे बाद जब वे मेला देखकर वापस लौटे, तो बाइक वहां से गायब थी।

# स्टोन क्रशर के नाम पर ठगी मामले में केस दर्ज

## अनूप अग्रवाल के परिवार पर आरोप, पीड़ितों ने किया था प्रदर्शन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** स्टोन क्रशर लगाने के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। लंबे समय से न्याय की गुहार लगा रहे पीड़ितों द्वारा कोतवाली में जोरदार धरना-प्रदर्शन और आक्रोश व्यक्त करने के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी अनूप अग्रवाल, उनकी पत्नी और दो पुत्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मामले का खुलासा तब हुआ जब महादेव नगर, ढकिया कलां निवासी लखविंदर सिंह पुत्र दलीप सिंह ने पुलिस प्रशासन को अपनी आपबीती सुनाई। पीड़ित के अनुसार, वर्ष 2016-17 में रोजडेल कॉलोनी निवासी अनूप अग्रवाल, उनके पुत्र अमोल अग्रवाल और अभिषेक अग्रवाल ने उन्हें एक बड़े स्टोन क्रशर प्रोजेक्ट में शामिल होने का प्रस्ताव दिया। आरोपियों ने पीड़ित को विश्वास दिलाया कि शासन और प्रशासन में उनकी बहुत गहरी पैठ है, जिसके चलते वे क्रेशर के लिए आवश्यक सभी सरकारी अनुमतियां आसानी से प्राप्त कर लेंगे।

### साढ़े तीन करोड़ की जमीन और 36% हिस्सेदारी का लालच

आरोपियों ने पीड़ित लखविंदर सिंह को झांसा दिया कि ग्राम ढकिया कलां में उनकी छह एकड़ जमीन स्टोन क्रेशर के लिए उपयुक्त है। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि यदि पीड़ित यह जमीन अनूप अग्रवाल की पत्नी रेनू अग्रवाल के नाम बैनामा कर देता है, तो उसे जमीन की कीमत के रूप में 3 .50 करोड़ रुपये नकद दिए जाएंगे और साथ ही बनने वाले स्टोन क्रेशर में 36 प्रतिशत की हिस्सेदारी भी दी जाएगी। आरोपियों की बातों पर भरोसा कर पीड़ित ने कपटपूर्ण तरीके से तैयार किए गए दस्तावेजों के आधार पर अपनी बेशकीमती जमीन का बैनामा रेनू अग्रवाल के नाम कर दिया।

### बैंक लोन हड़पा और जान से मारने की दी धमकी

धोखाधड़ी का सिलसिला यहीं नहीं रुका। जमीन हड़पने के बाद आरोपियों ने उक्त भूमि को ''मुरलीवाला स्टोन इंडस्ट्रीज लिमिटेड'' के नाम पर बैंक में बंधक रख दिया और उस पर 5 .25 करोड़ रुपये का भारी-भरकम लोन ले लिया। आरोप है कि यह पूरी रकम आरोपियों ने अपने निजी खातों में स्थानांतरित कर हड़प ली। जब पीड़ित ने अपनी जमीन का भुगतान और क्रेशर में मुनाफे का हिस्सा मांगा, तो आरोपियों ने अपना असली रूप दिखाया। लखविंदर सिंह का आरोप है कि अनूप और अमोल अग्रवाल ने उन पर पिस्टल तान दी और गाली-गलौज करते हुए कहा कि शासन-प्रशासन उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। उन्होंने पीड़ित को परिवार सहित "क्रेशर में काटकर गाड़ देने" की खौफनाक धमकी दी।

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

पीड़ित पक्ष के अडिग रहने और कोतवाली में भारी दबाव के बाद, पुलिस ने तहरीर के आधार पर अनूप अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, अमोल और अभिषेक अग्रवाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 (धोखाधड़ी), 504 (शांति भंग के इरादे से अपमान) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब इस बड़े वित्तीय घोटाले और जानलेवा धमकी के मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## राष्ट्रीय वुडबॉल के लिए अथर्व और निष्कर्ष का चयन


अथर्व चौधरी।


निष्कर्ष चौधरी।

**काशीपुरः** सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने एक बार फिर खेल जगत में संस्थान का मान बढ़ाया है। संस्थान के बीकॉम ऑनर्स (द्वितीय सेमेस्टर) के छात्र अथर्व चौधरी और निष्कर्ष चौधरी का चयन उत्तराखंड की टीम में हुआ है, जो छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय वुडबॉल प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

प्राचार्य डॉ. निमिषा अग्रवाल ने बताया कि वुडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 14 से 17 मई 2026 तक 20वीं राष्ट्रीय सीनियर एवं 14वीं राष्ट्रीय जूनियर प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। दोनों होनहार खिलाड़ी 13 मई को रुद्रपुर से प्रदेश टीम के साथ रवाना होंगे। संस्थान की चेयरमैन विमला गुड़िया सहित समस्त प्रबंधन और स्टाफ ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाएं दी हैं।

# 10 एकड़ गेहूं की फसल में रंजिशन लगाई आग


बाजपुर में कोतवाल नरेश चौहान से मुलाकात कर तहरीर सौंपते किसान।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** क्षेत्र के ग्राम विक्रमपुर में गेहूं की तैयार खड़ी फसल में जानबूझकर आग लगाने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना से आक्रोशित दर्जनों किसान भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के बैनर तले कोतवाली पहुंचे और पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की।

मंगलवार को भाकियू के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा के नेतृत्व में किसानों ने कोतवाल नरेश चौहान से मुलाकात की। ग्राम रानीनांगल फौजी कॉलोनी निवासी पीड़ित किसान गुरप्रीत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने विक्रमपुर में लगभग 10 एकड़ भूमि ठेके पर लेकर गेहूं की फसल उगाई थी। आरोप है कि 20 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे एक व्यक्ति ने रंजिश के चलते उनकी फसल में आग लगा दी, जिससे पूरी मेहनत जलकर राख हो गई।

पीड़ित किसान का आरोप है कि आरोपी के परिवार ने पहले भी फसल को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी थी। घटना के बाद किसानों ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मौके पर भाकियू के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हरप्रीत सिंह निज्जर, प्रभुशरण सिंह, विक्रम सिंह गोराया, गुरप्रीत सिंह, हरदयाल सिंह, पिंदरपाल सिंह, गगन सरना, शीतल सिंह, राजवीर सिंह चीमा, जितेंद्र सिंह, मनिंदर सिंह, बब्बू नामधरी, सुखवंत सिंह, गुरजीत सिंह, सतविंदर सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

## हादसे में फार्मा कंपनी के मैनेजर की मौत

**काशीपुरः** सुल्तानपुर पट्टी हाईवे पर मंगलवार को एक भीषण हादसे में सितारगंज स्थित फार्मा कंपनी के मैनेजर की मौत हो गई। मुजफ्फरनगर के ग्राम फलौदा निवासी नितिन त्यागी (41) अपनी पत्नी और 11 वर्षीय बेटे के साथ कार से ड्यूटी पर लौट रहे थे। हादसा तब हुआ जब हाईवे पर कार पंचर होने के कारण नितिन सड़क किनारे टायर बदल रहे थे। जैसे ही वह टायर बदलकर उसे कार में रखने लगे, पीछे से आए एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि नितिन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और बच्चा बाल-बाल बच गए। वारदात के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर ट्रक को कब्जे में ले लिया है। मृतक के परिजनों में इस आकस्मिक घटना से कोहराम मचा हुआ है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश कर रही है।

### विवाहिता को भगा ले जाने का आरोप

**काशीपुर :** ग्राम गढ़ीनेगी में एक महिला ने युवक पर अपनी 21 वर्षीय विवाहिता पुत्री और उसके दो वर्षीय बेटे को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता की मां ने कुंडा कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री, जिसका विवाह 2023 में मुरादाबाद में हुआ था, पिछले छह माह से मायके में रह रही थी।17 अप्रैल की सुबह वह अचानक घर से लापता हो गई।



काशीपुर में द्रोणा सागर में दीप जलाते मेयर दीपक बाली व अन्य। ● अमृत विचार

### द्रोणा सागर में दीपोत्सव के साथ स्वच्छता का शंखनाद

**काशीपुर :** महापौर दीपक बाली के नेतृत्व में नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए जागरूकता अभियान तेज कर दिए गए हैं। इसी कड़ी में बीती रात ऐतिहासिक धार्मिक स्थल द्रोणा सागर पर एक भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य संदेश था कि "बुद्धिमान व्यक्ति मलीनता का त्याग कर स्वच्छता को अपनाता है।" महापौर ने पदभार संभालते ही काशीपुर को देश के स्वच्छ शहरों की श्रेणी में लाने का संकल्प लिया है। इसके लिए स्कूलों में बच्चों को जागरूक करने के साथ-साथ नुक्कड़ नाटकों और रैलियों के जरिए जन-भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। दीपोत्सव से पूर्व सफाई निरीक्षक मनोज बिष्ट की टीम ने पूरे परिसर का विशेष सफाई अभियान चलाया। कार्यक्रम में भारी संख्या में उमड़े शहरवासियों ने दीप जलाकर मलीनता के अंधेरे को दूर करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पार्षद कुलदीप शर्मा, भाजपा नेता ईश्वर चंद्र गुप्ता, राजीव अरोरा सहित कई गणमान्य नागरिक और निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

## चुनावी नक्शा बदलना चाहती है भाजपा


अलका पाल।

**काशीपुरः** महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अलका पाल ने कहा कि महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने के लिए मोदी सरकार की ओर से परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक 131 का महिला आरक्षण से कोई लेना-देना नहीं है। बल्कि यह सरकार का दक्षिण, पूर्वोत्तर और छोटे राज्यों से प्रतिनिधित्व छीनकर देश का चुनावी नक्शा बदलने का प्रयास है। अलका पाल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का इस संविधान संशोधन विधेयक से कोई मतलब नहीं है। यह विधेयक भारत की महिलाओं का इस्तेमाल कर उनकी आड़ में राजनीतिक मानचित्र को बदलने का प्रयास है।

# बार एसोसिएशन ने मनाई बैसाखी

● **खालसा पंथ की स्थापना पर दी जानकारी**

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** बार एसोसिएशन काशीपुर द्वारा बार परिसर में बैसाखी पर्व का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे ने की तथा संचालन सचिव यशवंत सिंह चौहान द्वारा किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता कश्मीर सिंह ने पर्व के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 1699 में इसी दिन गुरु गोविंद सिंह ने ''खालसा पंथ'' की स्थापना की थी, जो सिख समुदाय के नववर्ष का प्रतीक है। अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे ने कहा कि यह त्यौहार किसानों की खुशहाली और फसल कटाई के उल्लास का पर्व है, वहीं सचिव यशवंत चौहान ने इसे धार्मिक एकता का प्रतीक बताया।

कार्यक्रम के दौरान विश्व शांति के लिए प्रार्थना की गई और अरदास के पश्चात सभी अधिवक्ताओं को हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। समारोह में उपाध्यक्ष विधु शेखर शर्मा, उपसचिव अंकित चौधरी, कोषाध्यक्ष बी.सी. नौटियाल, गौरव मेहरोत्रा, राकेश प्रजापति, शैलेंद्र कुमार मिश्रा, भास्कर त्यागी, अमृतपाल सिंह, नवजोत सिंह, समर्थ विक्रम आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में बार एसोसिएशन सभागार में बैसाखी पर्व मनाते अधिवक्ता।

# दीपक हत्याकांड का खुलासा, आरोपी धरा

● **ममेरी बहन को भगा ले जाने की धमकी पर की थी युवक की हत्या**

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने 17 अप्रैल को युवक दीपक पर हुए जानलेवा हमले और उसकी मौत के मामले का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी शिवा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, हत्या की वजह आरोपी की ममेरी बहन से मृतक का प्रेम प्रसंग और उसे भगा ले जाने की धमकी देना था।

पुरानी गल्ला मंडी निवासी दीपक कुमार (24) पर 17 अप्रैल की देर रात घर लौटते समय चाकू से ताबड़तोड़ वार किए गए थे। हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में दो दिन तक जिंदगी की जंग लड़ने के बाद दीपक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में हत्या की धारा और आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू की। एसपी क्राइम जितेंद्र चौधरी ने बताया कि आरोपी शिवा को ग्राम नंदपुर के पास से दबोचा गया। शिवा ने पूछताछ में कबूला कि दीपक उसकी ममेरी बहन से लगातार बात करता था। घटना वाली रात दीपक ने शिवा को अपनी बहन भगा ले जाने की चुनौती दी, जिससे आक्रोशित होकर शिवा ने उसके पेट और छाती पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है और उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# 676 बच्चों ने पसंदीदा प्रत्याशी को चुना

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** सिटी कॉन्वेंट स्कूल में छात्र परिषद के चुनाव का आयोजन सुव्यवस्थित और लोकतांत्रिक रूप में सम्पन्न हुआ। जिसमें विद्यालय के कुल 676 छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और जिम्मेदारी के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाए रखने की जिम्मेदारी शिक्षक संतोष चंद द्वारा बखूबी निभाई गई। उनके कुशल निर्देशन में मतदान की सभी व्यवस्थाएं, मतदाता सूची का संधारण, मतदान कक्ष की व्यवस्था, बैलेट पेपर वितरण तथा मतदान प्रक्रिया सुनियोजित ढंग से संचालित की गईं। पूरे आयोजन में अनुशासन और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। जिससे छात्रों को एक वास्तविक चुनाव प्रक्रिया का अनुभव प्राप्त हुआ।



खटीमा के सिटी कान्वेंट स्कूल में मतदान करते बच्चे। ● अमृत विचार

उम्मीदवारों ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर अपने विचार साझा किए तथा समर्थन की अपील की। प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय एवं एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर तिलक उपाध्याय ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित करते हैं। प्राचार्या शुभ्रा सक्सेना ने कहा कि बच्चों में नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क, संगठन कौशल एवं निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है।

# एनसीसी कैडेट्स ने सीखे एआई के गुर

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में मंगलवार को 'वर्ल्ड क्रिएटिविटी एंड इनोवेशन डे' के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। "अवेयरनेस प्रोग्राम ऑन बेसिक एआई यूसेज फॉर कैडेट्स" विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को भविष्य की तकनीक आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस से रूबरू कराया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रो. बी.के. सिंह ने कहा कि वर्तमान युग में एआई तकनीक विद्यार्थियों के शैक्षणिक और व्यावसायिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। एनसीसी अधिकारी डॉ. पंकज कुमार ने तकनीक के जिम्मेदारीपूर्ण और नैतिक उपयोग पर जोर देते हुए दैनिक जीवन में इसके लाभ गिनाए। मुख्य वक्ता जाहिद मुस्तफा ने एआई के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कैडेट्स को बताया कि एआई शिक्षा के क्षेत्र में किस तरह क्रांति ला सकता है। कार्यशाला के दौरान कैडेट्स को चैट जीपीटी और गूगल जेमिनी जैसे आधुनिक एआई टूल्स का लाइव डेमो भी दिया गया। उन्हें सिखाया गया कि कैसे ये टूल्स पढ़ाई, प्रोजेक्ट वर्क और टाइम मैनेजमेंट में मददगार साबित हो सकते हैं।

**पहल** | पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# बैठक में ओबीसी वर्ग के हितों पर दिया जोर

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** उत्तराखंड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य डॉ. जैनुल आबिदिन अंसारी (वार्सी) ने मंगलवार को विकासखंड कार्यालय बाजपुर का भ्रमण कर विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं के क्रियान्वयन और ओबीसी वर्ग के लाभार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की।

खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी ने डॉ. अंसारी का स्वागत करते हुए विकासखंड स्तर पर संचालित योजनाओं की जानकारी दी। डॉ. अंसारी ने विभिन्न विभागों से ओबीसी वर्ग के पात्र लाभार्थियों को अब तक प्रदान की गई सुविधाओं का ब्यौरा मांगा और भविष्य में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने पर मंथन किया।


पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य डॉ .जैनुल आबिदिन अंसारी का स्वागत करते बीडीओ।

सहायक समाज कल्याण अधिकारी नगमा परवीन व अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी चंद्र प्रकाश रावत ने विभागीय योजनाओं, ऋण और अनुदान की स्थिति स्पष्ट की। बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी रेनू यादव ने एक महत्वपूर्ण सुझाव दिया कि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रियाओं में ओबीसी वर्ग के लिए पृथक विकल्प जोड़ा जाना चाहिए, ताकि इस वर्ग के आंकड़ों का सही मिलान हो सके। वहीं, गगनदीप कौर ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों में ओबीसी महिलाओं की भागीदारी की जानकारी साझा की।

डॉ. अंसारी ने मनरेगा, पंचायत और ग्रामोत्थान परियोजना के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। इस अवसर पर सहायक बीडीओ सुरेश चंद्र पंत, उद्यान अधिकारी कमलजीत कौर, कृषि अधिकारी नरेंद्र मेहता, फारूक खान, इंतजार हुसैन, यशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## सगाई के बाद शादी से मुकरा युवक

**बाजपुरः** सगाई की रस्में पूरी होने के बाद बिना किसी ठोस कारण के विवाह से इनकार करने का एक मामला सामने आया है। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से आए पीड़ित परिवार ने बाजपुर कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी युवक और उसके परिजनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है। अलीगढ़ निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री का विवाह करीब दो माह पूर्व बाजपुर निवासी एक युवक के साथ तय हुआ था। एक माह पहले दोनों की सगाई बड़े धूमधाम से संपन्न हुई, जिसमें लड़की पक्ष ने करीब एक लाख रुपये नकद, सोने-चांदी की अंगूठी और अन्य उपहार दिए थे। पीड़िता ने भावुक होते हुए बताया कि सगाई के खर्च के लिए उन्होंने अपनी भैंस और अनाज तक बेच दिया था।


दशमेश स्कूल में आयोजित जागरूकता शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण करती टीम।

### महिलाओं को सुरक्षित प्रसव के गुर सिखाए

**बाजपुर :** बरहैनी स्थित दशमेश स्कूल में मंगलवार को उपजिला चिकित्सालय के तत्वावधान में सुरक्षित प्रसव और मातृ-शिशु स्वास्थ्य को लेकर एक वृहद जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी.डी. गुप्ता एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रविशंकर श्रीवास्तव के दिशा-निर्देशन में आयोजित इस शिविर में क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं और किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने महिलाओं को संबोधित करते हुए संस्थागत प्रसव के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि अस्पताल में प्रसव कराने से प्रसूता और नवजात दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है और आपातकालीन स्थिति में तत्काल विशेषज्ञ उपचार मिल पाता है। इस मौके पर डॉ. नेहा भट्ट, डॉ. आकांक्षा, ब्लॉक कोआर्डिनेटर शिखा जोशी, बृजबाला शर्मा आदि मौजूद रहे।

## प्रेमी संग विवाहिता जेवर लेकर फरार

**बाजपुरः** ससुराल से मायके गई एक विवाहिता के अपने भाई के दोस्त के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पति ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंपते हुए पत्नी की बरामदगी और इस साजिश में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। नगरीय क्षेत्र से सटे एक गांव के निवासी ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी बीती 1 अप्रैल को अपने भाई के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने गई थी, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी। आरोप है कि पत्नी अपने साथ घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण और 50 हजार रुपये नकद भी ले गई है। पीड़ित के अनुसार, पिछले आठ दिनों से पत्नी से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है।

**ब्रीफ न्यूज**

### क्रिकेट प्रतियोगिता में कला संकाय चैंपियन

**अल्मोड़ा :** एसएसजे परिसर की अंतर संकाय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में कला संकाय ने चैंपियनशीप अपने नाम की। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि परिसर के क्रीड़ा अधिकारी लियाकत अली खाने ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी कला संकाय की टीम ने निर्धारित ओवरों में 160 रन बनाए। जवाब में विज्ञान संकाय की टीम अपने पूरे विकेट खोकर 91 रनों पर ही ढेर हो गई। विजेता और उपविजेता टीमों को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। यहां कोच कैलाश मेहरा, अनुज दुर्गापाल, रक्षित रावत दीपक वर्मा, राजेंद्र सिंह राना, प्रेम सिंह लटवाल, किशन, दीपक शाही, केके खोलिया रहे।

### आबकारी अधिनियम के दोषी पर 5 हजार रुपये का जुर्माना

**चम्पावत :** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निहारिका मित्तल गुप्ता की अदालत ने दोषी पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। अर्थदंड न देने की स्थिति में उसे 30 दिन का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। अदालत ने आरोपी को कोर्ट उठने तक की सजा भी सुनाई। घटना जुलाई 2025 की है, जब चम्पावत पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के साइंस सेंटर के पास स्थित एक परचून की दुकान से देसी मसालेदार शराब के पाउच और एक हाफ बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की थी। पुलिस ने मौके से दुकान संचालक कुंदन सिंह बिष्ट को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60(1)(बी) के तहत मामला दर्ज किया था। आरोप पत्र दाखिल होने के बाद अदालत में मामले की सुनवाई हुई।

# अल्मोड़ा में 94.62 फीसदी मतदाताओं की मैपिंग पूरी

## एडीएम ने एसआईआर के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली



अल्मोड़ा में एसआईआर को लेकर बैठक लेतीं उप जिलाधिकारी युक्ता मिश्र। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य के संबंध में एडीएम युक्ता मिश्र की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों और प्रशासन के अधिकारियों के बीच मतदाताओं की अधिक से अधिक मैपिंग कराने पर चर्चा हुई।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में एडीएम ने कहा कि त्रुटिरहित और शुद्ध मतदाता सूची तैयार करना प्रशासन की प्राथमिकता है। कहा कि सभी दलों के प्रतिनिधि बूथों में तैनात बीएलओ के साथ समन्वय बनाते हुए मतदाता सूची के अनुसार मैपिंग कराने में सहयोग करें। साथ ही यदि मैपिंग संबंधी कार्यों में किसी भी दल को कोई आपत्ति या शिकायत है, तो उसे भी साझा करें जिससे शिकायत का परीक्षण कर उसका निस्तारण किया जा सके। बताया कि मतदाता सूची में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रशासन के साथ साथ सभी दलों के प्रतिनिधियों की भागीदारी अनिवार्य है, इसलिए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सभी दल अपनी अपनी सहभागिता निभाएं। बैठक में उप निदेशक पर्यटन प्रकाश सिंह खत्री, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी भरत सिंह रावत सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### 499679 मतदाताओं की मैपिंग पूरी

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2025 के मतदाताओं को वर्ष 2003 की मतदाता सूची से 20 अप्रैल 2026 तक 94 .62 प्रतिशत मैप कर लिया गया है। जिले में 528118 मतदाता पंजीकृत हैं, इनमें से 499679 मतदाताओं की मैपिंग पूरी की जा चुकी है। एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को शत प्रतिशत मतदाता मैपिंग पूरा करने के निर्देश दिए।

## शारीरिक शोषण का आरोपी गिरफ्तार

**टनकपुर :** नगर क्षेत्र में जूते-चप्पल की दुकान चलाने वाले व्यक्ति पर दो महिलाओं से जबरन उनके साथ शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। तहरीर मिलने पर पुलिस ने आरोपित के विरूद्ध मामला पंजीकृत कर गिरफ्तार कर लिया है। घटना सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। उन्होंने आरोपित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली में दी तहरीर में महिलाओं ने बताया कि वह टनकपुर नगर में एक जूते-चप्पल की दुकान में काम करती हैं। महिलाओं का आरोप है कि दुकानदार ने काम के दौरान उनके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए और चोरी से उसका वीडियो बना लिया। बाद में दुकानदार वीडियों को उनके घर वालों को भेजने की बात कहकर गृहस्थी खराब करने की धमकी देने लगा। महिलाओं का आरोप है कि दुकानदार ने उनकी मजबूरी का फायदा उठाकर उन्हें डरा धमका कर दुकान में जबरन संबंध बनाए। कोतवाल चेतन सिंह रावत ने बताया कि महिलाओं ने सोमवार की शाम पुलिस में दुकानदार के विरूद्ध लिखित शिकायत दर्ज कराई है। तहरीर के आधार पर आरोपित दुकानदार शहंशाह (50) निवासी मस्जिद कालोनी, टनकपुर के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 और 351(3) के तहत मामला पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच महिला उपनिरीक्षक गुरविंदर को सौंपी गई है।

# विद्यार्थियों को उद्यमिता एवं स्टार्टअप के लिए किया प्रेरित



राजकीय महाविद्यालय टनकपुर में प्राचार्य, प्राध्यापकों के साथ छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** राजकीय महाविद्यालय टनकपुर में देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनुपमा तिवारी, देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी डॉ. सुनील कुमार कटियार, कार्यक्रम संयोजक जयेंद्र विक्रम तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

प्राचार्य डॉ. अनुपमा तिवारी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए स्थानीय संसाधनों एवं पारंपरिक कौशल के आधार पर स्वरोजगार एवं उद्यमिता से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भर उत्तराखंड के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी डॉ. सुनील कुमार कटियार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए आगामी बूट कैंप, उद्यमिता विकास कार्यक्रम तथा मेगा स्टार्टअप समिट की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने महाविद्यालय में पूर्व में आयोजित उद्यमिता संबंधी गतिविधियों एवं उनकी उपलब्धियों का भी उल्लेख किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद से आए प्रोजेक्ट ऑफिसर जयेंद्र विक्रम ने विद्यार्थियों को उद्यमिता की अवधारणा, नवाचार के विभिन्न आयामों तथा स्टार्टअप इकोसिस्टम की संभावनाओं से अवगत कराया। उन्होंने समस्याओं की पहचान, नए विचारों का सृजन, अवसरों के मूल्यांकन, रचनात्मक सोच एवं व्यावसायिक विचारों को बाजार तक पहुँचाने की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही स्टार्टअप एवं पारंपरिक व्यवसाय के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए व्यवसाय के लिए पूंजी जुटाने के विभिन्न स्रोतों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत उपलब्ध प्रशिक्षण, मेंटरशिप, वेंचर डेवलपमेंट सपोर्ट, हैंड-होल्डिंग एवं वित्तीय सहायता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी साझा की गईं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. एम.एस. चौहान, डॉ. अब्दुल शाहिद, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. पंकज उप्रेती, डॉ. सुलतान सिंह यादव, डॉ. सुषमा मक्कड़, डॉ. विमल जोशी, डॉ. होशियार सिंह, श्री विजय डालाकोटी, डॉ. रोहित शर्मा, डॉ. ब्रह्म नन्द, डॉ. किरण, डॉ. पूनम, डॉ. मीनाक्षी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# मोटर मार्ग का सुधारीकरण हुआ शुरू

- जमराड़ी-बेलवालगांव मोटर मार्ग लंबे समय से बनी है खस्ताहाल

संवाददाता, अल्मोड़ा



जमराड़ी-बेलवालगांव निर्माणाधीन मोटर मार्ग का सुधारीकरण कार्य शुरू हुआ।

**अमृत विचारः** विकासखंड भैंसियाछाना के अंतर्गत जमराड़ी-बेलवालगांव निर्माणाधीन मोटर मार्ग का सुधारीकरण का कार्य शुरू हो गया है। मोटर मार्ग के सुधारीकरण को लेकर ग्रामीण लंबे समय से मांग उठा रहे थे। अब ग्रामीणों की मांग पर विभाग ने जेसीबी लगाकर मार्ग पर पड़े गड्ढों को पाटना शुरू कर दिया है।

दरअसल, जमराड़ी-बेलवालगांव निर्माणाधीन मोटर मार्ग लंबे समय से खस्ताहाल बनी हुई है। सड़क कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त पड़ी है। गड्ढे और मलबे के चलते चालक खासे परेशान हैं। चालक कई बार हादसे की आशंका जता चुके हैं। स्थानीय लोगों ने इस समस्या को कई बार लोक निर्माण विभाग अल्मोड़ा के अधिकारियों के समक्ष रखा जा चुका है, लेकिन विभाग उदासीन बना हुआ है। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य रमेश जड़ौत ने कहा है कि क्षेत्रवासियों के लिए यह सड़क बेहद महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके विभाग अब तक सड़क के दूसरे चरण का कार्य शुरू नहीं कर सका है। उन्होंने बताया कि बार-बार सुधीकरण की मांग के बाद विभाग ने मार्ग पर पड़े गड्ढों को पाटना शुरू कर दिया है। वहीं, सड़क के दूसरे चरण का कार्य भी जल्द शुरू करने की मांग उठाई। चेतावनी दी कि यदि जल्द दूसरे चरण का कार्य शुरू नहीं किया गया तो समस्त ग्रामीण आंदोलन को बांध्य होंगे।

# स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पर बिफरे विधायक तिवारी

संवाददाता, अल्मोड़ा



मनोज तिवारी।

**अमृत विचारः** क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी ने जिले की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाए है। डॉक्टरों की कमी और 108 एंबुलेंस के समय पर नहीं मिलने पर नाराजगी जताई है। प्रदेश की भाजपा सरकार से जल्द व्यवस्थाओं को सुधारने की मांग उठाई।

विधायक तिवारी ने कहा कि आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाने वाली 108 एंबुलेंस सेवा बदहाल है। कहा कि जिस सेवा पर आम जनता की जिंदगी निर्भर करती है, वहीं आज लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। कहा कि कई बार आपात स्थिति में 108 समय पर नहीं पहुंच पाती, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कहीं एंबुलेंस के टायर खराब हैं तो कहीं ईंधन की कमी के चलते वाहन खड़े हैं। अल्मोड़ा जैसे बड़े जिले में आज तक विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात नहीं किए गए। वहीं, कई सीएचसी चिकित्सक विहिन चल रह है। विधायक तिवारी ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि जल्द स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार नहीं किया गया तो वह समस्त जनता को साथ में लेकर आंदोलन को बाध्य होंगे।

# नियमों के उल्लंघन पर 86 का चालान

- ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने चलाया यातायात चेकिंग अभियान

संवाददाता, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा में पुलिस ने यातायात चेकिंग अभियान चलाया। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिलेभर में पुलिस ने सोमवार को ''ऑपरेशन प्रहार'' के तहत चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नियमों के उल्लंघन पर 86 लोगों पर चालानी कार्रवाई की गई। वहीं, वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए जागरूक किया गया।

एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसी क्रम में पुलिस जिलेभर के अलग-अलग स्थानों में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान के दौरान दोषपूर्ण नंबर प्लेट, वाहन के खिड़कियों के शीशों पर काली फिल्म लगाने वालों व यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले कुल 86 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही सभी टैक्सी, बस चालकों को सुरक्षित ड्राईविंग के लिये क्षमता से अधिक सवारी न बिठाने, नशे में वाहन न चलाने, खतरनाक तरीके से वाहन न चलाने आदि उचित हिदायतें दी गई। यात्रियों से अपील की गई कि कोई वाहन चालक ओवर लोडिंग, नशे में वाहन चलाता है या खतरनाक तरीके से वाहन चलाता है तो उसकी शिकायत तत्काल डायल 112 में करे।



पीड़ित परिवार को चेक देते जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, साथ में डीएम मनीष कुमार।

### सड़क दुर्घटना के मृतक की पत्नी को सौंपा दो लाख का चेक

**चम्पावत :** लोहाघाट ब्लॉक के दिगालीचौड़ (झड़पतिया) के समीप कोट बसान रोड पर आठ अप्रैल को हुई सड़क दुर्घटना में मारे गए शिवराम पुत्र कल्याण राम के परिजनों को सड़क परिवहन दुर्घटना राहत नियमावली के अंतर्गत दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। गंभीर रूप से घायल शिवराम ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रशासन ने मृतक की पत्नी माया देवी को राहत राशि प्रदान की। राहत राशि का चेक जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी ने सौंपा। इस दौरान डीएम मनीष कुमार भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी लोहाघाट को मृतक शिवराम का उत्तरजीवी प्रमाण पत्र तत्काल जारी करने के निर्देश दिए, जिससे परिवार को अन्य आवश्यक सुविधाओं का लाभ मिल सके। साथ ही उन्होंने दिवंगत की पुत्री की कक्षा नौ से बाधित हुई शिक्षा को पुन: सुचारु कराने के लिए परिवार को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन इस दिशा में हर संभव मदद करेगा।

# डीडीए के विरोध में किया प्रदर्शन

- सरकार पर मांगों की अनदेखी और निर्णय न लेने का आरोप

संवाददाता, अल्मोड़ा



सर्वदलीय संघर्ष समिति ने मंगलवार को अल्मोड़ा में प्रदर्शन किया। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिला विकास प्राधिकरण के विरोध में सर्वदलीय संघर्ष समिति का आंदोलन जारी है। मंगलवार को चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में समिति के सदस्यों ने प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से डीडीए को समाप्त करने की मांग उठाई जा रही है, लेकिन सरकार इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं ले रही है। समिति के सदस्यों का कहना है कि पहाड़ी क्षेत्रों में डीडीए लागू करने से आम लोगों को मकान निर्माण में अनावश्यक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा स्थानीय निकायों की आय पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। कहा कि सरकार को पर्वतीय क्षेत्रों में डीडीए समाप्त कर जनता को राहत देनी चाहिए। चेतावनी दी कि जब तक डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी नहीं होता है तब तक संघर्ष समिति का साप्ताहिक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। यहां पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, प्रताप सिंह सत्याल, हेम चंद्र तिवारी, चंद्रशेखर सिंह बनकोटी, अख्तर हुसैन, ललित मोहन पंत, चंद्रमणी भट्ट, रौबिन मनोज भंडारी, गोविंद बल्लभ समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे।

## कम्युनिटी वीक में बाल वैज्ञानिकों ने दिखाया दम

**टनकपुर :** लाला चम्भाराम विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 'कम्युनिटी वीक' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के अटल टिंकरिंग लैब के माध्यम से छात्रों ने विज्ञान और नवाचार के प्रति अपनी तकनीकी कुशलता का प्रदर्शन किया। इस पूरे आयोजन का सफल संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्ण वर्धन जोशी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

छात्रों के तकनीकी कौशल को निखारने और प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतारने में मेंटर केशर सिंह बिष्ट की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में अन्य विद्यालयों से आए शिक्षक राहुल विश्वकर्मा, प्रांशु भारद्वाज और नवल किशोर तिवारी का विशेष सहयोग रहा। शिक्षकों ने भी छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किए।



शहर कोतवाल को ज्ञापन देने पहुंचा प्रतिनिधिमंडल। ● अमृत विचार

### स्कूल समय में सुरक्षा बढ़ाने की मांग

**अल्मोड़ा :** रेडक्रॉस के एक प्रतिनिधिमंडल ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर शहर कोतवाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने स्कूल खुलने और छुट्टी के समय विद्यालयों के आस-पास पुलिस तैनाती बढ़ाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इन समयों में स्कूलों के बाहर भीड़ और अव्यवस्थित यातायात के कारण बच्चों की सुरक्षा खतरे में रहती है। तेज रफ्तार दोपहिया वाहनों से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। इस पर पुलिस से यातायात नियंत्रण और नियम उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। शहर कोतवाल ने बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कदम उठाए जाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में मनोज सनवाल, अमित साह, अजय वर्मा, कृष्ण बहादुर सिंह और विनोद जोशी शामिल रहे।

**अच्छी खबर** टनकपुर-चंपावत के लिए 150 करोड़ की लागत से हो रहा 220/33 केवी जीआईएस सब-स्टेशन का निर्माण

# बिजली की समस्या से मिलेगी राहत, मेगा परियोजना का कार्य तेज


संवाददाता, टनकपुर



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**अमृत विचार :** चम्पावत जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण ऊर्जा अवसंरचना परियोजना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के अंतर्गत 150.40 करोड़ रुपये की लागत से 220/33 केवी जीआईएस (गैस इंसुलेटेड सब-स्टेशन) उपसंस्थान की स्थापना का कार्य प्रगति पर है, जो क्षेत्र की वर्षों पुरानी विद्युत समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करेगा।

यह महत्वाकांक्षी परियोजना पूर्ण होने के बाद टनकपुर एवं बनबसा क्षेत्र में प्रत्येक घर तक निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। विशेष रूप से लो वोल्टेज की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी, जिससे घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को भी फायदा होगा। परियोजना का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि इससे एसएसबी तथा सेना को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध होगी, जिससे सीमांत क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। इसके अतिरिक्त, विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति के चलते क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर विकसित होंगे और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।



नियोजन विभाग की तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) द्वारा इस परियोजना की औचित्यपूर्णता को स्वीकार करते हुए 150.40 करोड़ रुपये की लागत को स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही, प्रारंभिक कार्यों के संचालन के लिए घोषणा मद से 3 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। बनबसा स्थित इस 220/33 केवी जीआईएस उपसंस्थान की भौतिक प्रगति वर्तमान में लगभग 25 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। परियोजना के लिए आवश्यक जीआईएस उपकरणों की आपूर्ति पूर्व में ही सुनिश्चित कर ली गई है, जिससे कार्य में तेजी बनी हुई है। वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया को प्राथमिकता देते हुए पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (पिटकुल) द्वारा 6.02 करोड़ रुपये की धनराशि वन विभाग को जमा कराई जा चुकी है, जो परियोजना के सुचारु क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके साथ ही 220 केवी टनकपुर-सीबी गंज लिलो लाइन का कार्य भी तेजी से प्रगति पर है, जो इस उपसंस्थान को मुख्य ग्रिड से जोड़कर विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता को और मजबूत करेगा।

# सूर्य देवभूमि चैलेंज में नरेश द्वितीय रहे

संवाददाता, रानीखेत



नरेंद्र को चेक सौंपते आयोजक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय सेना और उत्तराखंड पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सूर्य देवभूमि चैलेंज के द्वितीय संस्करण का समापन गढ़वाल विश्वविद्यालय के चौरास परिसर में हुआ। 50 प्लस वर्ग में रानीखेत के नरेश चंद्र डोबरियाल ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता सीमांत ग्रामीण क्षेत्रों में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने और पारंपरिक यात्रा मार्गों को पर्यटन से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। इसके तहत 113 किलोमीटर लंबी इस कठिन सहनशक्ति प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिरकत की। ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह बेनीवाल भी समारोह में शामिल हुए। प्रतिभागियों को दुर्गम पहाड़ी मार्गों से गुजरते हुए विभिन्न चरणों में अपनी शारीरिक क्षमता, धैर्य और कौशल का प्रदर्शन करना पड़ा। कार्यक्रम की शुरुआत 16 अप्रैल को बद्रीनाथ में आयोजित एक्सपो के साथ हुई। इसके बाद 17 अप्रैल को हेलंग से गलगोट, 18 अप्रैल को गलगोट से मंडल और 19 अप्रैल को मंडल से उखीमठ तक मैराथन चरण आयोजित किए गए। प्रतियोगिता का भव्य समापन गढ़वाल विश्वविद्यालय के चौरास परिसर स्थित स्वामी मनमंथन सभागार में हुआ। समापन समारोह में प्रतिभागियों के साथ गढ़वाल स्काउट्स के जवान और विश्वविद्यालय के छात्र भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया।



कभी-कभी क्लास बंक करके दोस्तों के साथ मौज-मस्ती करना बेहतर होता है, क्योंकि अब जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं, तो नंबर मुझे हंसाते नहीं, बल्कि यादें हंसाती हैं।

**एपीजे अब्दुल कलाम**, पूर्व राष्ट्रपति



# रणनीतिक साझेदारी

भारत-दक्षिण कोरिया के बीच हुए हालिया समझौते केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि रणनीतिक साझेदारी का नया अध्याय है। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और वैश्विक व्यापार में उत्पन्न अनिश्चितताओं के बीच होर्मुज संकट, आपूर्ति श्रृंखला के टूटने और वैश्विक ध्रुवीकरण के इस दौर में भारत और दक्षिण कोरिया द्वारा द्विपक्षीय सहयोग के तहत 25 अहम समझौते करना तथा 2030 तक आपसी व्यापार को 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य इसके एक रणनीतिक उत्तर के रूप में देखा जाना चाहिए। ये समझौते बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों के संकेत हैं।

समझौतों का महत्वपूर्ण पहलू यह है कि सहयोग का विस्तार पारंपरिक व्यापार से आगे बढ़कर रणनीतिक और उच्च तकनीकी क्षेत्रों तक है। सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, शिपबिल्डिंग, रक्षा उत्पादन और महत्वपूर्ण खनिज इसके कुछ उदाहरण हैं। 'चिप से शिप' तक का यह विस्तार भारत की उस नीति के अनुरूप है, जिसमें वह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक विश्वसनीय विकल्प बनना चाहता है। दक्षिण कोरिया की उन्नत तकनीक और भारत के विशाल बाजार और श्रमबल का संयोजन इस साझेदारी को स्वाभाविक मजबूती देता है। शिपबिल्डिंग में सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। दक्षिण कोरिया इस क्षेत्र का वैश्विक नेता है और भारत अपनी समुद्री क्षमता बढ़ाने के प्रयास में है। दक्षिण भारत में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड शिपयार्ड और कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल औद्योगिक विकास को गति देंगे, बल्कि भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सामरिक बढ़त भी दिला सकते हैं। रक्षा क्षेत्र में संयुक्त उत्पादन और टेक्नोलॉजी साझेदारी भारत की 'आत्मनिर्भर रक्षा' नीति को गति दे सकती है। वहीं सेमीकंडक्टर और डिजिटल ब्रिज जैसे समझौते भारत की तकनीकी संप्रभुता को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम हैं। यह विशेष महत्वपूर्ण इसलिए है, क्योंकि वैश्विक चिप आपूर्ति पर अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा का गहरा प्रभाव है। इन समझौतों के कई सकारात्मक पहलू हैं, पर कुछ सवाल भी। भारत और दक्षिण कोरिया के बीच व्यापार असंतुलित है, भारत का आयात अधिक है, निर्यात कम। यदि इस असंतुलन को ठीक नहीं किया गया तो यह साझेदारी एकतरफा लाभ की ओर झुक जाएगी। भारत में 700 से कम कोरियाई कंपनियां सक्रिय हैं, जो बहुत कम है। छोटे और मझोले कोरियाई उद्यमों के लिए औद्योगिक टाउनशिप की योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए हमें अपने नियामक ढांचे, भूमि अधिग्रहण और निवेश का वास्तविक प्रवाह तथा श्रम सुधारों में खासी तेजी लानी होगी।

आखिरी बात यह कि पश्चिम एशिया के संघर्ष के चलते यदि समुद्री मार्ग बाधित होते हैं और ऊर्जा कीमतें बढ़ती हैं, तो निवेश और उत्पादन लागत दोनों प्रभावित होंगे। इन सबके बावजूद समझौतों का व्यापक प्रभाव सकारात्मक है। यह भारत को दुनिया में चीन-निर्भर आपूर्ति श्रृंखलाओं के विकल्प के रूप में स्थापित करने में मदद करेगा। साथ ही इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में एक स्थिर और नियम-आधारित व्यवस्था को बढ़ावा देगा, जो दोनों देशों के साझा हित में है।

## प्रसंगवश

# स्वच्छ भारत मिशन ने बदली गांवों की तस्वीर



रागिनी कुमारी
एक्टिविस्ट

स्वच्छता किसी भी समाज की बुनियादी पहचान होती है। यह केवल स्वास्थ्य से नहीं, बल्कि सामाजिक विकास और सम्मान से भी जुड़ी होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता का स्तर किसी जिले के समग्र विकास का आईना होता है। अधिकांश ग्रामीण इलाकों में खुले में शौच एक आम समस्या थी। गांवों की गलियों और खेतों के आसपास गंदगी फैली रहती थी, जिससे मलेरिया, डायरिया और टाइफाइड जैसी बीमारियों का खतरा बना रहता था, लेकिन वर्ष 2014 में स्वच्छ भारत मिशन लागू होने के बाद से इस स्थिति में धीरे-धीरे बदलाव देखने को मिला है।

स्वच्छ भारत मिशन ने ग्रामीण क्षेत्र में अहम किरदार अदा किया है, जिसके तहत सरकार द्वारा प्रत्येक पात्र परिवार को शौचालय निर्माण के लिए 12,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। इस राशि में केंद्र और राज्य सरकार का संयुक्त योगदान होता है, जिसमें लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार और 40 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार का होता है। इस सहायता राशि ने गरीब और निम्न आय वर्ग के परिवारों को अपने घर में शौचालय बनवाने के लिए प्रेरित किया। दूसरी ओर अब गांवों की सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर पहले की तुलना में कम गंदगी दिखाई देती है। लोग घर के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित हुए हैं।

केंद्र और राज्य सरकार ने स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए कई अन्य योजनाएं भी लागू की हैं। स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण में अब केवल शौचालय निर्माण ही नहीं, बल्कि ठोस और तरल कचरा प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके तहत गांवों में कचरा संग्रहण केंद्र, कम्पोस्ट गड्ढे और प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाइयों के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। छोटे गांवों के लिए प्रति व्यक्ति लगभग 60 रुपये तक ठोस कचरा प्रबंधन और 280 रुपये तक गंदे पानी के प्रबंधन के लिए सहायता दी जाती है। इससे गांवों में स्वच्छता बनाए रखने की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित हो रही है।

वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में भी स्वच्छता को एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में शामिल किया गया है। इस बजट में स्वच्छ भारत मिशन के लिए कुल लगभग 9,692 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसमें ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम के लिए 7,192 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए यह राशि महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

गांव के विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय निर्माण होने से बच्चों, विशेषकर लड़कियों की उपस्थिति में भी सुधार हुआ है। इससे न केवल स्वच्छता बढ़ी है, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इसके बावजूद चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। कई बार शौचालय बनने के बाद भी उसका नियमित उपयोग नहीं किया जाता या उसकी साफ-सफाई पर ध्यान नहीं दिया जाता।

इसी प्रकार कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए पर्याप्त संसाधनों और तकनीकी ज्ञान की कमी भी एक बड़ी समस्या है। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी और पुराने व्यवहार भी इस दिशा में बाधा बनते हैं, इसलिए केवल सरकारी योजनाएं ही नहीं, बल्कि सामुदायिक सहभागिता भी इस अभियान की सफलता के लिए आवश्यक है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं)

# नया समझौता भारत-रूस मैत्री का अहम पड़ाव





दिग्विजय सिंह
कानपुर

> भारत और रूस के बीच हुए अहम समझौते के तहत अब दोनों देश एक-दूसरे के देश में तीन हजार सैनिकों के अतिरिक्त 10 लड़ाकू विमान, पांच युद्धपोत तैनात कर सकेंगे।

रूस, भारत का स्वाभाविक मित्र है। जब भी भारत पर किसी भी तरह का संकट आया, रूस ने संकटमोचक की भूमिका अदा की। रूस को अपने पाले में करने के लिए पाकिस्तान ने एड़ी-चोटी का जोर लगा रखा है, लेकिन भारत और रूस के बीच हुए एक अहम समझौते ने न सिर्फ पाकिस्तान को परेशान कर दिया है, बल्कि चीन और अमेरिका जैसे देश भी सकते में हैं। अमेरिका तो कभी नहीं चाहता कि रूस और भारत की दोस्ती बनी रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तो इस दोस्ती को खत्म कराने के लिए एक के बाद एक चाल चली, लेकिन वे कामयाब नहीं हुए। भारत की रूस से दोस्ती और गहरी हो गई।

भारत और रूस के बीच हुए अहम समझौते के तहत अब दोनों देश एक-दूसरे के देश में तीन हजार सैनिकों के अतिरिक्त 10 लड़ाकू विमान, पांच युद्धपोत तैनात कर सकेंगे। दशकों पुराने दोनों रणनीतिक साझेदारों के बीच हुआ ये ऐतिहासिक करार से पाकिस्तान के हुक्मरान चिंतित हैं। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस वक्त क्वाड और नाटो की तर्ज पर ही इस्लामिक नाटो का खाका खींचने में लगे हुए हैं। उनके इस प्लान को तुर्किए, मिश्र और सऊदी अरब ने समर्थन दिया है। इससे भारत की चिंता बढ़ी है।

पाकिस्तान के दोगलेपन का जो इतिहास है, उससे यह सभी को पता है कि इस्लामिक नाटो यदि बन भी जाता है, तो बहुत दिन तक टिक नहीं पाएगा, क्योंकि पाकिस्तान स्वार्थी देश है और जहां उसे लगेगा कि इस गठबंधन से उसका आर्थिक नुकसान हो रहा है, तो वह तुरंत बाहर भी आ जाएगा। पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच नाटो की तरह ही पिछले वर्ष समझौता हुआ था। इसके तहत इनमें से किसी भी देश पर हमला दोनों देशों पर हमला माना जाएगा, लेकिन ईरान द्वारा सऊदी अरब पर की गई बमबारी के दौरान पाकिस्तानी सेना चुप रही। उसने सऊदी अरब की तरफ से ईरान को कोई जवाब नहीं दिया।

भारत और रूस के बीच लॉजिस्टिक्स सपोर्ट के पारस्परिक आदान-प्रदान के इस समझौते से अब पूरी दुनिया को पता लग गया है कि यह दोस्ती अटूट है। उसे न तो ट्रंप टैरिफ रूपी हथियार से तोड़ पाएंगे न ही चीन, रूस पर दबाव बनाकर खत्म करा पाएगा। पाकिस्तानी एक्सपर्ट तो अब यहां तक कहने लगे हैं कि रूस, भारत पर दांव लगाकर बेवकूफी कर रहा है, हालांकि पाकिस्तानी एक्सपर्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति के कायल नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि भारत बड़ी ही खूबसूरती से अमेरिकी निवेश, रूस के हथियार और चीन के उत्पाद एक साथ चाहता है और इसमें सफल भी हो रहा है।

रूस की चीन के साथ पारंपरिक दोस्ती है। कई मौकों पर चीन ने रूस की मदद भी की है। ऐसे में अब पाकिस्तान को यह लग रहा है कि कहीं चीन और भारत के कड़वाहट भरे दिन दूर न हो जाएं। अगर चीन और भारत की दोस्ती रूस के जरिए और गहरी होती है, तो इसका नुकसान पाकिस्तान को ज्यादा होगा। भारत में इसी साल होने वाली ब्रिक्स देशों की बैठक में चीनी राष्ट्रपति के भी आने की उम्मीद है। गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद दोनों देशों के बीच कड़वाहट आई थी, लेकिन अब धीरे-धीरे वह खत्म हो रही है। इसमें रूस भी बहुत हद तक दोनों देशों की मदद कर रहा है।

चीन नहीं चाहता था कि रूस और भारत के बीच यह समझौता हो, लेकिन इस समझौते पर उसने किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया भी नहीं दी है, क्योंकि वह भारत से बिगड़ चुके रिश्ते को बहाल करने में लगा हुआ है। इस समझौते से अब भारत, रूस के मुरमांस्क और सेवेरोमोर्स्क में स्थित बड़े बंदरगाहों का उपयोग आसानी से कर सकेगा। यह समझौता सामरिक दृष्टि से भी दोनों देशों के लिए बड़ा मददगार होगा। रूस को हिंद महासागर में भारतीय नौसेना से लॉजिस्टिक्स सहयोग मिलेगा। इससे रूस को ईंधन भरने, मरम्मत, कलपुर्जे और अन्य सहायता मिलने में आसानी होगी।

यह समझौता दोनों देशों को लंबी दूरी के अभियानों में पैसे और समय की बचत करने में मदद भी करेगा।

इंडो-रशियन रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक्स एग्रीमेंट' फरवरी 2025 में हुआ था, जो अब पूरी तरह से लागू हो गया है। इसके तहत दोनों देशों की सेनाएं संयुक्त सैन्य अभ्यास, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और मानवीय सहायता अभियानों में संयुक्त रूप से शामिल होंगी। यह केवल सैन्य तैनाती तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें लॉजिस्टिक सहयोग का भी प्रावधान किया गया है। दोनों देश युद्धपोतों को बंदरगाह सेवा, मरम्मत सुविधा, पानी, भोजन और अन्य तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराने के साथ ही सैन्य विमानों के लिए एयर ट्रैफिक कंट्रोल, उड़ान से जुड़ी सूचनाएं, नेविगेशन सिस्टम का उपयोग, पार्किंग और सुरक्षा जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराएंगे।

भारत रूस से सर्वाधिक हथियारों की आपूर्ति करता है। अगर इतिहास की बात करें तो रूस हर मौके पर भारत के साथ खड़ा रहा है। 1971 में जब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ, तो ब्रिटेन-अमेरिका जैसे देश भारत के विरुद्ध खड़े हो गए थे। उस समय सोवियत संघ (रूस) ही था, जिसने सीना तानकर भारत की मदद का न सिर्फ एलान किया, बल्कि अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों को स्पष्ट रूप से कहा कि यदि किसी ने पाकिस्तान की सैन्य मदद करने की कोशिश की तो वह भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ेगा।

यहां तक संयुक्त राष्ट्र संघ में भी रूस ने वीटो करके भारत को राजनयिक सुरक्षा प्रदान की थी। रूस की सक्रियता के कारण ही चीन, पाकिस्तान की मदद नहीं कर पाया था, जबकि पाकिस्तान को उम्मीद थी कि ब्रिटेन, अमेरिका और चीन उसके पक्ष में भारत के विरुद्ध हमले करेंगे। विदेशी मामलों के कुछ जानकार कहते हैं कि भारत और रूस के बीच कई और सामरिक समझौते जल्द होंगे, जो दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करेंगे।

## आमने सामने



उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव भी यही चाहते हैं कि सिर्फ उनकी पत्नी सांसद बनकर लोकसभा जाएं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि देश में 272 बहनें लोकसभा पहुंचें और महिलाओं को सही मायने में सशक्त बनाया जाए।


**-सम्राट चौधरी**
मुख्यमंत्री, बिहार

जघन्य अपराध करने वाले, अपराध से बचने के लिए उम्र बदलने वाले, विचारहीन और सिद्धांतहीन होकर दल बदलने वाले, किसी को छल से हटाने वाले तथा भ्रष्टाचार के शिरोमणि कहलाने वाले व्यक्ति बिहार के मुख्यमंत्री कैसे बन सकते हैं?

**-अखिलेश यादव**
राष्ट्रीय अध्यक्ष, सपा



# देश के लिए अहम है फास्ट ब्रीडर रिएक्टर कार्यक्रम



रनबीर सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

> कलपक्कम में चालू किया गया प्रोटोटाइप फास्ट फ्रीडर रिएक्टर हमारी न्यूक्लियर इंजीनियरिंग उद्यमिता को दर्शाने का तसल्ली बख्श कदम है।

इस महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु में कल्पक्कम पहुंचे और 500 मेगाइलेक्ट्रान क्षमता तक बिजली बनाने वाले एक 'प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर' को इनके सामने चालू किया गया। परमाणु संयंत्र ने सफलतापूर्वक 'क्रिटिकैलिटी' हासिल की। भारत पहले से ही यूरेनियम खनिज को एनरिच करके और बाहर से खरीद कर भी 20 परमाणु संयंत्रों को चलाकर बिजली बना रहा है। भारत के इस पहले चरण में परमाणु विद्युत् ऊर्जा उत्पादन के लिए संवृद्ध यूरेनियम-235 का इस्तेमाल होता है। दूसरे चरण के विकास में थोरियम खनिज से विद्युत् उत्पादन आता है, जिसके लिए पहले टेस्ट रिएक्टर बनाया गया और अब पूरी क्षमता का फ़ास्ट ब्रीडर रिएक्टर बना कर चालू किया है, जिसके लिए थोरियम खनिज से प्राप्त प्लूटोनियम का इस्तेमाल हुआ है।

इसे फास्ट ब्रीडर रिएक्टर में इस्तेमाल होने वाले फ्यूल ग्रेड मटीरियल में बदलने की प्रक्रिया में न्यूट्रॉन एक्टिवेशन, यूरेनियम-233 का विखंडन, ऊर्जा का उपयोग और लगातार ब्रीडिंग वाले चरण शामिल होते हैं। थोरियम-232 एकल/सिंगल न्यूट्रॉन सोख लेता है और थोरियम-233 में बदल जाता है जो टूटकर प्रोटैक्टिनियम-233 बनता है। यह आगे टूटकर यूरेनियम-233 बन जाता है, जिसका विखंडन होता है और इस प्रक्रिया में यह ऊर्जा और अतिरिक्त न्यूट्रॉन पैदा करके कुछ और विखंडन उत्पाद बनता है। विखंडन से मिली ऊर्जा गर्मी में बदल जाती है, जिसका इस्तेमाल फिर बिजली बनाने के लिए किया जाता है। थोरियम को प्रॉसेस करके एक न्यूक्लियर फ्यूल के तौर पर काम में लाया जा सकता है, भले ही वह शुरू में विखंडनीय न हो। रिएक्टर की कोर में ऐसी व्यवस्था की जाती है, जिससे यूरेनियम-233 की लगातार ब्रीडिंग होती है और नियंत्रित तरीके से उसका इस्तेमाल संभव है। थोरियम फ्यूल आधारित रिएक्टर प्रॉसेस्ड और एनरिच्ड और मिक्स्ड ऑक्साइड फ्यूल के इस्तेमाल और कचरा कम करने के मामले में ज़्यादा कुशल हैं।

थोरियम फ्यूल साइकिल को यूरेनियम-आधारित न्यूक्लियर रिएक्टरों के एक व्यवहार्य पूरक विकल्प के तौर पर पहचान मिली है, क्योंकि इसमें न्यूक्लियर सुरक्षा, प्रसार और स्थिरता है। भारत ने इस विकल्प को इसलिए चुना है, क्योंकि हमारे पास केरल के समुद्र तट पर थोरियम का विशाल भंडार है, जो अगले पांच सौ साल तक बिजली की वर्तमान खपत बढ़ने के बाद भी ख़त्म नहीं होने वाला नहीं। संवर्द्धित यूरेनियम सप्लायर देशों पर इससे हमारी निर्भरता कम हो जाएगी। हमारा फास्ट ब्रीडर रिएक्टर सोडियम तरल से ठंडा किया जाता है। थोरियम-आधारित परमाणु ऊर्जा के प्रति चीन का दृष्टिकोण भी पारंपरिक ठोस-ईंधन वाले फ़ास्ट ब्रीडर रिएक्टरों की तुलना में अलग तरह से डिज़ाइन किया गया है।

चीन मुख्य रूप से मोल्टन सॉल्ट रिएक्टरों को विकसित करने में अग्रणी है, जो पारंपरिक रिएक्टरों में इस्तेमाल होने वाली ठोस ईंधन छड़ों के बजाय तरल ईंधन का उपयोग करते हैं। भारत ने ऐसा नहीं किया, बल्कि सुरक्षा कारणों की समीक्षा करके प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर के लिए यूरेनियम-प्लूटोनियम मिक्स्ड ऑक्साइड फ्यूल राड्स का इस्तेमाल किया है। थोरियम-232 का इस्तेमाल कोर के चारों ओर एक ठोस ब्लैंकेट सामग्री के तौर पर किया जाता है, ताकि भविष्य में इस्तेमाल के लिए यूरेनियम-233 बनाया जा सके। इस तरह यह तरल ईंधन के इस्तेमाल के बजाय एक ठोस-अवस्था वाली ब्रीडिंग प्रक्रिया बन जाती है।

कलपक्कम में चालू किया गया प्रोटोटाइप फ़ास्ट फ्रीडर रिएक्टर हमारी न्यूक्लियर इंजीनियरिंग उद्यमिता को दर्शाने के अलावा विशाल थोरियम भंडारों का उपयोग करने की दिशा में एक तसल्ली बख्श कदम है। रूस के बाद, भारत ने ही कमर्शियल-स्केल पर फास्ट ब्रीडर रिएक्टर चला कर यह क्षमता हासिल की है। प्रोटोटाइप रिएक्टर में लिक्विड सोडियम कूलेंट का इस्तेमाल करके यूरेनियम-238 को प्लूटोनियम-239 में बदला जाता है। कलपक्कम में स्थापित इस पहले प्रोटोटाइप रिएक्टर का डिजाईन स्थित इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र ने और फेब्रिकेशन इंजीनियरिंग का कार्य भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड ने किया है। इस कार्य में 200 से ज़्यादा भारतीय उद्योगों का अहम योगदान रहा है, जिसने साबित किया है कि परमाणु ऊर्जा का इस्तेमाल करने के लिए सभी तरह की प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग में हमें इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर लिया है।

कलपक्कम में प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की 500 मेगा इलेक्ट्रान वोल्टस विद्युत उत्पादन इकाई के लिए मॉक्स-फ्यूल या मिक्स्ड-ऑक्साइड ईंधन इस्तेमाल हुआ है। यह एक ऐसा परमाणु ईंधन है, जिसे प्लूटोनियम ऑक्साइड को यूरेनियम ऑक्साइड के साथ मिलाकर बनाया जाता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# नेहरू परिवार की यहूदी बहू



राज गोपाल सिंह वर्मा
लेखक

इतिहास में कुछ जीवन ऐसे होते हैं जो अपने भीतर की संवेदनशीलता और साहस के कारण याद किए जाते हैं। शोभा नेहरू, जिन्हें परिवार और मित्र 'आंटी फोरी' कहकर पुकारते थे, ऐसी ही एक असाधारण स्त्री थीं। उनका जीवन किसी उपन्यास की तरह कई महाद्वीपों, संस्कृतियों और संकटों से होकर गुजरा और हर मोड़ पर उन्होंने एक नया रूप धारण किया।

बुडापेस्ट की एक यहूदी लड़की के रूप में जन्मी फोरी ने बचपन में ही हिंसा और भय का चेहरा देखा। उन्होंने बाद में याद किया था कि एक बार ट्रेन से यात्रा करते हुए उन्होंने रास्ते में पेड़ों से लटके लोगों को देखा था। वह दृश्य उनके मन में हमेशा के लिए बस गया। उस समय शायद उन्हें यह आभास नहीं था कि जीवन उन्हें एक ऐसे देश में ले जाएगा, जहां वे केवल एक परिवार की सदस्य नहीं, बल्कि संकट के समय लोगों की संरक्षक बनेंगी।

लंदन में पढ़ाई के दौरान उनकी मुलाकात जवाहर लाल नेहरू के भतीजे बृज कुमार नेहरू से हुई। प्रेम हुआ और फिर विवाह का निर्णय। यह निर्णय आसान नहीं था। उस समय धर्म, जाति और नस्ल के प्रश्न विवाह के रास्ते में बड़ी दीवार की तरह खड़े होते थे। फिर भी उन्होंने जोखिम उठाया और 1935 में लाहौर में हिंदू रीति से विवाह किया। भारत आने पर उन्होंने जीवन का ढंग भी बदल लिया। साड़ी पहनना, हिंदी सीखना और भारतीय परिवार की परंपराओं में घुलना उनके लिए एक आत्मिक परिवर्तन की तरह था।

उनके ससुराल वालों ने उनका नाम शोभा रखा, जिसका अर्थ है चमक या सौंदर्य। इस विवाह को व्यापक रूप से प्रचारित किया गया और इसकी तस्वीरें कई समाचार पत्रों में छपीं। नेहरू परिवार ने फोरी को पूरी तरह स्वीकार किया। जवाहरलाल नेहरू उस समय जेल में थे, जिनसे मिलने फोरी भी गई थीं। बीके नेहरू अपनी आत्मकथा 'नाइस गाइज़ फ़िनिश सेकेंड' में लिखते हैं, 'जवाहर लाल की नज़र से ये छिपा नहीं रह सका कि फोरी की आंखों में आंसू थे। अगले दिन उन्होंने फ़ोरी को पत्र लिख कर कहा, अब जब तुम नेहरू परिवार का सदस्य बनने जा रही हो, तुम्हें परिवार के क़ायदे-क़ानून भी सीख लेने चाहिए। सबसे पहली चीज़ जिस पर तुम्हें ध्यान देना चाहिए, वो ये है कि चाहे जितना बड़ा दुख हो, नेहरू कभी किसी के सामने नहीं रोते।'

**-फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# तेजी से बढ़ा तापमान बदलते मौसम का चेतावनी संकेत



संध्या अग्रवाल
लेखिका

इस वर्ष गर्मी ने अपने तेवर समय से पहले ही दिखाने शुरू कर दिए हैं। अप्रैल के महीने में ही तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है, वह केवल मौसम का सामान्य बदलाव नहीं, बल्कि एक गहरे पर्यावरणीय संकट की ओर संकेत करता है। यह स्थिति हमें सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम वास्तव में प्रकृति के संतुलन को समझ पा रहे हैं, या फिर हम इन परिवर्तनों को अनदेखा करते हुए उन्हें सामान्य मानने लगे हैं। कभी जो मौसम अपने निर्धारित समय और स्वरूप के अनुसार चलता था, आज वह असंतुलित होता दिखाई दे रहा है। असामान्य गर्मी, अनियमित वर्षा और बढ़ता जल संकट, ये सभी संकेत हैं कि प्रकृति के साथ हमारा संबंध अब संतुलित नहीं रह गया है।

शहरीकरण और औद्योगिकीकरण की तेज गति ने विकास तो दिया है, लेकिन इसके साथ पर्यावरणीय दबाव भी लगातार बढ़ाया है। शहरों में कंक्रीट का विस्तार, हरियाली की कमी और प्राकृतिक सतहों का नष्ट होना तापमान को और अधिक बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बढ़ती गर्मी का प्रभाव केवल असुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य, जल संसाधनों और कृषि व्यवस्था पर भी गहरा असर डाल रहा है। हीटवेव की घटनाएं अब अधिक सामान्य होती जा रही हैं, जिससे विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और श्रमिक वर्ग को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लंबे समय तक तेज गर्मी में काम करने वाले लोगों के लिए यह स्थिति कई बार जानलेवा भी हो सकती है। इसके साथ ही, फसलों पर पड़ने वाला प्रभाव खाद्य सुरक्षा के लिए भी चिंता का विषय बनता जा रहा है।

जल स्रोतों का सूखना और पानी की कमी इस संकट को और गंभीर बना रही है। भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है और कई क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। जल संरक्षण के पारंपरिक उपायों की अनदेखी ने इस समस्या को और गहरा कर दिया है। इसके साथ ही, प्रदूषण इस संकट को बढ़ाने वाला एक प्रमुख कारण है। वायु प्रदूषण वातावरण के तापमान को प्रभावित करता है, जबकि जल और भूमि प्रदूषण प्राकृतिक संसाधनों की गुणवत्ता को कम करता है। विशेष रूप से प्लास्टिक का बढ़ता उपयोग पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है।

प्लास्टिक कचरा न केवल जमीन और जल स्रोतों को प्रदूषित करता है, बल्कि इसके कारण पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रभावित होता है। ऐसे में आवश्यक है कि हम प्लास्टिक के उपयोग को सीमित करें और उसके स्थान पर इको-फ्रेंडली विकल्पों को अपनाएं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि हम इन परिवर्तनों को धीरे-धीरे सामान्य मानने लगे हैं। एयर कंडीशनर और कूलर के सहारे हम अस्थायी राहत तो पा लेते हैं, लेकिन यह समाधान नहीं, बल्कि समस्या को और बढ़ाने का एक कारण भी बनता है।

ऊर्जा की बढ़ती खपत और उससे जुड़ा प्रदूषण इस संकट को और गहरा कर रहे हैं। यह समय केवल चिंता करने का नहीं, बल्कि अपनी जिम्मेदारी को समझने और उसे निभाने का है। जल संरक्षण, वृक्षारोपण, प्लास्टिक का सीमित उपयोग और पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली— ये छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े परिवर्तन की दिशा तय कर सकते हैं। इसके साथ ही, नीति स्तर पर भी ठोस और दीर्घकालिक कदम उठाने की आवश्यकता है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# आदिवासी कला का पुनरुत्थान

भारतीय आदिवासी कला के इतिहास में सन् 1980 का दशक सदैव याद किया जाएगा, क्योंकि इस समय मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में भारत भवन की स्थापना हुई और भारतीय आदिवासी कला का तो जैसे पुनरुत्थान काल आरंभ हुआ। उस समय तक लोग आदिवासी चित्रकला के नाम पर महाराष्ट्र के वारली, मध्य प्रदेश के भील, गुजरात के राठवा और ओडिशा के सौंरा आदिवासियों के चित्र ही जानते थे। इनमें भी वारली आदिवासियों के चित्र प्रसिद्धि के शिखर पर थे।



मुश्ताक खान
लेखक, नई दिल्ली



## कलाकारों की खोज का अभियान

भारत भवन की स्थापना के साथ ही प्रसिद्ध चित्रकार जगदीश स्वामीनाथन के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के विभिन्न आदिवासी समुदायों की कला परंपराओं और प्रतिभाशाली कलाकारों की खोज का एक सुविचारित अभियान आरंभ हुआ। इसका केंद्रबिंदु आदिवासी मानस की सृजन क्षमता की पहचान, परख और उसे पल्लवित होने के अवसर प्रदान करना था। परिणाम स्वरूप मध्य प्रदेश की परधान, गोंड, बैगा , मुरिया, भील, भिलाला, कोरवा, नगेसिया, बादी, कोरकू , भारिया, ओरांव जैसे अनेक आदिवासी समुदायों के कलाकार सामने आए। इनके साथ ही अनेक पिछड़े समुदायों के लोक कलाकारों को भी पहचान मिली। इस आभियान का फोकस समुदाय से अधिक व्यक्तिगत सृजनशीलता और संभावनाओं पर था। अत : किसी कलाकार के व्यक्तिगत सृजन को भी उसकी समूचि समुदायिक कला चेतना की अभिव्यक्ति का परिणाम मान लिया गया। यह स्थिति प्रधान–गोंड चित्रकार जनगढ़ सिंह श्याम के साथ रही और यही स्थिति बस्तर के मुरिया चित्रकार बेलगूर तथा झाबुआ की भील चित्रकार भूरी बाई और लड़ो बाई के साथ रही। उनकी व्यक्तिगत चित्रकारी क्षमताएं ही उनके समुदाय की प्रतिनिधि चित्रकला समझी जाने लगीं। यहां यह बता दूं कि मैं व्यक्तिगत तौर पर भारत भवन, भोपाल के इस अभियान का अंग रहा हूं और यह सब कुछ मेरी आंखों के सामने हो रहा था।

## बैगा जनजाति में विकसित होती कला

भोपाल में स्वामीनाथन के प्रयोगों की सफलता से प्रेरित और उत्साहित होकर अन्य स्थानों पर अन्य अनेक कलाकारों एवं कला संस्थाओं ने इसी प्रकार के प्रयोग करना आरंभ किए। कुछ प्रयोग सफल भी हुए और कुछ आगे नहीं बढ़ सके। सन् 1985 के दौरान गुजरात के अहमदाबाद में ख्यातिप्राप्त चित्रकार हाकु भाई शाह ने गणेश जोगी और



उनकी पत्नी तेजल बेन के साथ ऐसा ही प्रयोग आरंभ किया और उनसे चित्र बनवाना आरंभ किया। गणेश जोगी मूलतः राजस्थान की घुमक्कड़ जोगी समुदाय से थे, जो गांव-गांव घूमकर भजन और लोक कथाएं गाते हैं। उस समय राजस्थान में सूखा पड़ा था और गणेश का परिवार मजदूरी की तलाश में अहमदाबाद आया था। वे और उनकी पत्नी सड़क किनारे गड्ढे खोदने का काम कर रहे थे, जहां से हाकु शाह उन्हें लाए थे। हाकु शाह का प्रयोग सफल रहा गणेश और तेजल दोनों ही प्रतिभा संपन्न निकले और उन्होंने लोक चित्रकला की एक नई जोगी चित्रशैली को जन्म दिया। बाद में भारत सरकार ने गणेश जोगी को जोगी चित्रकला में उनके योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। वर्तमान में उनके कुटुंब के लगभग 15-20 सदस्य चित्रकारी कर रहे हैं और जोगी लोकचित्र, कला जगत में अपनी पहचान बना चुकी हैं। ऐसा ही एक अन्य प्रयोग आशीष स्वामी नाम के एक युवा चित्रकार ने मध्य प्रदेश के उमरिया क्षेत्र के बैगा आदिवासियों के गांव में आरंभ किया। आशीष भोपाल के भारत भवन से भी जुड़ा हुआ था और स्वामीनाथन जी से बहुत प्रभावित था। वह अपने व्यक्तिगत प्रयासों से बैगा आदिवासियों के लोढ़ा गांव में रहकर उन्हें कलाकर्म के लिए प्रेरित करने लगा। बैगा लोगों की अपनी पारंपरिक भित्ति अलंकरण और मिट्टी के काम तथा लकड़ी के मुखौटे बनाने की एक सीमित परंपरा थी। आशीष ने उन्हें कागज और रंग-ब्रश देकर चित्र बनाने के लिए उत्साहित किया। अंततः एक साठ वर्षीय बैगा महिला जुधैया बाई ने उसकी पहल को स्वीकार किया और अपनी व्यक्तिगत कला प्रतिभा के बल पर कुछ ही वर्षों में वे एक सफल बैगा चित्रकार के रूप में स्थापित हो गईं। जुधैया बाई को भारत सरकार ने पद्मश्री से सम्मानित किया और एक नई बैगा चित्रकला विश्व में विख्यात हो गई। वर्तमान में यह कला आसपास के कुछ गांवों के अनेक बैगा स्त्री-पुरुष कर रहे हैं।

## तेलंगना सरकार खरीदती है चित्र

राजस्थानी भील मांडना चित्रों का व्यवसायीकरण भी आरंभ किया गया था। सन् 1984 में जब उदयपुर के जनजातीय अनुसंधान संस्थान के सांस्कृतिक अधिकारियों को इस क्षेत्र में भेजा गया, तो उन्होंने गोमा परगी और फूला परगी नामक दो युवा भील कलाकारों को अपने पारंपरिक भित्तिचित्र मांडनो को कागज और कैनवास पर चित्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया था। उन दोनों चित्रकारों ने इन सामग्रियों का उपयोग करते हुए चित्रकारी की परंपरा को आगे बढ़ाया। परंतु इन चित्रकारों को आशातीत सफलता नहीं मिल सकी। संभवतः यह चित्रकार उतने प्रतिभशाली नहीं थे कि पारंपरिक चित्रों को एक नई ऊंचाई तक ले जा सकें।

वर्तमान में लगभग दस-पंद्रह भील चित्रकार इससे अपनी आजीविका कमा रहे हैं। इस समय यशपाल बरंडा प्रसिद्ध राजस्थानी भील चित्रकार हैं, वे उदयपुर जिले की नयागांव तहसील के कनबई गांव के रहने वाले हैं। बाद में दक्षिण भारत में भी इस प्रकार के प्रयास हुए। सन् 2016 में तेलंगाना के भद्राचलम स्थित इंटीग्रेटेड ट्राइबल डेवलपमेंट एजेंसी ने हैदराबाद स्थित नेहरू सेंटिनरी म्यूजियम के साथ मिलकर, कोया आदिवासियों के लिए जनजातीय चित्रकारी का एक ट्रेनिंग कार्यक्रम चलाया, जिसके अंतर्गत बीस कोया आदिवासी युवक-युवतियों को चित्रकारी की ट्रेनिंग दी गई। एक सप्ताह की इस ट्रेनिंग को वर्ष में तीन बार आयोजित किया गया। इसके परिणामस्वरूप कोया आदिवासी चित्रकला का उदय हुआ। इस ट्रेनिंग कार्यक्रम के मुखिया नेहरु सेंटिनरी म्यूजियम के क्यूरेटर डॉ. सत्यनारायण थे तथा चित्रकारी सिखाने के लिए कला महाविद्यालय के शिक्षकों को लाया गया था। उन्होंने निश्चित किया कि चित्र केवल गेरू मिट्टी के लाल और सफेद मिट्टी के रंग से बनाए जाएंगे, जिनका प्रयोग कोया आदिवासी पहले से अपने घर पोतने के लिए करते रहे हैं। चित्रों के विषय भी कोया दैनिक जीवन की गतिविधियों से लिए गए। इनमें गौर सींघ नृत्य तथा सर पर लकड़ी का गट्ठर ले जाती महिला प्रमुख हैं। इस कार्यक्रम को स्वरोजगार योजना से भी जोड़ा गया है। अतः इन प्रशिक्षित चित्रकारों के बनाए चित्र प्रतिमाह राज्य सरकार खरीद लेती है। वर्तमान में कुछ कोया आदिवासी चित्रकार सक्रिय हैं।



## भारतीय कला के उन्नयन में योगदान

दक्षिण भारत में अनेक आदिवासी समुदाय निवास करते हैं, लेकिन उनकी चित्रकला के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। सन् 2022 में तमिलनाडु के नीलगिरी क्षेत्र में रहने वाले कुरुंबा आदिवासियों द्वारा पूजा अनुष्ठानों के लिए बनाए जाने वाले भित्तिचित्रों के बारे में चेन्नई की एक संस्था सी .पी . रामास्वामी अय्यर फाउंडेशन को पता लगा और उन्होंने कुछ कुरुंबा चित्रकारों को कागज पर इन चित्रों को बनाने के लिए प्रेरित किया। इसका परिणाम बहुत उत्साहजनक रहा। बाला सुब्रमण्यन और कृष्णन नामक दो कुरुंबा आदिवासी चित्रकारों का आदिवासी कला जगत में उदय हुआ। चेन्नई स्थित दक्षिण चित्र संग्रहालय ने इन कुरुंबा चित्रकारों को अपने कार्यक्रमों में आमंत्रित किया और इस प्रकार दक्षिण भारत की पहली आदिवासी चित्रकला से कला प्रेमियों का परिचय हुआ। इस प्रकार सन् 1982 में कला चिंतक और चित्रकार जगदीश स्वामीनाथन द्वारा भारत भवन, भोपाल के माध्यम से आरंभ किए गए, आदिवासी कला की विभिन्न परंपराओं के पुनरुत्थान के अभियान के परिणामस्वरूप भारत के अनेक आदिवासी समुदायों के चित्रकार प्रकाश में आ सके और वे अब भारतीय कला के उन्नयन में अपना योगदान दे रहे हैं।

लोकायन

# परंपरा, वीरता और उत्सव की जीवंत अभिव्यक्ति




नागालैंड के लोक नृत्य वहां की सांस्कृतिक पहचान का जीवंत और आकर्षक रूप हैं। ये नृत्य केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक परंपराओं, धार्मिक आस्थाओं और सामूहिक जीवन की अभिव्यक्ति भी हैं। आमतौर पर ये नृत्य त्योहारों, धार्मिक अनुष्ठानों और विशेष अवसरों पर समूहों में प्रस्तुत किए जाते हैं। नागा समाज में पुरुषों का युद्ध नृत्य विशेष रूप से प्रसिद्ध है, जो साहस, शक्ति और वीरता का प्रतीक माना जाता है। इस नृत्य की शैली में मार्शल आर्ट जैसी ऊर्जा और एथलेटिक गति देखने को मिलती है, जिसमें नर्तक युद्ध–घोष और गीतों के साथ प्रदर्शन करते हैं।

नागालैंड की विभिन्न जनजातियों के अपने-अपने पारंपरिक नृत्य हैं, जिनमें कुछ समानताएं भी देखने को मिलती हैं। अधिकतर नृत्यों में शरीर को सीधा रखते हुए पैरों की लयबद्ध गतिविधि प्रमुख होती है। फसल कटाई के समय किए जाने वाले नृत्य विशेष रूप से उल्लासपूर्ण होते हैं, जिनमें समुदाय के लोग मिलकर अपनी खुशियों का इजहार करते हैं।

जेलियांग जनजाति का नृत्य इस दृष्टि से विशिष्ट है कि इसमें महिलाएं भी पुरुषों के साथ सक्रिय भागीदारी करती हैं। नृत्य की शुरुआत में प्रतिभागी धीमी गति से मंच पर प्रवेश करते हैं और फिर वृत्त या अन्य आकृतियां बनाते हुए लय में बंध जाते हैं। इसके बाद पैर पटकते हुए तालमेल के साथ नृत्य शुरू होता है। समूह में गाए जाने वाले शब्द, तालियां और सामूहिक स्वर इस नृत्य को एकजुटता और उत्साह से भर देते हैं। कई बार नर्तक काल्पनिक शत्रु पर आक्रमण का दृश्य प्रस्तुत करते हैं, जिसमें हाथों में लिए गए हथियारों को लयबद्ध ढंग से घुमाया जाता है। जेमी जनजाति के नृत्य भी अपनी विविधता के लिए प्रसिद्ध हैं। इन नृत्यों के नाम अक्सर पक्षियों, जानवरों या कीड़ों की चाल-ढाल से प्रेरित होते हैं, जैसे मुर्गा नृत्य या क्रिकेट नृत्य। कुछ नृत्य केवल पुरुषों द्वारा किए जाते हैं और इनमें गीत-संगीत का साथ होता है, जिसमें झांझ जैसी वाद्य ध्वनियां भी शामिल होती हैं। नागालैंड के विभिन्न उत्सवों, विशेषकर फसल और सांस्कृतिक पर्वों के दौरान, ये नृत्य पूरे उत्साह के साथ प्रस्तुत किए जाते हैं। पारंपरिक वेशभूषा, आभूषण और सामूहिक भागीदारी इन प्रस्तुतियों को और भी आकर्षक बनाते हैं। इस प्रकार, नागालैंड के लोक नृत्य वहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामुदायिक जीवन की गहराई को दर्शाते हैं।

# सिनाई की 5000 वर्ष पुरानी शिलाकृति सत्ता, हिंसा और इतिहास का दृश्य दस्तावेज



सामान्यत : कला और साहित्य को प्रेम, सौंदर्य और शांति के वाहक के रूप में देखा जाता है, किंतु मानव इतिहास का यथार्थ इससे कहीं अधिक जटिल रहा है। विश्व की विभिन्न कला परंपराओं–चाहे वह भारतीय लघुचित्र हों या पाश्चात्य आधुनिक चित्रकला में, युद्ध, विजय और सत्ता–संघर्ष के दृश्य बार–बार उभरते हैं। भारतीय संदर्भ में मुगल और राजपूत शैली के लघुचित्रों में युद्ध और विजय के प्रसंग मिलते हैं, जबकि पशिचम में द्वितीय विश्वयुद्ध से प्रेरित अनेक कलाकृतियां निर्मित हुईं। स्पष्ट है कि विजेताओं की गाथाओं के साथ–साथ उनके दृश्यांकन की परंपरा भी उतनी ही पुरानी है। इसी परिप्रेक्ष्य में मिस्र के सिनाई प्रायद्वीप से प्राप्त लगभग 5000 वर्ष पुरानी एक शिलाकृति ( पेट्रोग्लिफ ) ने पुरातत्वविदों का विशेष ध्यान आकर्षित किया है।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

जर्मनी के बॉन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वादी खामिला क्षेत्र में शैल-कला के एक सर्वेक्षण के दौरान मिस्र के पुरातत्वविद मुस्तफा नूर एल-दीन और बॉन विश्वविद्यालय के विद्वान लुडविग मोरेन्ज ने इस महत्वपूर्ण खोज को सामने रखा। यह शिलाकृति प्रारंभिक मिस्री राजवंशीय काल से जुड़ी मानी जा रही है और इसमें दक्षिणी सिनाई क्षेत्र पर एक प्रारंभिक फराओ की विजय का दृश्य अंकित है।

इस उत्कीर्णन में एक व्यक्ति को लंगोटी पहने खड़े हुए दर्शाया गया है, जिसके हाथ ऊपर उठे हैं मानो वह विजय या शक्ति का प्रदर्शन कर रहा हो। उसके सामने एक अन्य आकृति घुटनों के बल बैठी है, जिसके हाथ बंधे हुए हैं और उसके सीने में एक तीर धंसा हुआ दिखाई देता है। यह दृश्य केवल एक सामान्य चित्रण नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से हिंसा, दमन और सत्ता-प्रदर्शन का प्रतीक है। यही कारण है कि विद्वानों ने इसे 'क्रूर कथा' के रूप में अभिहित किया है। शैलीगत दृष्टि से यह चित्रण मिस्र के प्रथम राजवंश से जुड़े अन्य स्थलों विशेषतः नूबिया क्षेत्र में स्थित गेबेल शेख सुलेमान पर प्राप्त चित्रों से साम्य रखता है। इससे यह संकेत मिलता है कि उस समय मिस्रवासी अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार कर रहे थे और सिनाई जैसे क्षेत्रों पर नियंत्रण स्थापित करना चाहते थे। इस क्षेत्र का महत्व विशेष रूप से वहां उपलब्ध खनिज संसाधनों- जैसे तांबा और फिरोजा के कारण था।

इस शिलाकृति के साथ एक शिलालेख भी प्राप्त हुआ है, जिसका अनुवाद "देवता मिन, तांबे की खान/खनन क्षेत्र के शासक" के रूप में किया गया है। यहां मिन का उल्लेख अत्यंत महत्वपूर्ण है। मिन प्राचीन मिस्र के ऐसे देवता थे, जिन्हें उर्वरता, प्रजनन, पुरुष शक्ति और यात्रियों के संरक्षक के रूप में पूजा जाता था। इस प्रकार यह शिलालेख न केवल धार्मिक आस्था को दर्शाता है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि इस विजय को दैवीय संरक्षण के अंतर्गत वैध ठहराया गया। विद्वानों के अनुसार, इस प्रकार की शिलाकृतियां केवल कलात्मक अभिव्यक्ति नहीं होतीं, बल्कि वे एक प्रकार की 'राजनीतिक घोषणा' भी होती हैं। इस चट्टान पर उकेरा गया दृश्य संभवतः सिनाई क्षेत्र पर मिस्र के अधिकार की औपचारिक उद्घोषणा रहा होगा। उल्लेखनीय है कि बाद के काल में इस चित्र और शिलालेख के ऊपर नबातियन और अरबी लिपियों में लेख अंकित कर दिए गए, जिससे मूल विजेता शासक का नाम अस्पष्ट हो गया। इस खोज का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि अब तक वादी खामिला क्षेत्र को मुख्यतः नबातियन शिलालेखों के संदर्भ में ही जाना जाता था, जो इस खोज से लगभग 3,000 वर्ष बाद के हैं। ऐसे में यह नई खोज इस क्षेत्र के इतिहास को कहीं अधिक प्राचीन और जटिल बनाती है।

कला-इतिहास और पुरातत्व की दृष्टि से यह शिलाकृति इस बात का सशक्त प्रमाण है कि प्रारंभिक मानव समाजों में भी सत्ता, संघर्ष और संसाधनों पर नियंत्रण की प्रवृत्ति विद्यमान थी। यह हमें यह भी समझाती है कि कला केवल सौंदर्यबोध की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि सत्ता और भय के प्रदर्शन का माध्यम भी रही है। अंततः सिनाई की यह 5,000 वर्ष पुरानी शिलाकृति केवल एक पुरातात्विक खोज नहीं है, बल्कि मानव सभ्यता के उस पक्ष का सजीव दस्तावेज है, जिसमें विकास के साथ-साथ हिंसा, वर्चस्व और राजनीतिक आकांक्षाएं भी अंतर्निहित रही हैं। यह खोज हमें अतीत के माध्यम से वर्तमान को समझने और मानव इतिहास के बहुआयामी स्वरूप पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित करती है।

अनोखी परंपरा

# प्रकृति और परंपरा का संगम मेंढकों की शादी



भारत की विविध लोक परंपराओं में कई ऐसे अनोखे रीति-रिवाज देखने को मिलते हैं, जो पहली नजर में आश्चर्यचकित कर देते हैं, लेकिन उनके पीछे गहरी आस्था और प्रकृति से जुड़ा सांस्कृतिक संबंध होता है। पेड़ों की शादी की परंपरा के बारे में तो आपने सुना ही होगा, लेकिन मेंढक और मेंढकी की शादी भी भारत के कुछ हिस्सों में विशेष महत्व रखती है। विशेष रूप से असम के जोरहाट जिले और अन्य पूर्वोत्तर क्षेत्रों के गांवों में यह परंपरा प्रचलित है। यहां के लोगों का मानना है कि जब लंबे समय तक वर्षा नहीं होती और सूखे जैसी स्थिति बन जाती है, तब मेंढकों की शादी कराने से वर्षा देवता प्रसन्न होते हैं और अच्छी बारिश होती है। यह मान्यता प्राचीन समय से चली आ रही है और आज भी लोग इसे पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाते हैं।

इस अनोखी शादी में सभी पारंपरिक हिंदू विवाह रीति-रिवाजों का पालन किया जाता है। सबसे पहले गांव के लोग एक नर और एक मादा मेंढक को पकड़ते हैं। इसके बाद उन्हें स्नान कराया जाता है और हल्दी लगाई जाती है। फिर छोटे-छोटे कपड़े या फूलों से उन्हें सजाया जाता है। शादी के लिए मंडप बनाया जाता है और बाकायदा एक पुजारी को बुलाया जाता है, जो मंत्रोच्चार के साथ विवाह संपन्न कराता है। विवाह के दौरान 'बारात' भी निकलती है, जिसमें गांव के लोग गीत गाते और नाचते हुए शामिल होते हैं। इस परंपरा का एक वैज्ञानिक पहलू भी माना जाता है। मेंढक आमतौर पर बारिश के मौसम में अधिक सक्रिय होते हैं और उनकी टर्र-टर्र की आवाज वर्षा के आगमन का संकेत मानी जाती है। इसलिए यह विवाह एक प्रतीकात्मक प्रयास भी हो सकता है, जिससे लोग मानसून के प्रति अपनी आशा और विश्वास व्यक्त करते हैं।

केवल असम ही नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भी इस तरह की परंपराएं देखने को मिलती हैं। कहीं-कहीं इसे 'मेंढक विवाह' के रूप में त्योहार की तरह मनाया जाता है, जिसमें पूरे गांव की भागीदारी होती है। हालांकि आधुनिक विज्ञान इन मान्यताओं को अंधविश्वास मान सकता है, लेकिन सामाजिक दृष्टि से यह परंपरा लोगों को एकजुट करती है और संकट के समय सामूहिक आशा और सकारात्मकता का संचार करती है। इस तरह की लोक परंपराएं भारत की सांस्कृतिक विविधता और प्रकृति के साथ उसके गहरे संबंध को दर्शाती हैं।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन–** तुलसी 2550, राज श्री 1960, फ़ॉर्चून कि. 2680, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2360, जय जवान 2095, सचिन 2300, सूरज 2095, अवसर 2065, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2130, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2300, चक्र टिन 2520, ब्लू 2380, आशीर्वाद मस्टर्ड 2420, स्वास्तिक 2505

**किराना–** निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150

**चावल–(प्रति कु0)–**डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती (1kg,5kg) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400, लाडली 4400

**दाल दलहन–** मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11900, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000–11600, अरहर कोरी छोटी 12600

**चीनी–** पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280, सितारगंज 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम–** सोना पक्के आभूषण 154000, सोना गिन्नी 150000, चांदी (पक्की) 2470 (अनुमानित)

## हल्द्वानी मंडी

**नोट : दाम प्रति क्विंटल में**

चावल : शरबती– 3400 मसूरी– 1400 बासमती– 7000–8600 परमल– 1000–3400

दाल दलहन–काला चना– 2000–3800 साबुत चना दाल– 1200 मूंग साबुत– 5000 राजमा– 7500–12600 दाल उड़द– 5000 साबुत मसूर दाल– 2000 मसूर दाल– 1600 उड़द साबुत– 10400 काबुली चना– 5200–10400 अरहर दाल– 10600 –12200 लोबिया/करमानी– 1000–1600

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 753 अंक उछला

## प. एशिया में तनाव कम होने की उम्मीदों से ब्रेंट क्रूड 0.75% गिरकर 94.76 डॉलर प्रति बैरल

**मुंबई, एजेंसी**

कच्चे तेल में नरमी और ईरान-अमेरिका के बीच शांति वार्ता में प्रगति की उम्मीदों से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स 753 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी 212 अंक की बढ़त में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 753.03 अंक यानी 0.96 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,273.33 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 846.78 अंक चढ़कर 79,367.08 के स्तर तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 211.75 अंक यानी 0.87 प्रतिशत बढ़कर 24,576.60 अंक पर बंद हुआ।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.75 प्रतिशत गिरकर 94.76 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.73 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.29 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में एफएमसीजी खंड सर्वाधिक 2.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ जबकि रियल्टी खंड में 2.17 प्रतिशत एवं निजी बैंक सूचकांक में 1.67 प्रतिशत की तेजी रही। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,531 कंपनियों के शेयर चढ़कर बंद हुए जबकि 1,760 कंपनियों में गिरावट रही और 162 अन्य अपरिवर्तित रहीं।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि अमेरिका-ईरान युद्धविराम की समयसीमा खत्म होने के पहले सबकी नजरें दूसरे दौर की शांति वार्ता पर टिक गई हैं।

बाजारों ने इससे उम्मीदें लगा रखी हैं लेकिन अगर तनाव बढ़ता है तो गिरावट का जोखिम भी है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए।

यूरोपीय बाजार सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को मामूली गिरावट के साथ बंद हुए थे। इस बीच, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 1,059.93 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। सेंसेक्स सोमवार को 26.76 अंक बढ़कर 78,520.30 और निफ्टी 11.30 अंक की मामूली बढ़त के साथ 24,364.85 अंक पर बंद



### कच्चे तेल की कीमतों में कमी से सुधार की संभावना

विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीदों और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से आयात पर निर्भर भारत जैसे देश के लिए मुद्रास्फीति के दबाव में कमी आती है और कंपनियों के मार्जिन में सुधार की संभावना बढ़ती है।

### ये रहे लाभ में

बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, ट्रेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक

### गिरावट वाले शेयर

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एनटीपीसी

### वर्तमान परिस्थितियों में मल्टी-एसेट में करें निवेश: बजाज फिनसर्व एएमसी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संकट के बीच बजाज फिनसर्व एएमसी ने निवेशकों को एक ही तरह की परिसंपत्तियों की बजाय विविध परिसंपत्तियों (मल्टी-एसेट) में निवेश की सलाह दी है। बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट के प्रमुख (इक्विटी) सौरभ गुप्ता ने कहा कि इस माहौल में लार्ज-कैप इक्विटी आकर्षक वैल्यूएशन और अस्थिर परिस्थितियों में स्थिरता प्रदान करती है। साथ ही, मल्टी-एसेट रणनीति भू-राजनीतिक और कॅमोडिटी से जुड़ी अनिश्चितता के बीच झटकों को सहने में मददगार हो सकती है। उन्होंने स्मॉल-कैप में निवेश करने वालों को अल्पावधि की अस्थिरता से निपटने के लिए अनुशासित एसआईपी की सलाह दी है।

### चांदी 700 रुपये मजबूत सोने में 300 की तेजी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत 700 रुपये बढ़कर 2.58 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि वैश्विक अनिश्चितता और मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच सोने की कीमतों में भी मामूली बढ़त देखने को मिली। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 300 रुपये बढ़कर 1,57,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक, गौरव गर्ग ने बताया कि पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ने से निवेशक 'सुरक्षित निवेश' की ओर रुख कर रहे हैं। इसीलिए सोने की कीमत में मामूली तेजी देखने को मिली।

### रुपया 28 पैसे टूटकर 93.44 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** पश्चिम एशिया शांति वार्ता को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच अमेरिकी मुद्रा में स्थिरता और कच्चे तेल की अस्थिर कीमतों के कारण रुपया मंगलवार को 28 पैसे टूटकर 93.44 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के मुताबिक, घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख भी स्थानीय मुद्रा को सहारा नहीं दे पाया।

## प. एशिया संघर्ष के बीच दूध की आपूर्ति निर्बाध जारी, दाम स्थिरः सरकार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद देशभर में दूध एवं दुग्ध उत्पादों की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं और आपूर्ति में कोई बाधा नहीं आई है।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग में निदेशक पूजा रुस्तगी ने पश्चिम एशिया के हाल के घटनाक्रम पर अंतर-मंत्रालयीय बैठक में कहा कि दुग्ध क्षेत्र को ईंधन, गैस तथा प्लास्टिक पैकेजिंग सामग्री की आपूर्ति से संबंधित कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां संभव हो, डेयरी उद्योग को एलपीजी के स्थान पर पाइप से मुहैया कराई जाने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है।

- डेयरी उद्योग को दी एलपीजी के स्थान पर पीएनजी का इस्तेमाल करने की सलाह

रुस्तगी ने संवाददाताओं से कहा कि मौजूदा पश्चिम एशिया संकट के बीच भी देशभर में दूध की खरीद, प्रसंस्करण एवं आपूर्ति बिना किसी बाधा के बनी हुई है।

दूध और दुग्ध उत्पादों के दाम स्थिर हैं। बाजार में किसी प्रकार की आपूर्ति बाधित नहीं हुई है और पश्चिम एशिया संकट की अवधि के दौरान डेयरी किसानों को भुगतान भी जारी रहा है।

भारत, दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। वर्ष 2024-25 के दौरान देश का कुल दूध उत्पादन 24.787 करोड़ टन रहा।

# देश को 100% एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य रखना चाहिएः नितिन गडकरी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि देश को निकट भविष्य में 100 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए, क्योंकि पश्चिम एशिया संकट के बीच तेल आपूर्ति की अनिश्चितता ने देश के लिए ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना जरूरी कर दिया है। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल से लागू होने वाले कॉरपोरेट औसत ईंधन दक्षता-तीन मानकों का इलेक्ट्रिक और 'फ्लेक्स-फ्यूल' वाहनों पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा।

गडकरी ने इंडियन फेडरेशनल ऑफ ग्रीन एनर्जी (आईएफजीई) के हरित परिवहन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश इस समय पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण ऊर्जा संकट का सामना कर रहा है, इसलिए ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना जरूरी है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में नरेन्द्र मोदी ने 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई-20) की शुरुआत की थी और वर्तमान में वाहन मामूली बदलाव के साथ इस पर चल सकते हैं। ब्राजील जैसे देशों में 100 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण पहले से लागू है। गडकरी ने कहा कि भारत अपनी जरूरत का करीब 87 प्रतिशत तेल आयात करता है। इसलिए वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन का उत्पादन बढ़ाना जरूरी है।



- आईएफजीई के हरित परिवहन सम्मेलन में बोले गडकरी-ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना जरूरी
- हरित हाइड्रोजन को भविष्य का ईंधन बताया, कहा-एक डॉलर प्रति किलो होनी चाहिए कीमत

### क्या है फ्लेक्स फ्यूल वाहन

'फ्लेक्स फ्यूल' वाहन एक ऐसा वाहन है जिसमें पेट्रोल/डीजल इंजन लगा होता है और इसे एक से अधिक प्रकार के ईंधन पर चलने के लिए डिजाइन किया गया है। आमतौर पर पेट्रोल को एथनॉल या मेथनॉल के साथ मिलाकर 'फ्लेक्स फ्यूल' के रूप में इसका उपयोग किया जाता है।

हरित हाइड्रोजन को भविष्य का ईंधन बताते हुए उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन पंप के संचालन की लागत कम करना जरूरी है, ताकि यह आर्थिक रूप से व्यवहारिक बन सके। हाइड्रोजन के परिवहन में भी चुनौतियां हैं और इसकी लागत घटाकर करीब एक डॉलर प्रति किलोग्राम करना होगा, ताकि भारत ऊर्जा निर्यातक बन सके।

**संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट**

'इकोनॉमिक एंड सोशल सर्वे ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक 2026' के अनुसार 2025 में वृद्धि दर बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई

# भारत की अर्थव्यवस्था इस वर्ष 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

भारत की अर्थव्यवस्था के इस वर्ष 6.4 प्रतिशत और 2027 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग एशिया व प्रशांत (ईएससीएपी) ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि दक्षिण एवं दक्षिण-पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्थाएं 2025 में 5.4 प्रतिशत की दर से बढ़ीं जबकि 2024 में वृद्धि दर 5.2 प्रतिशत थी। इसमें भारत की मजबूत वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा।

'इकोनॉमिक एंड सोशल सर्वे ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक 2026' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की वृद्धि दर 2025 में बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई।

इस मजबूत खपत, विशेष रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था से मांग, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती और अमेरिका के शुल्क लागू होने से पहले निर्यात में तेजी ने समर्थन दिया।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में 2025 की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ीं क्योंकि अगस्त 2025 में 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद अमेरिका को निर्यात में 25 प्रतिशत की गिरावट आई। सेवा क्षेत्र प्रमुख वृद्धि चालक बना रहा।

इसमें अनुमान लगाया गया है कि भारत 2026 में 6.4 प्रतिशत और अगले वर्ष 6.6 प्रतिशत की दर से वृद्धि करेगा। देश में मुद्रास्फीति के इस वर्ष 4.4 प्रतिशत और 2027 में 4.3 प्रतिशत रहने के आसार हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि व्यापार तनाव एवं भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच विकासशील एशियाई एवं प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह घटा है। 2024 में 0.6 प्रतिशत वृद्धि के बाद 2025 में इस क्षेत्र में एफडीआई दो प्रतिशत घटा जबकि वैश्विक प्रवाह में 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

रिपोर्ट में कहा गया कि अपने देश से बाहर कार्यरत एशिया और प्रशांत के श्रमिकों द्वारा भेजा जाने वाला व्यक्तिगत धन प्रेषण (रेमिटेंस) लगातार बढ़ रहा है जिससे घरेलू रोजगार की कमजोर परिस्थितियों के प्रभाव को कम करने में मदद मिली।

रिपोर्ट में साथ ही कहा गया कि सरकारें ऊर्जा बदलाव का उपयोग पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ अर्थव्यवस्था की दिशा में नए घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने और सहायक समूहों का निर्माण करने के लिए कर सकती हैं।

इसमें भारत की उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का उल्लेख करते हुए कहा गया कि यह दर्शाता है कि किस प्रकार व्यापक आर्थिक नीतियां एवं फोटोवोल्टिक, बैटरी व हरित हाइड्रोजन के घरेलू विनिर्माण के लिए प्रोत्साहन देकर हरित औद्योगिक विकास को बढ़ावा दे सकती हैं।




### भारत ने आकर्षित किया सर्वाधिक एफडीआई

इसमें कहा गया कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहले तीन तिमाहियों में जिन देशों ने नए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को सबसे अधिक आकर्षित किया... वे भारत, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया गणराज्य और कजाखस्तान हैं... जहां क्रमश: 50 अरब डॉलर, 30 अरब डॉलर, 25 अरब डॉलर और 21 अरब डॉलर के निवेश की घोषणाएं हुईं।

**पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव** **महासंग्राम**

# तमिलनाडु व पश्चिम बंगाल में प्रचार थमा, मतदान कल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में गुरुवार को होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार शाम पांच बजे थम गया। तमिलनाडु की सभी 234 सीटों और पश्चिम बंगाल के पहले चरण के लिए 152 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान से 48 घंटे पहले जनसभाएं रोक दी जाती है। प्रचार थमने के बाद उम्मीदवार और उनके कार्यकर्ता मतदाताओं से घर-घर जाकर संपर्क साधते हैं। दोनों राज्यों में 23 अप्रैल को मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा। पश्चिम बंगाल में 142 सीटों पर दूसरे चरण का चुनाव 29 अप्रैल को होगा।

चुनाव आयोग के अनुसार तमिलनाडु में कुल 4,023 उम्मीदवार मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला वर्तमान सत्तारूढ द्रविड़ मनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन और उसके मुख्य प्रतिद्वंदी अन्नाद्रमुक, गैर-भारतीय जनता पार्टी बीच है। अभिनेता सी जोसफ विजय की नई पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम ने कुछ सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को 16 जिलों की 152 सीटों पर मतदान होगा। राज्य में चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आयोग ने सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किये हैं और संवेदनशील इलाकों में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल की सघन तैनाती की गयी है। इनमें उत्तर बंगाल के आठ, दक्षिण बंगाल के तीन व जंगलमहल अंचल के पांच जिले शामिल हैं।




- तमिलनाडु की सभी 234 और पश्चिम बंगाल के पहले चरण में 152 सीटों पर पड़ेंगे वोट

## तृणमूल कांग्रेस फिर लौटेगी: ममता

**हल्दिया, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस लगातार चौथी बार राज्य की सत्ता में आएगी और कोई नहीं चाहता कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार बनाए। पूर्व मेदिनीपुर जिले के हल्दिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने विपक्षी दलों का आह्वान किया कि केंद्र से भाजपा नीत राजग सरकार को हटाने के लिए सब साथ में आएं।

उन्होंने कहा कि भाजपा इस बार पश्चिम बंगाल में चुनाव नहीं जीतेगी। तृणमूल कांग्रेस एक बार फिर सरकार बनाएगी। हम 2026 में ही दिल्ली से भी भाजपा को हटा देंगे।

### विजय का रोड शो



तमिलनाडु में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने चेन्नई में रोड शो कर वोट मांगे। विजय की नई पार्टी ने राज्य में मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है।

## पीएम मोदी हैं ममता सरकार के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडरः अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी**

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को नरेन्द्र मोदी को पश्चिम बंगाल की मौजूदा सरकार का 'सबसे बड़ा ब्रांड एंबेसडर बताया। कहा कि प्रधानमंत्री का झाड़ग्राम में झालमुड़ी खरीदना सबूत है कि टीएमसी ने इस क्षेत्र को माओवादी हिंसा से बचाया है। उन्होंने भाजपा पर जमीनी हकीकतों को नजरअंदाज करते हुए टीएमसी सरकार पर निराधार राजनीतिक हमले करने का आरोप लगाया। बनर्जी ने कहा कि जो लोग बंगाल की कानून व्यवस्था की आलोचना करते हैं और राज्य को गुजरात, उत्तर प्रदेश या मध्य प्रदेश में बदलने का वादा करते हैं, उन्हें याद करना चाहिए कि 2011 से पहले यहां जीवन कैसा था। ममता बनर्जी की टीएमसी ने 2011 में पश्चिम बंगाल में वाम मोर्चा को सत्ता से बेदखल कर दिया था। उन्होंने कहा कि उस समय झाड़ग्राम, गोपीबल्लभपुर, लालगढ़, बिनपुर और निताई में लोग दोपहर के बाद घर से बाहर नहीं निकल सकते थे। उस समय प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर भी झाड़ग्राम में नहीं उतर पाता। लेकिन आज की स्थिति देखिए।



- उनका झाड़ग्राम में झालमुड़ी खरीदना सबूत है टीएमसी ने खत्म की माओवादी हिंसा

## प्रचार थमने से पहले अन्नाद्रमुक ने किए 10 और वादे

**चेन्नई, एजेंसी**

तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार थमने से कुछ ही घंटे पहले, मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने मतदाताओं को लुभाने के लिए 10 नये चुनावी वादों की घोषणा की है। 23 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले, पार्टी ने अपने पहले से घोषित विस्तृत घोषणापत्र के अतिरिक्त इन नयी योजनाओं को पेश किया है। अन्नाद्रमुक महासचिव और राजग के मुख्यमंत्री पद के चेहरे ई. के. पलानीस्वामी ने बयान जारी कर बताया कि सत्ता में आने पर कामकाजी युवाओं को दोपहिया वाहन खरीदने के लिए 10,000 रुपये की सब्सिडी दी जायेगी, जिससे करीब 10 लाख युवाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है।

इसके अलावा श्री पलानीस्वामी ने आम उत्पादक किसानों के लिए एमएसपी निर्धारित करने की घोषणा की। साथ ही निर्माण श्रमिकों और ताड़ के पेड़ों पर चढ़ने वाले किसानों के लिए मुआवजे की राशि में भारी बढ़ोतरी का वादा किया है। श्रमिक की मृत्यु की स्थिति में मृतक के परिवारों को क्रमशः 25 लाख और 20 लाख रुपये का मुआवजा देने की बात कही गयी है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में 24x7 'वार रूम' स्थापित करने और कुड्डालोर व विल्लुपुरम जैसे जिलों में काजू उद्योग में लगी महिलाओं के लिए मुफ्त उपकरण देने की घोषणा की है। सरकारी केबल टीवी के शुल्कों में 50% की कटौती का वादा किया है।

## घुसपैठियों को बचा रहीं ममता : शाह

**शालबनी (प. बंगाल), एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी घुसपैठियों को संरक्षण, और वंशवादी राजनीति को बढ़ावा दे रही हैं। राज्य में बाबरी मस्जिद के समान मस्जिद बनाने के प्रयासों का समर्थन कर रही हैं, जिसे भाजपा किसी भी हालत में स्वीकार नहीं करेगी।

शाह ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के शालबनी में चुनाव के पहले चरण से पहले एक रैली को संबोधित करते हुए इस चुनावी मुकाबले को सीधे भाजपा और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के बीच वैचारिक लड़ाई के रूप में पेश करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव घुसपैठ और भ्रष्टाचार से पश्चिम बंगाल को मुक्त कराने का लेकर है। बोले- मैं आपसे कह रहा हूं, 23 अप्रैल को ईवीएम पर कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) का बटन दबाइए और भाजपा की सरकार बंगाल से हर घुसपैठिये को बाहर निकाल देगी। कहा कि ममता जी अपने भतीजे को बंगाल का मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं। शाह ने कहा कि मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि बंगाल का अगला मुख्यमंत्री भाजपा से होगा, जो बंगाल में जन्मा और पला-बढ़ा होगा और बांग्ला बोलेगा। निश्चित रूप से वह भाईपो नहीं, भाजपा का कार्यकर्ता होगा।



जनसभा के दौरान पारंपरिक वाद्ययंत्र बजाकर जनता का अभिवादन करते अमित शाह।

- शालबनी में केंद्रीय गृहमंत्री बोले- हम पश्चिम बंगाल में नहीं बनने देंगे बाबरी मस्जिद

## वर्ल्ड ब्रीफ

### रूस ने किया यूक्रेन के लुगांस्क क्षेत्र पर पूर्ण नियंत्रण का दावा

**मॉस्को।** रूसी जनरल स्टाफ के प्रमुख वैलेरी गेरासिमोव ने मंगलवार को घोषणा की कि रूसी सेना ने लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक (एलपीआर) को पूरी तरह से मुक्त करा लिया है। गेरासिमोव ने कहा कि लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक की मुक्ति का कार्य पूरी तरह संपन्न हो चुका है। इस समय रूसी सेना सभी मोर्चों पर तेजी से आगे बढ़ रही हैं और उनका अभियान जारी है। लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक (एलपीआर) यूक्रेन के लुहान्स्क क्षेत्र में एक स्वघोषित अलगाववादी क्षेत्र है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र समेत अधिकांश देश इसे यूक्रेन का ही हिस्सा मानते हैं। रूसी सैन्य प्रमुख ने यूक्रेनी कमान पर निशाना साधते हुए कहा कि वे फरवरी और मार्च में अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए सूचना अभियान चला रहे हैं।

### इमरान खान के साथ जेल में अमानवीय व्यवहार का आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खान ने आरोप लगाया है कि उनके भाई को एकांत कारावास में रखकर अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है और उन्हें पर्याप्त चिकित्सीय सुविधा नहीं दी जा रही। अलीमा द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि इमरान खान को 16 अक्टूबर 2025 से एकांत कारावास में रखा गया है। उन्होंने 2025 में केवल दो बार और फरवरी 2026 में एक बार वह भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद, अपने बेटों से बात की थी। उन्हें पढ़ने के लिए किताबें भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं और जो किताबें भेजी गईं, उनमें से केवल तीन ही उन्हें मिल पाईं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरी तरह स्वस्थ खान की आंख में अचानक खून का थक्का बन गया, लेकिन उन्हें समय पर चिकित्सा नहीं दी गई।

### शहबाज और मुनीर के लिए नोबेल पुरस्कार का प्रस्ताव पेश किया

**पेशावर।** खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा में मंगलवार को पेश किए गए एक प्रस्ताव में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को कूटनीति के जरिए क्षेत्रीय तनाव कम करने में उनकी भूमिका के मद्देनजर नोबेल शांति पुरस्कार के लिए अनुशंसित किया गया। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज की विधायक फराह खान ने यह प्रस्ताव विधानसभा सचिवालय को दिया। इसमें वैश्विक और क्षेत्रीय स्तर पर बढ़ते तनाव के समय पाकिस्तान की जिम्मेदार, विवेकपूर्ण और सक्रिय कूटनीतिक भागीदारी की सराहना की गई है। प्रस्ताव के अनुसार, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तर पर शांति को बढ़ावा देने और उसे बनाए रखने में पाकिस्तान के योगदान को स्वीकार किया गया है।

# कांग्रेस ने बिरला को दिया प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

## राष्ट्र के नाम संबोधन में संसद में हुई चर्चा को अपने उद्देश्यों के लिए सड़कों पर ले जाने का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को दिया। पार्टी ने आरोप लगाया कि सदन में महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक के पारित न होने के बाद प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम संबोधन में विपक्षी दलों पर आक्षेप लगाया, जो सदन के विशेषाधिकार का हनन और अवमानना का गंभीर मामला है।

पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमों के नियम 222 के तहत बिरला को दिए नोटिस में यह आग्रह भी किया कि संसद की गरिमा और इसके सदस्यों को दी गई संवैधानिक सुरक्षा को बनाए रखने के लिए तत्काल और निर्णायक कदम उठाया जाए ताकि इस तरह के उल्लंघन को न दोहराया जा सके।

लोकसभा सदस्य वेणुगोपाल ने दावा किया कि गत 17 अप्रैल को लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026 के पारित नहीं होने के बाद 18 अप्रैल 2026 को प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर राष्ट्र को संबोधित किया था और 29 मिनट के अपने संबोधन में उन्होंने विधेयक को रोकने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की, साथ ही विपक्ष के सदस्यों के मतदान के तरीके का प्रत्यक्ष रूप से उल्लेख किया और इसमें निहित उद्देश्यों को जोड़ दिया। वेणुगोपाल के मुताबिक यह एक स्थापित परंपरा है कि संसद सदस्यों की ओर से संसद में दिए गए भाषणों के संबंध में सदन के बाहर उन पर बात करना, आक्षेप लगाना या किन्हीं उद्देश्यों को लेकर दोषारोपण विशेषाधिकार का घोर उल्लंघन के साथ सदन की अवमानना भी है।

बिरला को संबोधित पत्र में उन्होंने कहा, वह विशेषाधिकार हनन का यह नोटिस उन्हें सौंप रहे हैं ताकि इस गंभीर घटना और जानबूझकर किए गए विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना का संज्ञान लिया जा सके तथा मामले को विस्तृत जांच के लिए लोकसभा की विशेषाधिकार समिति को भेजा जा सके ताकि प्रधानमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार कार्यवाही शुरू की जा सके। उन्होंने बिरला कहा कि वह संसद की गरिमा और उसके सदस्यों को दी गई संवैधानिक सुरक्षा को बनाए रखने के लिए तत्काल और निर्णायक कदम उठाएं ताकि इस तरह के उल्लंघनों को न दोहराया जाए।



### राष्ट्र के नाम संबोधन में कांग्रेस पर साधा 59 बार निशाना प्रधानमंत्री के रिकॉर्ड में यह स्थायी दाग बनकर रहेगा

वेणुगोपाल के पत्र को टैग करते हुए, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, मेरे वरिष्ठ सहयोगी, केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा में प्रधानमंत्री के नापाक मंसूबों के नाकाम होने के बाद राष्ट्र के नाम उनके संबोधन के लिए प्रधानमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया। एक प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संबोधन हमेशा राष्ट्रीय एकता और विश्वास निर्माण के सर्वोपरि उद्देश्य के लिए समर्पित होता है। रमेश ने कहा, इस संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने पक्षपातपूर्ण ढंग से बात की, कांग्रेस पार्टी पर 59 अलग-अलग बार नाम लेकर हमले किए। यह प्रधानमंत्री के रूप में उनके रिकॉर्ड पर एक और स्थायी दाग होगा।

### संसद में बहुमत न जुटा पाने को लेकर राष्ट्र को संबोधित करना बेहद अनैतिक

वेणुगोपाल ने कहा, मौजूदा मामले में यानी 16 व 17 अप्रैल 2026 को विपक्षी दलों के संसद सदस्य अपनी वास्तविक चिंताएं व्यक्त कर रहे थे। इसके तहत उन्होंने उक्त संविधान संशोधन विधेयक के खिलाफ संसद में अपना वोट डाला। वेणुगोपाल ने कहा, पहले देश के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय चिंता के एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर राष्ट्र को संबोधित करते रहे हैं। इसलिए, प्रधानमंत्री के ऐसे संबोधन बहुत कम होते हैं। सरकार के संसद में अपेक्षित बहुमत न जुटा पाने को लेकर विपक्षी दलों की आलोचना करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को संबोधित करना अभूतपूर्व है जो अनैतिक और सत्ता का खुला दुरुपयोग है। देश के प्रधानमंत्री का इस तरह का बयान देना सदन के विशेषाधिकार का हनन और अवमानना का गंभीर मामला है।

- वेणुगोपाल ने कहा कि इस मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया जाना चाहिए, क्योंकि एक निर्वाचित प्रतिनिधि पर अपना कर्तव्य निभाने को लेकर सवाल उठाया जाना न केवल एक व्यक्तिगत हमला है, बल्कि संसद के अधिकार और भारत के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।

### विपक्ष की शिकायत की जांच करेगा निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने कहा है कि वह विपक्ष की इस शिकायत की जांच करेगा कि प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन था। वामपंथी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर यह शिकायत की थी। विभिन्न क्षेत्रों के 700 प्रमुख लोगों ने भी चुनाव आयोग से यही शिकायत की है।

# पाकिस्तान के गैंगस्टर शहजाद भट्टी से जुड़े दो लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



विवेक बंजारा और राजवीर।

- दिल्ली में ग्रेनेड हमलों और लक्षित हत्याओं को अंजाम देने की थी साजिश

दिल्ली पुलिस ने आईएसआई के लिए काम करने वाले पाकिस्तानी गैंगस्टर शाहज़ाद भट्टी से जुड़े आपराधिक मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए उसके दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि इन गिरफ्तारियों से शाहजाद भट्टी की ओर से दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में गोलीबारी/ग्रेनेड हमले और लक्षित हत्याएं करने के लिए रची गई एक आपराधिक साजिश का खुलासा हुआ है।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपियों की पहचान मध्य प्रदेश के ग्वालियर निवासी 21 वर्षीय राजवीर और 19 साल के विवेक बंजारा के तौर पर हुई है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि खुफिया जानकारी मिली थी कि पाकिस्तान स्थित गैंगस्टर शाहजाद भट्टी और आईएसआई के अन्य एजेंट भारत के कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर, दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र और आसपास के इलाकों में ग्रेनेड हमले और लक्षित हत्याओं को अंजाम देने की आपराधिक साजिश रच रहे हैं। उन्होंने बताया कि 31 मार्च को मामला दर्ज किया गया। इसके बाद पता चला कि एक आरोपी बंजारा ग्वालियर जिले के डबरा में है, 16 अप्रैल को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एक अदालत ने उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा है। बंजारा से पूछताछ के आधार पर राजवीर को 18 अप्रैल को दिल्ली के सराय काले खां इलाके से गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि राजवीर शाहजाद भट्टी के निर्देशानुसार दिल्ली/एनसीआर क्षेत्र के किसी प्रमुख होटल पर गोलीबारी करने की फिराक में था। पुलिस ने उसके पास से एक पिस्तौल और छह कारतूस तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए जिनमें आपत्तिजनक वीडियो और वाइस नोट मिले। जांच में पता चला कि राजवीर को सोशल मीडिया पर शाहजाद भट्टी के सहयोगी राणा भाई ने भर्ती किया था और बाद में, राजवीर ने बंजारा को राणा भाई और भट्टी से मिलवाया।

## केरलः पटाखा गोदाम में आग, 13 की मौत, 40 घायल

**त्रिशूर।** केरल में त्रिशूर के समीप मुंडाथिकोड में पटाखे गोदाम में मंगलवार शाम भीषण आग लग जाने से 13 लोगों की मौत हो गई जबकि 40 लोग घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर है। केरल में प्रसिद्ध त्रिशूर पूरम के लिए गोदाम में पटाखे तैयार किए जा रहे थे। घटना के बाद धान के खेत में कई शव बिखरे पड़े दिखाई दिए। पुलिस ने बताया कि दमकल और पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन आग की लपटों के कारण घटनास्थल के पास नहीं पहुंच सके। घायलों को पास के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# कनाडा में गाजियाबाद के छात्र के हत्यारे को उम्रकैद की सजा

**गाजियाबाद/टोरंटो, एजेंसी**

- आरोपी की मानसिक विकार के कारण अपराध करने की दलील अदालत ने खारिज की


टोरंटो की एक अदालत ने भारतीय छात्र कार्तिक वासुदेव की हत्या के मामले में आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई और उसकी यह दलील खारिज कर दी कि मानसिक विकार के कारण वह आपराधिक रूप से जिम्मेदार नहीं है।

न्यायमूर्ति जेन केली की अध्यक्षता वाली टोरंटो की सुपीरियर कोर्ट ने सोमवार को रिचर्ड एडविन को सात और नौ अप्रैल 2022 को दो अजनबियों की हत्या के लिए फर्स्ट-डिग्री मर्डर (साजिश के तहत की गई हत्या) के दो मामलों में दोषी ठहराया। एडविन ने गाजियाबाद निवासी एवं सेनेका कॉलेज के 21 वर्षीय छात्र वासुदेव को गोली मारने की बात स्वीकार की लेकिन बचाव पक्ष ने दलील दी कि आरोपी मानसिक बीमारी से ग्रस्त था और सही-गलत में फर्क नहीं कर सकता था, इसलिए उसे आपराधिक रूप से जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। अदालत ने माना कि घटना के समय एडविन सिजोफ्रेनिया से पीड़ित था, लेकिन दलील खारिज करते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

अदालत के आदेश के अनुसार, वासुदेव शेरबोर्न स्टेशन से ब्लूर स्ट्रीट ईस्ट की सीढ़ियों की ओर जा रहा था, तभी एडविन उसके पास से गुजरा, फिर पीछे मुड़कर वासुदेव की पीठ पर कई गोलियां दाग दीं।

# शहीद अग्निवीर की मां की याचिका पर केंद्र ने चार महीने बाद भी नहीं दिया जवाब

**मुंबई, एजेंसी**



- बंबई हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी, भारी जुर्माना लगाने की चेतावनी
- याचिका में की गई थी सैनिकों के जैसे मरणोपरांत लाभ की मांग

बंबई हाईकोर्ट ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मारे गए एक अग्निवीर की मां की याचिका का चार महीने बाद भी जवाब न देने पर मंगलवार को केंद्र पर नाराजगी जताते हुए भारी जुर्माना लगाने की चेतावनी दी। अग्निवीर की मां ने अग्निवीरों के लिए भी सैनिकों के समान मरणोपरांत लाभ देने की मांग की थी।

न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति हितेन वेनेगांवकर की पीठ ने केंद्र को अग्निवीर मुरली नाइक की मां की याचिका के जवाब में अपना हलफनामा दाखिल करने के लिए 6 मई तक का समय दिया। नाइक पिछले साल मई में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जम्मू कश्मीर में सीमा पार से हुई गोलाबारी में मारे गए थे। अदालत ने कहा कि केंद्र को पिछले साल दिसंबर और फिर जनवरी में नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन आज तक जवाब दाखिल नहीं किया गया है। न्यायमूर्ति घुगे ने चेतावनी दी, यह याचिका पिछले साल से लंबित है। याचिका में उठाए गए मुद्दों पर याचिकाकर्ता ने पिछले साल जुलाई में सरकार को लिखे एक पत्र में भी बात की है। अगर अगली तारीख तक जवाबी हलफनामा दाखिल नहीं किया गया, तो हम भारी जुर्माना लगाएंगे।

अदालत ने कहा कि अब और कोई स्थगन नहीं लगाया जाएगा। अदालत ने महाराष्ट्र सरकार को अपना हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई 18 जून को करना तय किया। मुरली नाइक की मां ज्योतिबाई नाइक ने अपनी याचिका में कहा कि केंद्र की अग्निपथ योजना अग्निवीरों और नियमित सैनिकों के बीच मनमाना फर्क पैदा करती है। उन्होंने परिवार को मरणोपरांत मिलने वाले पूरे लाभ नहीं दिए जाने में भेदभाव का आरोप लगाया।

## मेक्सिको में गोलीबारी, कनाडाई नागरिक की मौत

- हमलावरों ने पर्यटकों को बनाया निशाना, कई देशों के पर्यटक घायल

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राजधानी के उत्तर में स्थित ऐतिहासिक टियोटिहुआकन पिरामिडों में से एक के ऊपर खड़े एक हथियारबंद व्यक्ति ने पर्यटकों पर गोलियां चलाईं, जिसमें एक कनाडाई नागरिक की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हमलावर ने बाद में खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सुरक्षा अधिकारियों को घटनास्थल से एक बंदूक, एक चाकू और गोला-बारूद मिला है। इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराए गए लोगों में छह अमेरिकी, तीन कोलंबियाई, एक रूसी, दो ब्राज़ीलियाई और एक कनाडाई नागरिक शामिल है। वीडियो और तस्वीरों में एक व्यक्ति पिरामिड पर बंदूक लिए खड़ा दिख रहा है, लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भाग रहे हैं।

## पाकिस्तान को सऊदी अरब से मिले एक अरब डॉलर

**कराची।** पाकिस्तान को सऊदी अरब से एक अरब डॉलर की दूसरी एवं अंतिम किस्त प्राप्त हुई है। यह तीन अरब डॉलर के सहायता पैकेज का हिस्सा है जिसका उद्देश्य उसके विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाना है। सऊदी अरब ने पिछले सप्ताह पाकिस्तान के लिए तीन अरब डॉलर जमा करने का भरोसा दिलाया था और अपनी मौजूदा पांच अरब डॉलर की सुविधा को तीन वर्ष के लिए बढ़ा दिया था। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि की और लिखा कि उसे सऊदी अरब से दूसरी किस्त प्राप्त हो गई है।

## क्रूर हमले की यादें




जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले की मंगलवार को पहली बरसी पर यादें फिर ताजा हो गईं। मुंबई में एक कलाकार ने इस हमले में मारे गए लोगों को चित्र बनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पाकिस्तान ने भारतीय विमानन कंपनियों पर हवाई प्रतिबंध बढ़ाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अपने हवाई क्षेत्र में भारतीय विमानों पर लगाए गए प्रतिबंध को एक महीने के लिए और बढ़ा दिया। पाकिस्तान ने 24 अप्रैल 2025 से भारतीय उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद रखा है, जिससे भारतीय विमानन कंपनियों को अरबों का नुकसान हुआ है। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण ने नोटिस टू एयरमेन (नोटम) में कहा है कि सभी भारतीय-पंजीकृत, पट्टे पर लिए गए, वाणिज्यिक और सैन्य विमानों को 24 मई 2026 को सुबह पांच बजे तक पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।

# मैंडलसन को दबाव में बनाया गया था अमेरिका में राजदूत

**लंदन, एजेंसी**



- ब्रिटेन के पूर्व अधिकारी के बयान से एप्स्टीन मामले में फिर घिरे स्टार्मर

पीटर मैंडलसन को अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लेने वाले एक पूर्व अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा चिंताओं को जताने के बावजूद उन पर मैंडलसन की नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र पूरी करने का राजनीतिक दबाव बनाया गया। हालांकि ये चिंताएं यौन अपराधी जेफरी एप्स्टीन के साथ मैंडलसन के संबंधों से अलग थीं।

विदेश कार्यालय के पूर्व प्रमुख ऑली रॉबिन्स ने सांसदों की ओर से पूछे जाने पर उन्होंने यह बताने से इन्कार कर दिया कि सरकारी जांच एजेंसी ने मैंडलसन को संभावित सुरक्षा जोखिम के रूप में क्यों चिह्नित किया। रॉबिन्स ने कहा कि जांच एजेंसी ने मैंडलसन को संदिग्ध मामला माना और उसका मत उन्हें सुरक्षा मंजूरी देने के खिलाफ सिफारिश करने का था। विदेश कार्यालय ने फिर भी उन्हें मंजूरी देने का फैसला किया। इस फैसले को लेकर प्रधानमंत्री केयर स्टार्मर ने पिछले हफ्ते रॉबिन्स को बर्खास्त कर दिया। स्टार्मर को इस नियुक्ति को लेकर अपने फैसले पर सवालों का सामना करना पड़ रहा है और उनसे इस्तीफे की मांग भी की जा रही है। रॉबिन्स ने मंगलवार को हाउस ऑफ कॉमन्स की विदेश मामलों की समिति को बताया कि स्टार्मर कार्यालय से दबाव का माहौल बनाया जा रहा था। उनसे बहुत प्रबल अपेक्षा की गई थी कि मैंडलसन को जल्द पदभार ग्रहण करके अमेरिका में होना चाहिए।

## परमाणु हथियारों की होड़ कर रहे हैं ब्रिटेन और फ्रांसः रूस

**मास्को।** रूस ने कहा है कि ब्रिटेन और फ्रांस अपनी परमाणु क्षमता में वृद्धि करके परमाणु हथियारों की होड़ को आगे बढ़ा रहे हैं जो परमाणु अप्रसार संधि के लक्ष्यों के अनुरूप नहीं है। रूस ने इसे क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए अतिरिक्त रणनीतिक जोखिम करार दिया है।

रूस के उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर ग्रुशको ने एक साक्षात्कार में कहा कि फ्रांस के नए सैद्धांतिक दृष्टिकोण कई मायनों में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका की विस्तारित परमाणु निवारण नीति की याद दिलाते हैं और वे खुले तौर पर नाटो के संयुक्त परमाणु मिशनों में सहायक बनने की योजनाओं को भी उजागर करते हैं। ग्रुशको ने कहा, ऐसे कदम नाटो के सदस्य देशों की उकसाने वाली सैन्य-परमाणु गतिविधियों के सामान्य पैटर्न के अनुरूप हैं।

## इराक-सीरिया सीमा मार्ग एक दशक के बाद फिर खुला

**बगदाद।** इराक और सीरिया के बीच एक अहम सीमा पार मार्ग एक दशक से अधिक समय तक बंद रहने के बाद पुनः खोल दिया गया, जिसके बाद क्षेत्रीय व्यापार और तेल निर्यात को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

सीरिया ने इस मार्ग को तेल निर्यात के लिए सुरक्षित जमीनी विकल्प के रूप में पेश किया है, खासकर ऐसे समय में जब होर्मुज जलडमरूमध्य पर अनिश्चितता बनी हुई है। इराक में राबिया और सीरिया में यारुबियाह के नाम से जाना जाने वाला यह मार्ग 2011 में सीरियाई गृहयुद्ध शुरू होने के बाद बंद कर दिया गया था। बाद में 2014 में इस क्षेत्र पर इस्लामिक स्टेट के लड़ाकों ने कब्जा कर लिया, जिसे इराकी कुर्द बलों ने फिर से अपने नियंत्रण में ले लिया।

**खतरे की घंटी** | देश के हथियार उद्योग को मजबूत करने और रक्षा साझीदारों से सहयोग मजबूत करने की इच्छा जताई

# जापान ने शांतिवादी रुख छोड़ा, हथियारों का निर्यात करेगा

**टोक्यो, एजेंसी**



जापान ने मंगलवार को घातक हथियारों के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटाने को मंजूरी देते हुए साफ किया कि देश हथियार उद्योग को मजबूत करने के साथ अपने रक्षा भागीदारों के साथ सहयोग को गहरा करना चाहता है। जापान के इस फैसले को उसकी युद्धोत्तर शांतिवादी नीति में बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

प्रधानमंत्री साने ताकाइची के मंत्रिमंडल की ओर से नए दिशा-निर्देशों को मंजूरी मिलने के साथ ही जापान के युद्धोत्तर हथियार निर्यात के रास्ते में मौजूद अंतिम बाधाएं भी दूर हो गई हैं। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब क्षेत्र में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों के बीच देश अपनी सैन्य क्षमता को तेजी से मजबूत करने में जुटा है। जहां इस नीति बदलाव की चीन ने आलोचना की है, वहीं ऑस्ट्रेलिया जैसे जापान के रक्षा सहयोगी देशों ने इसका स्वागत किया है, और दक्षिण-पूर्व एशिया तथा यूरोप के देशों में भी इसके प्रति रुचि देखी जा रही है। विरोधियों का कहना है कि यह बदलाव जापान के शांतिवादी संविधान की भावना के खिलाफ है और इससे वैश्विक तनाव बढ़ सकता है, साथ ही जापानी नागरिकों की सुरक्षा पर भी खतरा हो सकता है। मुख्य कैबिनेट सचिव मिनोरु किहारा ने कहा, तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य के बीच नई नीति जापान की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

### दूसरे विश्वयुद्ध के बाद बना था शांतिवादी संविधान

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बने अपने शांतिवादी संविधान के तहत जापान लंबे समय तक अधिकांश हथियारों के निर्यात पर रोक लगाए रहा। हालांकि, हाल के वर्षों में वैश्विक और क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के कारण इसमें कुछ ढील दी गई, लेकिन निर्यात को बचाव, परिवहन, सतर्कता, निगरानी और बारूदी सुरंग हटाने के केवल पांच क्षेत्रों तक सीमित रखा गया था। नए दिशा-निर्देश इन सीमाओं को समाप्त करते हैं और लड़ाकू विमान, मिसाइल और विध्वंसक जैसे उपकरणों के निर्यात को अनुमति देते हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज हर बात पर तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें। किसी भी स्थिति को समझकर निर्णय लें। जल्दबाजी से नुकसान हो सकता है।

**तुला** – आज बदलाव आपके लिए अच्छा साबित होगा। आपको नया सीखने का मौका मिलेगा। पुराने तरीका छोड़कर नया अपनाना फायदेमंद रहेगा।

**वृष** – आज सही प्लानिंग करने पर आगे चलकर लाभ मिलेगा। आपका ध्यान धन और स्थिरता पर रहेगा। निवेश सोच-समझकर करें।

**वृश्चिक** – आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। किसी स्थिति में अचानक बदलाव आ सकता है। धैर्य बनाए रखें और जल्दबाजी से बचें।

**मिथुन** – आज आप एक्टिव और निर्णायक रहेंगे। फोकस बनाए रखना जरूरी है। सही दिशा में प्रयास करेंगे, तो अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**धनु** – आज रिश्तों और सहयोग पर ध्यान देना होगा। किसी के साथ मिलकर काम करने से बेहतर परिणाम मिलेंगे। बातचीत में स्पष्टता रखें।

**कर्क** – आज शांत रहकर काम करना बेहतर रहेगा। हर बात में शामिल होने की जरूरत नहीं है। अपनी ऊर्जा सही जगह इस्तेमाल करें।

**मकर** – आज काम का दबाव रहेगा। आपको लगातार व्यस्त रहना पड़ेगा। सही प्राथमिकता तय करेंगे तो दिन आपके पक्ष में जाएगा।

**सिंह** – आज नया अवसर मिल सकता है। नेटवर्क मजबूत करने का दिन है। लोगों से जुड़कर काम करने का फायदा मिलेगा।

**कुंभ** – आज रचनात्मक सोच आपके काम आएगी। कुछ अलग करने का मन करेगा। अपने तरीके से काम करें।

**कन्या** – आज काम को लेकर गंभीरता रखें। कोई जिम्मेदारी आपके ऊपर आ सकती है, उसे टालने के बजाय पूरा करना ही बेहतर रहेगा।

**मीन** – आज किसी बात को सुलझाने का समय है। बाहर से ज्यादा अंदर की स्थिति पर फोकस करें। निजी मामलों पर ध्यान दें।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति:** 22 अप्रैल, बुधवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, षष्ठी 22.49 तक तत्पश्चात सप्तमी।
**दिशाशूल**-उत्तर, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-आर्द्रा 22.13 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

### सुडोकू - 126 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 1 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 7 |
| 1 | 4 | 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 |
| 7 | 2 | 5 | 3 | 9 | 1 | 4 | 6 | 8 |
| 6 | 9 | 8 | 2 | 7 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 8 | 5 | 2 | 4 | 1 | 3 | 9 | 7 | 6 |
| 9 | 7 | 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 7 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 |

### सुडोकू -127

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | 4 | | 5 | | |
| | 5 | | | 6 | 1 | | | |
| | | 9 | | | 3 | | | |
| | 6 | 3 | | 7 | | 2 | | |
| | 8 | | 3 | | 9 | | 4 | |
| | | 2 | | | 6 | 8 | 9 | |
| | | | 8 | | | 3 | | |
| 4 | | | 2 | 3 | | | | |
| | | 5 | | 9 | | 1 | | |



“ ‘ ‘गुजरात टाइटंस के खिलाफ लगाया गया शतक टीम और मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। पिछले चार-पांच मैचों से मेरे दिमाग में लगातार एक ही बात चल रही थी कि मैंने क्रीज पर ज्यादा समय नहीं बिताया है। मेरा लक्ष्य विकेट पर समय बिताना था।’ ’

–तिलक वर्मा, मुंबई इंडियंस


# स्टेडियम

हल्द्वानी, बुधवार, 22 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## IPL 2026

### आज के मुकाबले

लखनऊ सुपर जॉयंट्स
बनाम
राजस्थान रॉयल्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप





- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–283 रन
- शुभमन गिल गुजरात–251 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु–247 रन

### पर्पल कैप





- अंशुल कंबोज चेन्नई – 13 विकेट
- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात – 11 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ– 11 विकेट

# लखनऊ सुपर जॉयंट्स के टॉप आर्डर को जोफ्रा आर्चर से रहना होगा सावधान

**लखनऊ, एजेंसी।**

आईपीएल 2026 में हार की हैट्रिक लगा चुकी लखनऊ सुपर जॉयंट्स (एलएसजी) अपने घर में बुधवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का सामना करेगी। लगातार चार जीत के साथ शानदार शुरुआत करने वाली आरआर ने भी पिछले दो मैचों में लगातार हार झेली है। हालांकि, इसके बावजूद आरआर की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है, लेकिन एलएसजी नौवें स्थान पर है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए छह में से चार मैच आरआर ने जीते हैं। इकाना स्टेडियम में दोनों टीमों की अब तक एक ही भिड़ंत हुई है जिसमें आरआर ने आसानी से जीत दर्ज की थी।

आईपीएल 2025 से अब तक एलएसजी ने अपने घर में नौ में से सात मैच गंवाए हैं तो आगामी मैच से पहले उनके ऊपर भारी दबाव होगा। एलएसजी के टॉप ऑर्डर की परीक्षा लेंगे आर्चर इस सीज़न लगातार तीन मैच हो चुके हैं जिनमें जोफ्रा आर्चर ने पहली गेंदों पर ही विकेट निकाले हैं। अब उनका सामना एलएसजी के उस टॉप ऑर्डर से होगा जो इस सीजन काफ़ी संघर्ष करती दिख रही है। इस सीजन पावरप्ले में आर्चर ने छह पारियों में 8.6 की इकॉनमी के साथ छह विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक-रेट 11 का रहा है। एलएसजी का टॉप आर्डर इस सीजन काफ़ी ख़राब फ़ॉर्म में दिख रहा है। मिचेल मार्श ने इस सीज़न 134 और ऋषभ पंत ने 136 की स्ट्राइक-रेट से रन बनाए हैं। मार्श ने छह पारियों में 155 रन बनाए हैं और अब तक एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके हैं। पंत ने एक अर्धशतक तो लगाया है, लेकिन इस सीजन अब तक केवल 147 रन ही बना पाए हैं। एडन मारक्रम टीम के सबसे अच्छे बल्लेबाज़ नजर आए हैं जिन्होंने छह पारियों में 160 की स्ट्राइक-रेट से 162 रन बनाए हैं। क्या आरआर के ओपनर्स को परेशान करेंगे प्रिंस? आरआर के ओपनर बल्लेबाज़ों ने इस सीजन धमाकेदार प्रदर्शन किया है और ख़ास तौर से पावरप्ले में उन्होंने काफ़ी तेज़ी से रन बनाए हैं। अब उनका सामना प्रिंस यादव से होगा जो इस सीजन शानदार गेंदबाज़ी कर रहे हैं।

### मैच में चप्पे-चप्पे पर होगी निगरानी

**अमृत विचार, लखनऊ:** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच आईपीएल मैच को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पूरे स्टेडियम परिसर को तीन सुपर जोन, छह जोन और 16 सेक्टर में विभाजित कर हर स्तर पर निगरानी सुनिश्चित की गई है। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के जरिए संदिग्ध गतिविधियों, अराजकतत्वों और टिकट ब्लैक करने वालों पर नजर रखी जाएगी। कंट्रोल रूम से अधिकारी लगातार सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था की मॉनिटरिंग करेंगे। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून–व्यवस्था बबलू कुमार के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था में एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (एटीएस), एंटी माइन टीम, बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वायड, अर्धसैनिक बल और पुलिस मिलाकर 2000 से अधिक जवान तैनात किए गए हैं। इसके तहत तीन पुलिस उपायुक्त, छह अपर पुलिस उपायुक्त, 16 सहायक पुलिस आयुक्त, 35 इंस्पेक्टर, 254 दरोगा और 465 सिपाही ड्यूटी पर रहेंगे।



अभ्यास के दौरान एक दुसरे से मिलते एलएसजी व राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी।

# अभिषेक का शतक, हैदराबाद ने बनाए 242 रन

## टी 20 में सर्वाधिक शतक बनाने में रन मशीन विराट कोहली की बराबरी पर आ गए हैं अभिषेक शर्मा




**हैदराबाद, एजेंसी।**

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के 10 चौकों और 10 छक्कों से सजे नाबाद 135 रन की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में मंगलवार को दो विकेट पर 242 रन का विशाल स्कोर बना लिया। अभिषेक ने मात्र 68 गेंदों में अपनी नाबाद शतकीय पारी खेली। यह उनका आईपीएल में दूसरा शतक और ओवरआल टी 20 में नौवां शतक है, जिसके साथ ही वह टी 20 में सर्वाधिक शतक बनाने में रन मशीन विराट कोहली की बराबरी पर आ गए हैं।

यह आईपीएल इतिहास में पांचवां सर्वाधिक स्कोर भी है। एसआरएच ने अपने मैदान पर पूरी तरह तबाही मचा दी और दर्शकों को सच में अपने पैसे वसूल हो गए।

अभिषेक शर्मा ने एकदम सही समय पर धमाकेदार शुरुआत की और अपना दूसरा आईपीएल शतक पूरा किया। 135 रन बनाकर नाबाद रहे-जो टूर्नामेंट में उनका दूसरा सबसे बड़ा स्कोर था-उन्होंने पूरी पारी में बल्ला चलाते हुए 10 लंबे छक्के मारे। हालांकि हेड और क्लासेन ने बहुत अच्छा साथ दिया, लेकिन अभिषेक की पारी शानदार थी। 49 रन पर उन्हें एक लाइफलाइन मिली जब राहुल ने एक आसान रन-आउट का मौका गंवा दिया। उन्हें 87 रन के स्कोर पर नीतीश राणा ने भी बॉउंड्री पर जीवनदान दिया। इन दो मौकों को छोड़कर उनकी पारी पूरी तरह बेदाग़ रही। ट्रेविस हेड 26 गेंदों पर 37 रन में दो चौके और दो छक्के मारे। क्लासेन ने मात्र 13 गेंदों पर नाबाद 37 रन में तीन चौके और तीन छक्के मारे। कप्तान ईशान किशन ने 13 गेंदों पर 25 रन में दो चौके और एक छक्का लगाया।

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 6 | 5 | 0 | 1 | 11 | 1.420 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 0.599 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.566 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.310 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | –0.821 |
| 7. | मुंबई इंडियंस | 6 | 2 | 4 | 0 | 2 | 0.067 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | –0.780 |
| 9. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | –1.173 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | –0.879 |

### ऑरेंज आर्मी के सामने परफॉर्म करना स्पेशल : शर्मा

आईपीएल मुकाबले में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नाबाद 135 रन बनाने वाले अभिषेक शर्मा ने कहा कि ऑरेंज आर्मी के सामने परफॉर्म करना हमेशा स्पेशल होता है। अभिषेक ने शतकीय पारी खेलने के बाद कहा कि पिछले साल के शतक की तुलना इस साल के शतक से कर सकते हैं। हर कोई जानता है कि इस ग्राउंड के लिए मेरा प्यार बेमिसाल है। लेकिन हाँ, जिस तरह से उन्होंने डेथ ओवर्स में बॉलिंग की, मुझे लगा कि वे असल में अपने प्लान पर काम कर रहे थे और बस, मुझे लगता है कि मैंने डेथ बैटिंग की ठीक से प्रैक्टिस नहीं की है। यही सिचुएशन थी। लेकिन जिस तरह से क्लासी ने इनिंग्स खत्म की, मुझे लगता है कि इससे वहां के टोटल में सच में मदद मिली।

### सनराइजर्स हैदराबाद

**254/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा नाबाद | 135 |
| ट्रेविस हेड का रिजवी बो अक्षर | 37 |
| इशान किशन रन आउट | 25 |
| हेनरिच क्लासेन नाबाद | 37 |

**अतिरिक्त** : 08, **कुल योग**: 20 ओवर में दो विकेट पर : 242 रन **विकेट पतन**: 1–97, 2–176

**गेंदबाजी** मुकेश 4–0–53–0

राणा 4–0–55–0

एनगिडी 4–0–41–0

अक्षर 2–0–23–1

कुलदीप 2–0–30–0

नटराजन 4–0–40–0

# तिलक काफी प्रतिभावान बल्लेबाज : हार्दिक पंड्या

**अहमदाबाद, एजेंसी।**

सोमवार को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस (जीटी) पर मिली जीत को मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पंड्या ने “टीम के लिए बहुत जरूरी” बताया। हार्दिक ने गेंद से जॉस बटलर को आउट किया और इससे पहले तिलक वर्मा के साथ 81 रनों की साझेदारी भी की। इससे आईपीएल 2026 में उनके लगातार चार हार का सिलसिला भी टूट गया। तिलक इस मैच के सबसे बड़े सितारे रहे। उनकी 45 गेंदों में नाबाद 101 रन की पारी ने एमआई को आख़िरी चार ओवरों में 73 रन बनाने में मदद की और उन्होंने जीटी के सामने 200 रन का लक्ष्य रखा। यह तिलक का पहला आईपीएल शतक था, जिसमें आठ चौके और सात छक्के शामिल थे। हार्दिक ने मैच के बाद ब्रॉडकास्ट पर बात करते हुए कहा कि तिलक के पास जितनी प्रतिभा है, उन्हें ज़्यादा चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। मैं उन्हें बस यही कहता रहा कि गेंद को देखो और मारो। क्योंकि मुझे सच में लगता है कि उनके बल्ले से गेंद जिस तरह निकलती है, वह बहुत ख़ास है। समय आ गया था कि वह आकर प्रदर्शन करें। मुझे लगता है कि मैं डगआउट में इतना ज़ोर से चिल्लाया कि मुझे थोड़ा चक्कर आ गया। लेकिन यह टीम के लिए जरूरी था, तिलक के लिए जरूरी था, मुंबई इंडियंस के लिए जरूरी था।



एक कप्तान के तौर पर भी मुझे उस तरह की ऊर्जा चाहिए थी ताकि चीज़ें बदली जा सकें।

### नरवाल को स्वर्ण, चिराग को कांस्य पदक

**काहिरा, एजेंसी।** भारत के शीर्ष निशानेबाज शिवा नरवाल ने लंबे अंतराल के बाद अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार वापसी करते हुए आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप (राइफल, पिस्टल, शॉटगन) की पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। चिराग शर्मा ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता के पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में पनाह भुगरा ने रजत पदक जीतकर देश के पदकों की संख्या तीन कर दी। नरवाल ने पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 241.8 अंक के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चिराग ने 218.9 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता, जबकि एक अन्य भारतीय निशानेबाज अभिनव देशवाल 136.7 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहे। पनाह भुगरा ने महिला 10 मीटर एयर राइफल में क्वालीफिकेशन में 629.4 अंक हासिल कर फाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने लगातार स्थिर प्रदर्शन करते हुए 250.6 अंकों के साथ रजत पदक जीता।

## हाईलाइट

### आयुष म्हात्रे आईपीएल से बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं, जो पांच बार की चैंपियन टीम के लिए करारा झटका है। म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सीएसके के पिछले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे और उन्हें छह से 12 सप्ताह तक ‘रिहैबिलिटेशन’ से गुजरना पड़ेगा। सीएसके ने सोशल मीडिया पर कहा कि आयुष म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान बल्लेबाजी करते समय बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आने के कारण आईपीएल 2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं।

### हेडन ने गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाजों को लताड़ा

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाजी कोच मैथ्यू हेडन ने आईपीएल में मुंबई इंडियंस के हाथों मिली 99 रन की हार के लिए अपने खिलाड़ियों की कड़ी आलोचना करते हुए इसके लिए अपने बल्लेबाजों के ‘भयावह प्रदर्शन’ और डेथ ओवरों में खराब गेंदबाजी को जिम्मेदार ठहराया। इस मैच में मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी लेकिन उसने अंतिम चार ओवर में 73 रन बनाकर पांच विकेट पर 199 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में गुजरात टाइटन्स की टीम 100 रन पर ढेर हो गई, जिसमें वाशिंगटन सुंदर के 26 रन सर्वोच्च स्कोर रहा।

### हॉकी इंडिया के महासचिव अवमानना के दोषी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह को जानबूझकर उसके आदेश की अवहेलना करने के लिए अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया है। न्यायमूर्ति पुरुषेन्द्र कुमार कौरव ने कहा कि वह चार मई को सजा के मुद्दे पर सुनवाई करेंगे, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने भोलानाथ सिंह को ‘उचित समझे जाने वाले उपाय’ करके अवमानना को ‘सुधारने’ की स्वतंत्रता दी। कोर्ट ने हॉकी इंडिया की निर्वाचित उपाध्यक्ष सईद असीमा अली द्वारा दायर अवमानना से संबंधित याचिका पर 20 अप्रैल को फैसला सुनाया।

# भारतीय पहलवानों को मिला विदेशी कोच का पूरा पैनल

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

एशियाई खेलों और 2028 ओलंपिक की तैयारी को ध्यान में रखते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने मंगलवार को बड़ा कदम उठाते हुए तीन विदेशी कोच और एक ‘हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर’ की नियुक्ति की है।

यह फैसला कई वर्षों बाद विदेशी विशेषज्ञों की वापसी के रूप में देखा जा रहा है। जॉर्जिया के एमजारियोस शाको बेंटिनिडिस (फ्रीस्टाइल), रूस के गोर्गी कोगुआशविली (ग्रीको-रोमन) और जापान के कोसेई अकाइशी (महिला कुश्ती) को कोच नियुक्त किया गया है। वहीं अमेरिका के आयन बटलर को एचपीडी नियुक्त किया गया है। ये सभी एक मई से राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों से जुड़ेंगे और उन्हें लगभग 7,000 डॉलर मासिक वेतन दिया जाएगा।

इन नियुक्तियों पर भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और कई भारतीय कोच के साथ हुई ऑनलाइन बैठक में अंतिम मुहर लगी। एचपीडी आयन बटलर लखनऊ और दिल्ली स्थित पुरुष एवं महिला शिविरों के बीच समन्वय स्थापित करेंगे, ताकि विदेशी और भारतीय कोच के बीच बेहतर तालमेल बन सके। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि यह निर्णय एशियाई खेलों की तैयारी को तेज करने के लिए लिया गया है।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की नजरें स्मृति व दीप्ति पर

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी।**

भारतीय महिला टीम बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत की राह पर लौटकर श्रृंखला में अपनी दावेदारी बरकरार रखना चाहेगी। इसके लिए उसे स्मृति मंधाना व ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम पांच मैच की श्रृंखला में 2-0 से आगे है। तीसरे मैच को जीतकर श्रृंखला में विजयी बढ़त बनाना चाहेगी।

टीम की सबसे प्रभावशाली बल्लेबाज स्मृति शुरुआती दो मैच में 13 और 12 रन ही बना पाई हैं। भारतीय टीम इन मुकाबलों में 157 और 147 रन ही बना सकी जिन्हें मेजबान टीम ने आसानी से जीत लिया। टीम के लिए दीप्ति की फॉर्म अधिक चिंता का विषय है। पहले मैच में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने नाबाद एक रन बनाया जबकि दूसरे मैच में छठे नंबर पर खेलते हुए भी एक रन बनाकर आउट हुईं।

दोनों ही मैच में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। भारतीय पारी काफी हद तक स्मृति की तेजतर्रार शुरुआत पर निर्भर करती है और बाएं हाथ की यह बल्लेबाज पहले दो मैच के खराब प्रदर्शन की भरपाई करना चाहेंगी।

**तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच**




### महिला टी20 में भारतीय खिलाड़ियों के रैंकिंग में उछाल

**दुबई, एजेंसी।** भारत की ओपनर शेफाली वर्मा डरबन में दूसरे टी20 में 38 बॉल में 57 रन बनाने के बाद आईसीसी महिला टी20 बैटिंग रैंकिंग में दो स्लॉट ऊपर चढ़कर छठे नंबर पर आ गई हैं। ओपनर ने दो छक्के और चार चौके मारे, लेकिन यह उनकी टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था क्योंकि दक्षिण अफ्रीका ने मैच आठ विकेट से जीत लिया। मेजबान टीम वीकेंड की शुरुआत में छह विकेट से मिली जीत के बाद पांच मैचों की सीरीज़ में 2–0 से आगे है, इस हफ्ते मैच डरबन से जोहान्सबर्ग शिफ्ट हो रहे हैं। वर्मा की तरक्की से वेस्टइंडीज की कैप्टन हेली मैथ्यूज एक स्लॉट ऊपर चढ़कर तीसरे नंबर पर आ गई हैं। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पहले मैच में 33 बॉल में नाबाद 47 रन बनाए थे, जिससे उन्हें दो स्लॉट ऊपर चढ़कर जॉइंट 11वें नंबर पर जगह मिली है। दक्षिण अफ्रीका की कैप्टन लॉरा वोल्वार्ट अब तक सीरीज़ में सबसे ज़्यादा 105 रन बना चुकी हैं, उन्होंने पहले दो मैचों में 51 और 54 रन बनाए थे। वह बैट्समैन में पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं। लिस्ट में दूसरी रैंकिंग में एनेरी डर्कसेन और सुने लुस शामिल हैं।

**लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स**

**लगातार दूसरे साल मैड्रिड में हुई यह सेरेमनी**

# अल्काराज़ और सबालेंका को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

**मैड्रिड, एजेंसी**

स्पेनिश टेनिस प्लेयर कार्लोस अल्काराज को सोमवार रात 2026 लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स में वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर चुना गया। अल्काराज ने साइकिलिस्ट तादेज पोगाकर, जिन्होंने 2025 में अपना चौथा टूर डी फ्रांस जीता था, और कई दूसरी रेस जीती थीं, और अपने मुख्य टेनिस राइवल, जानिक सिनर जैसे कैंडिडेट्स को हराया।

टेनिस को एक और कामयाबी तब मिली जब आर्यना सबालेंका को वर्ल्ड स्पोर्ट्सवुमन ऑफ़ द ईयर चुना गया। उन्होंने कहा कि इस समय स्पोर्ट्स में बहुत सारी मजबूत, महान और इंस्पायरिंग महिलाएं हैं। उन्होंने एक ऐसे कमरे में शुक्रिया अदा किया जहां “बहुत सारे स्टार्स” थे।

यह सेरेमनी लगातार दूसरे साल मैड्रिड में हुई, जिसमें टेनिस प्लेयर नोवाक जोकोविच और चीनी फ्रीस्टाइल स्कीयर गु ऐलिंग प्रेजेंटिंग ड्यूटी पर थे। गु ने अपनी नई भूमिका की तुलना स्कीइंग से करते हुए कहा कि दोनों से उनके पेट में “तितलियाँ” दौड़ जाती हैं। एफसी बार्सिलोना के स्पेन इंटरनेशनल खिलाड़ी लैमिन यामल को वर्ल्ड यंग स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ़ द ईयर चुना गया, गु ने अपनी जीत का एक कारण यह बताया कि उनका “पूरी पीढ़ी पर” असर पड़ा है। एक और फुटबॉल जीत हुई जब यूरोपियन चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन को लॉरियस वर्ल्ड टीम ऑफ़ द ईयर का अवॉर्ड मिला, जिसमें उन्होंने इंग्लैंड महिला फुटबॉल टीम और भारत महिला क्रिकेट टीम जैसे अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराया। वर्ल्ड कमबैक ऑफ़ द ईयर का अवॉर्ड मौजूदा यूएस मास्टर्स गोल्फ चैंपियन रोरी मैक्लरॉय को मिला, जिन्होंने यूरोप को यूनाइटेड स्टेट्स में राइडर कप जीतने में भी मदद की थी। मैक्लरॉय ने कहा, “मैं कई बार बाल-बाल बचा, लेकिन इससे मुझे और मेहनत करना और कभी हार न मानना सिखाया और पिछले साल ऑगस्टा में इसका इनाम मिला।”




उन्होंने दो हफ़्ते से भी कम समय पहले अपना मास्टर्स टाइटल बरकरार रखा था। फ़ॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियन लैंडो नोरिस वर्ल्ड ब्रेकथ्रू ऑफ़ द ईयर के विनर रहे, इस कैटेगरी में चीन के यू ज़िदी भी नॉमिनीज़ में से एक थे। वर्ल्ड स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ़ द ईयर विद अ डिसेबिलिटी ब्राज़ील के पैरालंपिक स्विमर गैब्रियल अराउजो बने, जबकि क्लोई किम को 2019 और 2020 में लगातार जीत के बाद तीसरी बार वर्ल्ड एक्शन स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ़ द ईयर चुना गया। स्पोर्टिंग इंस्पिरेशन अवॉर्ड रियल मैड्रिड और बायर्न म्यूनिख के पूर्व मिडफील्डर टोनी क्रूस के लिए था, जिनकी एक एकेडमी है और वे अपने देश जर्मनी में बीमार बच्चों के साथ काम करते हैं। उन्होंने अपनी एक्सेप्टेंस स्पीच में कहा, “अगर हम सब एक हो जाएं और मिलकर काम करें, तो हम सब एक बड़ा कदम आगे बढ़ा सकते हैं।” जबकि फ़ुटबॉल मास प्रोजेक्ट को स्पोर्ट फ़ॉर गुड अवॉर्ड मिला।

# सूर्यकुमार यादव स्केचर्स क्रिकेट टीम में हुए शामिल

**मुंबई, एजेंसी।**

स्केचर्स, द कम्फर्ट टेक्नोलॉजी कंपनी, सूर्यकुमार यादव को साइन करके अपने क्रिकेट सफर को तेज कर रही है-जो इंडियन क्रिकेट टीम के सबसे काबिल और असरदार बैट्समैन में से एक हैं और हाल ही में 2026 टी 20 वर्ल्ड कप चैंपियन बने हैं। अपनी कंसिस्टेंसी, शांत और मैच जिताने वाले परफॉर्मेंस के लिए मशहूर, सूर्यकुमार यादव अब स्केचर्स क्रिकेट फुटवियर में खेल रहे हैं और क्रिकेट और दूसरे परफॉर्मेंस फुटवियर कलेक्शन को सपोर्ट करने वाले ब्रांड के मार्केटिंग कैंपेन में शामिल होंगे।

इस एसोसिएशन पर बात करते हुए, टीम इंडिया के टी20 वर्ल्ड कप कैप्टन, सूर्यकुमार यादव ने कहा कि क्रिकेट के सबसे ऊंचे लेवल पर, आराम आपको फोकस्ड और कंसिस्टेंट रहने में मदद करने में अहम रोल निभाता है। आराम को परफॉर्मेंस के साथ जोड़ने का स्केचर्स का तरीका सच में सबसे अलग है और इसी वजह से यह ब्रांड मेरे लिए एकदम सही है। चाहे मैच का दिन हो या ट्रेनिंग, उनके जूते खेल की ज़रूरतों को पूरा करते हैं, और मैं स्केचर्स परिवार का हिस्सा बनकर उत्साहित हूं। मुंबई में जन्मे, सूर्यकुमार यादव ने 35 साल की उम्र में खुद को एक डाइनैमिक राइट-हैंडेड टी20 बैट्समैन के तौर पर स्थापित किया है।